खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

तापमान — अधिकतम :39°C, न्यूनतम: 25°C

सेंसेक्स — 82,445.21 · निफ्टी — 25,103.20

सोना — 98,600 · चांदी — 1,08,000

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

बरेली, मंगलवार 10 जून 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 195 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 13 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**अमेरिका में 12 देशों के नागरिकों की एंट्री बैन**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**स्पेन के कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन चैंपियन बने**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# मोदी के 11 साल के राज में बदली देश की तस्वीर

## शाह , राजनाथ और नड्डा ने कहा: 'ऐसा ही हुआ'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने 140 करोड़ लोगों की सामूहिक भागीदारी से सुशासन के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है, जिससे तेजी से प्रगति हुई है और 'जीवन में सुगमता' आई है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में राजग सरकार के केन्द्र की सत्ता में आने के बाद श्री मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किए हैं। श्री मोदी ने कहा है कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, सरकार ने जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा -

**शेष पृष्ठ दो पर**

**सुशासन से विभिन्न क्षेत्रों में आया बदलाव, प्रगति के साथ जीवन में सुगमता बढ़ी: मोदी**



### पिछले11 वर्ष का कार्यकाल रहा आर्थिक पुनरुत्थान व राष्ट्रीय सुरक्षा का नया युग



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केन्द्र में राजग सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने आर्थिक पुनरुत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है। श्री शाह ने राजग सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्ष जनसेवा के संकल्प, साधना और समर्पण का स्वर्णिम कालखंड रहे हैं।

### अभूतपूर्व विकास व आर्थिक परिवर्तन व युगांतरकारी राजनीतिक दौर रहा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए इसे 'अभूतपूर्व विकास' व 'युगांतरकारी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन' का युग बताया है। श्री सिंह ने रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण ने देश को दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में आत्मविश्वास के साथ खड़ा होने में सक्षम बनाया है। उन्होंने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि भारत आज अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की हर कीमत पर रक्षा करने के संकल्प पर पूरी तरह से सुसज्जित, आश्वस्त और अडिग है।

### बदली राजनीति की संस्कृति, लिए कई बड़े और कड़े फैसले



**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को मोदी सरकार को 'पारदर्शी व भविष्यदर्शी' बताया और कहा कि पीएम ने भारत में राजनीति की संस्कृति में आमूल-चूल परिवर्तन किया है। श्री नड्डा ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां पार्टी मुख्यालय में विशेष रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने निराशा के वातावरण को दूर कर विकसित भारत की मजबूत आधार रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले की सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला था और वह नकारात्मक एजेंडा के साथ चल रही थी।

# कारगिल युद्ध के शहीदों को उनके घर जाकर सम्मानित करेगी सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेना 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में करीब डेढ़ महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी और शुरुआती कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले योद्धाओं के परिजनों को इस सप्ताह उनके निवास पर ही सम्मानित किया जाएगा। सेना के अनुसार ये कार्यक्रम विजय दिवस यानी 26 जुलाई तक आयोजित किए जाएंगे और इनमें देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले नायकों की अदम्य भावना, बलिदान और साहस का सम्मान किया जाएगा।

सेना ने इस सप्ताह एक विशेष संपर्क अभियान की योजना बनाई गई है जिसमें कारगिल युद्ध के दौरान राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले युद्ध नायकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। अपनी तरह के इस पहले अभियान में सेना के प्रतिनिधि शहीदों के 545 निकटतम परिजनों से मिलेंगे और उनके निवास स्थान पर उनका सम्मान किया जाएगा। सेना कर्मियों की एक टीम सेना की ओर से आभार पत्र, एक स्मृति चिन्ह, विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार एजेंसियों द्वारा अधिकृत लाभों का विवरण लेकर 25 राज्यों, दो केंद्र शासित प्रदेशों तथा नेपाल का दौरा करेगी और युद्ध नायकों के परिवारों से बातचीत कर उनकी किसी भी समस्या के बारे में पूछताछ करेगी। सेना शहीदों के परिवारों की सहायता के साथ-साथ इस अवसर का इस्तेमाल निकटतम परिजनों की शिकायतों को दूर करने के लिए भी करेगी। सेना विरासत को



**26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में डेढ़ महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी सेना**

संरक्षित करने के लिए यादगार चीजें भी एकत्र करेगी और इन्हें कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास में सम्मानजनक स्थान देगी। ये कार्यक्रम 26 जुलाई को करगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह के साथ समाप्त होंगे, जो देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों के सम्मान और आदर का प्रतीक है। डेढ़ महीने से भी अधिक समय तक चलने वाला यह स्मरणोत्सव न केवल अतीत का सम्मान करेगा, बल्कि वर्तमान और भावी पीढ़ियों को सेवा तथा बलिदान के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित भी करेगा। देश में हर वर्ष 26 जुलाई को करगिल विजय दिवस मनाया जाता है जो राष्ट्र के दिल में गौरव व गंभीर यादों के साथ अंकित है।

### सऊदी ने भारतीय यात्रियों पर नहीं लगाया कोई प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब द्वारा भारतीय यात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सूत्रों ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब की यात्रा करने वाले भारतीयों पर किसी भी प्रतिबंध के बारे में रिपोर्ट गलत है। सऊदी सरकार ने इस मामले में कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि हर साल हज के दौरान भीड़भाड़ से बचने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता हैं, जो हज के समापन के साथ समाप्त होता है। इस साल भी वही किया गया है।

### यूपी समेत छह राज्यों में और चढ़ेगा पारा श्रीगंगानगर देश में सबसे ज्यादा गर्म

**नई दिल्ली।** देश का उत्तर पश्चिमी इलाका इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने सोमवार को राजस्थान में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य का श्रीगंगानगर रविवार को देश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां 47.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक 11 जून तक बीकानेर संभाग में पारा 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस बीच 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी तापमान बढ़ सकता है। मानसून की बात करें, तो यह अभी भी बिहार-पश्चिम बंगाल की सीमा पर अटका है। 15 जून तक इसके मध्य प्रदेश में पहुंचने की संभावना है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि जब से बारिश का रिकॉर्ड रखा जा रहा है (साल 1901) तब से अब तक सबसे ज्यादा बारिश इस साल मई में हुई है। इस साल देश में औसतन 126.7 एमएम बारिश हुई।

### गोवा के स्वास्थ्य मंत्री ने डाक्टर से माफी मांगी, निलंबन वापस लिया

**पणजी।** गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) में एक डाक्टर से बदसलूकी करने के मामले में सोमवार को माफी मांग ली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मैंने हीट ऑफ द मूमेंट में जिस तरह से स्थिति को हैंडल किया, उसका मुझे बहुत दुख है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री राणे ने 7 जून को जीएमसीएच का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात डा. रुद्रेश कुट्टीकर पर मरीजों के साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया और सबके सामने फटकार लगाई। उन्होंने डाक्टर को सस्पेंड करने का आदेश भी दे दिया था। हालांकि, गोवा सरकार ने सस्पेंशन वापस ले लिया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें स्वास्थ्य मंत्री राणे ने डाक्टर की तरफ उंगली दिखाते हुए कहा था कि आप अपनी जुबान पर काबू रखना सीखिए, आप डाक्टर हैं। मैं आमतौर पर अपना आपा नहीं खोता, लेकिन आपको मरीजों से ठीक से व्यवहार करना होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने मप्र के दो पत्रकारों को दी गिरफ्तारी से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश में एक पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में कथित तौर पर मारपीट और जान के खतरे की आशंका के खिलाफ दायर दो पत्रकार शशिकांत जाटव और अमरकांत सिंह चौहान की याचिकाओं पर गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देते हुए उन्हें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की सोमवार को अनुमति दी।

पीठ ने याचिकाकर्ता दोनों पत्रकारों -शशिकांत जाटव और अमरकांत सिंह चौहान को गिरफ्तारी से तो राहत दी, लेकिन किसी अन्य प्रकार की राहत के लिए उनकी याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया और उन्हें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जाने को कहा। पीठ ने कहा कि हम याचिका पर विचार नहीं कर रहे हैं। हालांकि, आरोपों को देखते हुए हम याचिकाकर्ताओं को आज से (नौ जून 2025) दो सप्ताह के भीतर संबंधित उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देते हैं। इस बीच जब तक याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय नहीं जाते तब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। याचिकाकर्ताओं ने अधीक्षक असित यादव सहित भिंड पुलिस पर हिरासत में हिंसा, जाति-आधारित दुर्व्यवहार और जान को लगातार खतरा होने का आरोप लगाया है। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने दो जून को उन पत्रकारों की याचिका पर नौ जून को सुनवाई करने की सहमति व्यक्त की थी।

### केरल में सिंगापुर के कार्गो शिप में आग लगी, पांच घायल

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में सिंगापुर के कार्गो शिप एमवीडब्ल्यूएएनएचएआई 503 में सोमवार सुबह आग लग गई। कार्गो श्रीलंका के कोलंबो पोर्ट से 7 जून को रवाना हुआ था। इसे 10 जून को नवी मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (न्हावा शेवा पोर्ट) पहुंचना था। इंडियन कोस्ट गार्ड के मुताबिक घटना के दौरान कार्गो पर 18 क्रू मेंबर्स सवार थे। इनमें से 4 मेंबर्स लापता बताए जा रहे हैं, 5 घायल हैं। न्यू मंगलौर के पास इंडियन कोस्ट गार्ड के शिप- राजदूत, अर्नवेश, सचेत, समुद्र प्रहरी, राजदूत और सी-144 रेस्क्यू में जुटे हैं। इंडियन नेवी का आईएनएस सूरत भी ऑपरेशन में शामिल है।

# तहव्वुर को परिवार से बात करने की मिली छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**तिहाड़ जेल अधिकारी की मौजूदगी में सिर्फ एक बार फोन करेगा, मुंबई हमले का मास्टरमाइंड**



**नई दिल्ली।** मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा की याचिका पर सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई हुई। राणा को अपने परिवार से बात करने की परमिशन मिल गई है।


मामले की सुनवाई स्पेशल एनआईए जज चंद्र जीत सिंह ने की। राणा फिलहाल अपने परिवार को केवल एक बार फोन कर सकेगा। यह कॉल जेल के नियमों के अनुसार और तिहाड़ जेल के अधिकारी की निगरानी में की जाएगी। कोर्ट ने जेल अधिकारियों से रिपोर्ट भी मांगी है, जिसमें पूछा गया है कि क्या राणा को भविष्य में नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे पहले 24 अप्रैल को कोर्ट ने राणा की याचिका खारिज कर दी थी। राणा के वकील पीयूष सचदेवा ने कहा था कि एक विदेशी नागरिक के तौर पर उसे परिवार से बात करने का अधिकार है और उसके इलाज को लेकर परिवार चिंतित है, लेकिन एनआईए ने जांच का हवाला देकर इसका विरोध किया था, जिसके बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। आरोपी राणा 9 जुलाई तक एनआईए की हिरासत में है। 28 अप्रैल को पिछली सुनवाई में उसकी कस्टडी 12 दिन के लिए बढ़ा दी गई थी। दरअसल, एनआईए ने 10 अप्रैल को तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया था। उसका प्रत्यर्पण 'ऑपरेशन राणा' के तहत हुआ था। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था।

### मणिपुर हिंसा: नेशनल हाईवे बंद, दवाएं तक नहीं मिल रहीं

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा के बाद हाईवे ब्लॉकेज और ट्रांसपोर्ट रूट्स प्रभावित होने से आम लोगों को महंगाई का सामना कर पड़ रहा है। खास तौर पर चुराचांदपुर और राजधानी इंफाल में खाने-पीने की चीजें और दवाइयों की भारी कमी हो गई है। जरूरी सामानों के दाम बढ़ गए हैं। हिंसा प्रभावित कई इलाकों में दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि अब सारी चीजें मिजोरम के रास्ते आ रही हैं, इसलिए महंगी हो गई हैं। पहले जैसी स्थिति नहीं रही है। चुराचांदपुर कुकी समुदाय का गढ़ माना जाता है। यह नेशनल 2 और 37 पर निर्भर है, जो असम और नागालैंड को मणिपुर से जोड़ते हैं। अब ये रास्ते बंद हैं।

### मद्रास के राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल वसूली पर अंतरिम आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें मदुरै-तूतीकोरिन राष्ट्रीय राजमार्ग के पुनर्निर्माण नहीं होने तक वहां टोल शुल्क वसूली पर रोक लगाई गई थी। शीर्ष अदालत के इस अंतरिम आदेश के बाद एनएचएआई मद्रास के मदुरै- तूतीकोरिन राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल वसूली करने के लिए स्वतंत्र हैं।



### शिक्षा मद का 2291.30 करोड़ रोकने के मामले में तत्काल सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार पर समग्र शिक्षा योजना की 2291.30 करोड़ रुपये की धनराशि रोकने का आरोप लगाते हुए उसका भुगतान करने का निर्देश देने की तमिलनाडु सरकार की याचिका पर शीघ्र तत्काल सुनवाई करने से सोमवार को इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा इसमें कोई जल्दबाजी नहीं।

### लोकल ट्रेन से गिरने पर पांच लोगों की मौत, सात घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर कसारा से आने वाली एक भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरने से सोमवार को पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे ने यह जानकारी दी। श्री शिंदे ने कहा कि यह दुर्घटना सुबह करीब नौ बजे हुई और हमें सवा नौ बजे सूचना मिली और हम मौके पर पहुंचे, तो पाया कि करीब सात लोग घायल हैं और कम से कम पांच लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों और मृतकों को तुरंत नजदीकी छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा ले जाया गया, जिनमें से चार घायल खुद जुपिटर अस्पताल चले गए। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि घटना के दौरान 10 से 12 यात्री ट्रेन से गिरे थे। अधिकारियों ने दुर्घटना का मुख्य कारण अत्यधिक भीड़ बताया है, कथित तौर पर उस समय कई यात्री ट्रेन के दरवाजों पर लटके हुए थे।

### सुकमा विस्फोट में एएसपी शहीद

**सुकमा।** जिले में सोमवार सुबह नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर पुलिस अधिकारी की गाड़ी को उड़ा दिया है, जिसमें एएसपी आकाश राव गिरपुन्जे शहीद हो गए। वहीं एसडीओपी व टीआई समेत दो लोग घायल हो गए।कोंटा- गोलापल्ली मार्ग पर नए कैंप की स्थापना कर पुलिस अधिकारी लौट रहे थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एएसपी गिरपुन्जे गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें कोंटा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। अतिरिक्त एसपी आकाश क्षेत्र में पैदल गश्त ड्यूटी पर थे। ताकि भाकपा-माओवादी की ओर से 10 जून को भारत बंद के आह्वान के मद्देनज़र किसी भी प्रकार की नक्सली घटना को रोका जा सके। आईजी बस्तर पी. सुंदरराज ने बताया कि कोंटा- एर्राबोरा मार्ग पर डोंड्रा के पास आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

### कोरोना मामलों की संख्या 6491 तक पहुंची

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या सोमवार सुबह तक 6491 पहुंच गई और राहत की बात यह है कि इसके संक्रमण से पिछले 24 घंटों के दौरान किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सोमवार सुबह आठ बजे तक 358 नए संक्रमण के मामले सामने आए, जिससे कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या 6,491 हो गई। राहत की बात यह है कि पिछले 24 घंटों में कोरोना से संबंधित किसी अन्य मरीज की मौत नहीं हुई और मृतकों की संख्या 65 पर स्थिर है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के दस राज्यों में कोरोना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। कोरोना संक्रमण के मामले में केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है, जहां सोमवार सुबह सक्रिय मामलों की संख्या 1957 तक पहुंच गई और दिल्ली में लगभग 42 नए मामले सामने आए, जिससे कुल मामलों की संख्या 728 हो गई।

# अंतरिक्ष में नई इबारत लिखने को तैयार शुभांशु शुक्ला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पोस्टरों से सजाया गया उनका घर, आईएसएस जाने से पहले की फाइनल रिहर्सल, आज रवाना होंगे, ऐसा करने वाले पहले भारतीय बनेंगे शुभांशु**

**नई दिल्ली/लखनऊ।** इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत (आज) 10 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाएंगे। उनके अंतरिक्ष रवाना होने से उनके घर को उनकी जीवन यात्रा से जुड़े पोस्टर लगाकर सजाया गया है। साथ ही इसमें उनको इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी गई है। इनमें वह अलग-अलग कार्यक्रमों में दिख रहे हैं।

किसी में प्रधानमंत्री मोदी उनका हौसला अफजाई कर रहे हैं। किसी में वह प्रशिक्षण स्थान पर दिख रहे हैं। इससे पहले रविवार को शुभांशु ने फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की। इसमें असेंबली बिल्डिंग से रॉकेट तक जाने और उसमें बैठने के प्रोसेस को फॉलो किया। इस दौरान शुभांशु ने कहा कि यह एक बेहतरीन यात्रा रही है। ये पल बताते हैं कि आप किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जो आपके खुद से बहुत बड़ी है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि मुझे मिशन का हिस्सा बनने का अवसर मिला। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। यह मिशन 10 जून 2025 को शाम 5:54 बजे लॉन्च होगा। शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। स्लावोज् उज्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कामर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है। मिशन में जा रहे चार एस्ट्रोनॉट ने नासा में 8 महीने की ट्रेनिंग पूरी की। 12 अप्रैल को क्रू ने केक काटकर जश्न

**-शेष पृष्ठ दो पर**






## संक्षिप्त समाचार

### दोनों डिप्टी सीएम लोगों को आपस में लड़ा रहे: सपा

**कौशांबी।** जिले में रामबाबू आत्महत्या प्रकरण को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा है कि भाजपा की राजनीति में इन दिनों अंदरूनी खींचतान का भयानक दृश्य देखने को मिल रहा है, जो कौशांबी में दो भाजपाई उपमुख्यमंत्रियों के बीच चल रही नोकझोंक से स्पष्ट होता है। उन्होंने आगे लिखा कि समाज में फैल रही असमंजस और अविश्वास की स्थिति को देखना अत्यंत चिंताजनक है। पहले एक उपमुख्यमंत्री ने पाल समाज के लोगों को मोहरा बनाकर अपनी स्वार्थी राजनीतिक खेल खेला, जबकि दूसरे ने अपने समाज को सहानुभूति दिखाकर झूठी रणनीति अपनाई। इसके पीछे दोनों के ऊपरवाले और उनके राजनीतिक गुलामों के बीच की टकराहट भी एक महत्वपूर्ण कारण बन रही है। सपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा है कि इस सब के बीच यह समझना आवश्यक है कि भाजपा की अंदरूनी राजनीति केवल सत्ता की होड़ नहीं, बल्कि जनता को बांटने और विभाजित करने का एक प्रयास है।

### पंजाब के गांवों में धर्म परिवर्तन चिंता का विषय: समिति

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने कहा है कि पंजाब के 12 हजार गांवों में से आठ हजार गांवों में ईसाई धर्म के प्रचारक गरीब और कमजोर सिखों का तरह-तरह के लालच और लोभ देकर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं जो चिंता का विषय है। समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब के गांवों में ईसाई धर्म के प्रचारक पहुंच चुके हैं, जो गरीब और कमजोर सिखों को तरह-तरह के लालच और लोभ देकर ईसाई धर्म में शामिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि पंजाब में ईसाई धर्म का प्रचार बड़े स्तर पर पहुंच चुका है, लेकिन एसजीपीसी समिति सिख धर्म के प्रचार-प्रसार की अपनी जिम्मेदारी निभाने में असपफल रही है। पंजाब में सीमित संसाधनों के बावजूद, दिल्ली गुरुद्वारा समिति ने हाल के समय में 2500 से अधिक सिखों की अमृत संचार के जरिये सिख धर्म में वापसी करवाई है।

### यूपी के तीन जिलों में लू का अलर्ट

**लखनऊ।** देश में मानसून के पिछले महीने समय से पहले आ जाने जाने से दिल्ली समेत कई राज्यों में मूसलाधार बरसात देखने को मिली, लेकिन अब बरसात का दौर थमने के बाद एक बार फिर दिल्ली और उत्तर भारत के कई राज्यों में गर्मी लोगों को झुलसा रही है। देश की राजधानी में सूरज आसमान से आग बरसा रहा है। आज दिल्ली में मौसम साफ रहने वाला है। अगले 4 दिन तक दिल्ली को गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है, हालांकि इसके बाद 13 जून को बारिश के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में चुभती-जलती गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने आज से 11 जून के बीच प्रदेश के दक्षिणी और पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं लू चलने का अनुमान जताया है। आगरा, ब्रज और बुंदेलखंड क्षेत्र में धूल भरी हवाओं के साथ लू चल सकती है। प्रदेश में 11 जून से बारिश होने की संभावना है। इससे पहले राज्य में गर्मी और लू देखने को मिल सकती है।

## विफलताओं की मिसाल साबित हुए हैं मोदी शासन के 11 साल : खड़गे

# वादे करके छीन ली गई करोड़ों की नौकरियां

नई दिल्ली, वार्ता



■ समाज में नफरत, धमकी और डर फैलाने की हो रही कोशिश, लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था व सामाजिक ताने-बाने को पहुंचाया गहरा आघात

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार के 11 साल के शासन काल को विफल, संवैधानिक ढांचे को नुकसान पहुंचाने, हकीकत की जगह सिर्फ जुमलेबाजी करने और सामाजिक ताने बाने को आघात पहुंचाने वाला करार देते हुए सोमवार को कहा कि इस दौरान राज्यों की अनदेखी हुई तथा संघीय ढांचे को कमजोर किया गया है।

खड़गे ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में मोदी सरकार ने लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। भाजपा-आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर कर, उनकी स्वायत्तता पर कड़ा प्रहार किया है। चाहे वो जनमत चुराकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या एक-दलीय तानाशाही शासन जबरन लागू करना हो। इस दौरान, राज्यों के हकों की अनदेखी हुई है और संघीय ढांचे को कमज़ोर किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज में नफ़रत, धमकी और डर का वातावरण फैलाने की कोशिश जारी है। दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक तथा कमजोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है। इनके आरक्षण और बराबरी के अधिकार से वंचित रखने की साजिश जारी है। मणिपुर की ना थमने वाली हिंसा भाजपा की प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा सबूत है। भाजपा-आरएसएस ने देश के जीडीपी विकास दर को 5-6 प्रतिशत की आदत डाल दी, जो यूपीए सरकार के दौरान औसतन आठ प्रतिशत हुआ करता था। सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा पूरा करने के बजाय युवाओं से करोड़ों नौकरियां छीनी गई गई। महंगाई से जनता की बचत 50 साल में सबसे कम हो गई है और आर्थिक असमानता 100 साल में सबसे अधिक कर दी गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी सरकार की हर नीति को विफल करार देते हुए कहा कि नोटबंदी, गलत जीएसटी, अनियोजित लॉक-डाउन और असंगठित क्षेत्र पर हथौड़ा चलाकर करोड़ों का भविष्य बर्बाद किया। मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, नमामी गंगे, 100 स्मार्ट शहर, सब फेल हुए। रेलवे का बंटाधार किया। केवल कांग्रेस-यूपीए के बनाए गए ढांचे के फीते काटे। उन्होंने मोदी सरकार पर तानाशही का अरोप लगाया और कहा,ह्पिछले 11 वर्ष, मोदी सरकार ने संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही रगड़ने में गंवाए हैं।

### हमारी चुनौती का जवाब मोदी हैं, नड्डा नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि एक दिन पहले पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने कार्यकाल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सवालों का जवाब देने की चुनौती दी थी, लेकिन सोमवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को 11 साल की उपलब्धियों का लेखा-जोखा पेश करने को प्रेस के सामने लाया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि जब चुनौती मोदी के लिए थी, तो नड्डा को प्रेस के सवालों का जवाब देने और 11 साल की उपलब्धियां गिनाने क्यों भेजा जा रहा है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि क्या सवाल करने वाले अनुकूल चेहरे अब तक नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि कल हमने प्रधानमंत्री को उनकी सत्ता में 11 साल पूरे होने के मौके पर पहली बार एक अनस्क्रिप्टेड और बिना पूर्व-निर्धारित सवाल-जवाब वाला प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की खुली चुनौती दी थी, लेकिन भाजपा अध्यक्ष नड्डा आज सामने आएंगे, जिन्हें दोपहर 12 बजे प्रेस से बात करने के लिए भेजा गया।

### दस मुद्दों पर केंद्र को घेरेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर कांग्रेस केंद्र से लेकर राज्य और जिलास्तर तक पोल-खोल अभियान चलाने की तैयारी में है। कांग्रेस के रिसर्च विभाग को जिम्मेदारी दी गई थी कि वो तथ्यों और आंकड़े जुटाए, जिससे राज्यवार मोदी सरकार के 11 साल की पोल खोल की जा सके। इसमें मुख्य रूप से इन मुद्दों का ख्याल रखा गया है।

कांग्रेस आर्थिक मोर्चे पर नाकामी, विदेश नीति भटकी हुई, 11 साल में वो वादे जो जुमले साबित हुए, सामाजिक ताने बाने को चोट, संवैधानिक संस्थाओं और एजेंसी का बेजा इस्तेमाल, चुनावी प्रक्रिया में धांधली, क्रोनी कैपेटलिज़्म को बढ़ावा, आतंकी हमलों पर जवाबदेही नहीं, सेना के शौर्य पर सियासी लाभ लेने की लगातार कोशिश और पीएम ने 11 सालों में एक भी पीसी क्यों नहीं की, जवाबदेही का सवाल मुद्दों पर बीजेपी को घेरेगी। रिसर्च विभाग ने इसके इर्द गिर्द तैयारी पूरी कर ली है। अब राज्य और केंद्र के नेताओं ने उसी आधार पर मीडिया, सोशल मीडिया, पीसी, पोस्टर और रैलियों में इसका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इसकी शुरुआत चुनावी राज्य बिहार में कांग्रेस ने की है, जुमलों की लिस्ट के जरिए। इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता राजीव गौड़ा ने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था पर पीठ थपथपा रही है, लेकिन जॉबलेस ग्रोथ हो रही है। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता महिमा सिंह ने कहा कि सरकार जो आंकड़े जारी कर रही है, उसमें तथ्यों और आंकड़ों की बाजीगरी है। उसने किसान लाभार्थियों को 3.7 लाख करोड़ रुपए वितरित किए, जबकि हकीकत यह है कि अप्रैल 2022 से नवंबर 2023 के बीच करीब सवा 2 करोड़ लाभार्थी लिस्ट से ही हटा दिए गए।

## हरियाणा-महाराष्ट्र चुनाव डेटा कब शेयर करेगा ईसी

नई दिल्ली, वार्ता



■ तारीख बताए चुनाव आयोग, दो दिन पहले कहा था कि विस 24 के चुनाव में मैच फिक्सिंग हुई थी: राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को हरियाणा और महाराष्ट्र में 2009 से 2024 के दौरान हुए चुनावों का डेटा शेयर करने के चुनाव आयोग के फैसले की सराहना की।

राहुल ने पूछा कि क्या चुनाव आयोग डिजिटल फार्मेट में डेटा सौंपने की तारीख बता सकता है। राहुल ने यह सवाल एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पूछा। उन्होंने 7 जून को पब्लिश एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशाट भी शेयर किया, जिसमें दावा किया गया है कि चुनाव आयोग ने 2025 की शुरुआत में दिल्ली हाईकोर्ट को 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के वोटर्स लिस्ट का डेटा शेयर करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, चुनाव आयोग की ओर से इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। राहुल ने शनिवार को देश के दो दैनिक अखबारों में अपने लेख के जरिए 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि वह तभी जवाब देगा जब राहुल उन्हें डायरेक्ट लेटर लिखेंगे। राहुल ने कहा था- महाराष्ट्र की तरह बिहार में मैच फिक्सिंग होगी राहुल गांधी ने अखबारों में अपने लेख में कहा था कि- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में श्मैच फिक्सिंगश की गई थी, जिसमें पहले से भाजपा की जीत तय करने की पूरी कोशिश की गई। भाजपा और उसके सहयोगियों ने चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी। राहुल ने ये भी कहा कि महाराष्ट्र की तरह ही मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो। हालांकि, चुनाव आयोग ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया और कहा कि चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप लगाना बेतुके हैं। राहुल ने शनिवार रात एक्स पर पोस्ट कर लिखा, आप (ईसी) बिना साइन और टालमटोल वाले नोट जारी करके गंभीर सवालों के जवाब देने का तरीका सही नहीं है।

## फरार सोनम ने यूपी में किया आत्मसमर्पण

शिलांग, वार्ता

### पति की हत्या के लिए भाड़े के गुंडे लिए थे: मेघालय पुलिस

राजा रघुवंशी की हत्या की पत्नी सोनम रघुवंशी ने उत्तर प्रदेश पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उसने कथित तौर पर अपने पति की हत्या के लिए मेघालय में भाड़े के गुंडों को रखा था।

यह जानकारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को दी। मेघालय पुलिस ने इस मामले में सोनम द्वारा अपने लोगों की हत्या के लिए कथित तौर पर भाड़े के गुंडों में से तीन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। मेघालय पुलिस के एक अधिकारी ने को बताया कि सोनम ने रविवार रात उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के नंदगंज पुलिस स्टेशन में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। राजा की निर्मम हत्या से संबंधित परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर मेघालय पुलिस के विशेष जांच दल ने हत्या के तीन अन्य संदिग्धों - मध्य प्रदेश के इंदौर से दो और उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले से एक को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तीनों आरो. पियों को राजा की हत्या के लिए कथित तौर पर सोनम ने किराए पर लिया था। उन्होंने बताया कि एक और आरोपी को पकड़ने के लिए तलाश जारी है। पुलिस अधिकारी ने बताया, ह्चारों आरोपियों को इस निर्मम हत्या की आगे की जांच के लिए राज्य में ट्रांजिट रिमांड के लिए अदालतों में पेश किया जाएगा। मामले के बारे में और जानकारी के लिए सभी आरो. पियों से पूछताछ की जा रही है। हत्या का मामला दर्ज किया जा रहा है और विशेष जांच दल जांच कर रहा है। मध्य प्रदेश के इंदौर के इस जोड़े ने 11 मई को शादी की थी और 21 मई को हनीमून पर मेघालय की राजधानी शिलांग पहुंचे। नवविवाहित जोड़ा 22 मई को अपने हनीमून के हिस्से के रूप में मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में सोहरा तक अपने किराए के दोपहिया वाहन पर सवार होकर गया, जो पृथ्वी पर सबसे अधिक बारिश वाला स्थान है। यह जोड़ा 22 मई को प्रसिद्ध लिविंग डबल डेकर रूट ब्रिज के घर - नोंग्रियाट गांव में शिपारा होमस्टे में चेक इन किया था। राजा और सोनम सुबह-सुबह अपने होमस्टे से चेक आउट कर गए। टूर गाइड अल्बर्ट पीडी ने कहा कि उन्होंने इस जोड़े को ट्रेक के बीच में देखा था, नोंग्रियाट से लौटते हुए, उनके साथ तीन अन्य पुरुष पर्यटक भी थे। पीडी ने कहा, ह्राजा तीनों पुरुषों के साथ चल रहा था, जबकि सोनम उनके पीछे धीरे-धीरे चल रही थी। दंपत्ति के लापता होने का मामला तब प्रकाश में आया जब 24 मई को शिलांग और सोहरा रोड के बीच सो. हरारिम गांव में एक दोपहिया वाहन लावारिस हालत में मिला, जिसे उन्होंने किराए पर लिया था।

### जनता को भ्रमित कर रहे हैं तेजस्वी यादव: राजीव रंजन

**नई दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड ने बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि लालू प्रसाद यादव के शासनकाल के दौरान आरक्षण के लिए कोई प्रावधान नहीं किए गए।

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने यहां कहा कि नीतीश सरकार द्वारा कराए गए जाति सर्वेक्षण पर सवाल उठाकर श्री तेजस्वी यादव जनता को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री लालू प्रसाद यादव के शासनकाल के दौरान पिछड़ों, वंचिंतों और महिलाओं को उनके अधिकार देने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए। वर्ष 1990 से वर्ष 2005 तक राजद की सरकार थी और इस दौरान पंचायतीराज या अन्य संस्थानों तथा नौकरियों में महिलाओं, वंचिंतों और पिछड़ों वर्ग के लिए आरक्षण के प्रावधान नहीं किए गए।

## जनता के सामने पेश करें लेखा-जोखा: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर सपा सुप्रीमो ने सरकार को घेरा

लखनऊ। केंद्र में मोदी सरकार के सोमवार 9 जून को 11 साल पूरे होने पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बीजेपी पर हमला बोला है। सपा मुखिया ने कहा कि एक हिंदी कहावत है एक पे एक ग्यारह और दूसरी है नौ दो ग्यारह, लेकिन मेरा सवाल सिर्फ 11 साल का नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार के 11 साल और उत्तर प्रदेश सरकार के 9 साल मिलाकर कुल 20 साल होते हैं। इन 20 वर्षों का हिसाब जनता को देना होगा। सरकार को तमाम क्षेत्रों में अपने कामकाज का लेखा-जोखा पेश करना चाहिए।

सरकार के 11 साल पूरे होने पर अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर सवालों की बौछार की। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हम कितने पिछड़ गए? रोजगार देने में सरकार कितनी सफल रही? जिन निवेशों की बात की गई थी, उनमें से कितना निवेश असल में आया? अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोग इसलिए ज्यादा आकलन करेंगे, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री इसी राज्य से आते हैं। दिल्ली और लखनऊ के बीच तालमेल नहीं दिखाई देता। अखिलेश ने आगे कहा कि दिल्ली और लखनऊ के बीच कोई तालमेल है, ऐसा नहीं लगता। यह मैं नहीं कह रहा, बल्कि यह इनकी योजनाओं में साफ दिखता है। उन्होंने सरकार की योजनाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो गांव गोद लिए गए, अगर उनकी तस्वीर नहीं बदली, तो प्रश्न चिह्न लगता है और यह प्रश्न चिह्न उत्तर प्रदेश सरकार पर लगता है। अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर आंतरिक खींचतान का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां जितने लोग बीजेपी में बैठे हैं, वे एक-दूसरे के सिर से टकरा रहे हैं। कोई ऐसा विभाग नहीं है, जहां खींचतान न चल रही हो। गांवों में अब भी गंदगी भरी हुई है। सपा प्रमुख ने किसानों की समस्याओं पर सरकार को घेरते हुए सवाल उठाया कि फसलों का कोई एरियल सर्वे करता है क्या? आपको खुद जाकर किसानों का सामना करना चाहिए, जो आप करना नहीं चाहते। उत्तर प्रदेश में आज भी बड़े पैमाने पर लोग बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहे हैं। कार्यवाहक डीजीपी को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि जब स्थायी सरकार बनेगी, तभी प्रदेश को स्थायी डीजीपी मिलेगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब 2027 के बाद ही उत्तर प्रदेश को स्थायी डीजीपी मिल पाएगा।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

### लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में रही तेजी

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और चीन के बीच लंदन में होने वाली व्यापार वार्ता से वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को शेयर बाजार लगातार चौथे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 256.22 अंक की छलांग लगाकर 82,445.21 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ह्वएनएसईक्ष्ट कि निफ्टी 100.15 अंक उछलकर 25103.20 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,570.16 अंक और स्मॉलकैप 1.19 प्रतिशत मजबूत रहकर 54,074.88 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4335 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2798 में लिवाली जबकि 1409 में बिकवाली हुई वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3055 कंपनियों के शेयरों में से 2066 में तेजी जबकि 904 में गिरावट रही वहीं 85 में टिकाव रहा। बीएसई में रियल्टी की 0.11 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 386 अंक की तेजी के साथ 82,574.55 अंक पर खुला और लिवाली दम पर थोड़ी देर बाद ही 82,669.00 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से दोपहर बाद यह 82,369.24 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,188.99 अंक के मुकाबले 0.31 प्रतिशत उछलकर 82,445.21 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 157 अंक चढ़कर 25,160.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,160.10 अंक के उच्चतम जबकि 25,077.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,003.05 अंक की तुलना में 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 25,103.20 अंक पर बंद हुआ।

### एसबीआई ने दिया 8076 करोड़ का लाभांश

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8076 करोड़ रुपये से अधिक का लाभांश दिया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बैंक अध्यक्ष सीएस सेट्टी ने सोमवार को यहां इस राशि का चेक सौंपा। बैंक ने मई 2025 में एक नियामक फाइलिग में बताया था कि उसने वित्त वर्ष 2025 के लिए 15-90 रुपये या 1590 प्रतिशत का अंतिम लाभांश को मंजूरी दी है। यह बीते 12 सालों के दौरान बैंक की ओर से सबसे बड़ा लाभांश भुगतान है। इससे पहले साल 2013 में बैंक ने 41-5 रुपये या 4500 प्रतिशत का लाभांश दिया था।

### अधिकांश खाद्य तेल सस्ते, जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेल 953 रुपये प्रति क्विंटल तक सस्ते हो गए जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 14 रिंगिट बढ़कर 3925 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-02 सेंट की गिरावट के साथ 47-49 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी का रुख रहा। मूंगफली तेल 110 रुपये, सोया रिफाइंड 219 रुपये, पाम ऑयल 521 रुपये और वनस्पति तेल के भाव 953 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गए। वहीं, सरसों तेल और सूरजमुखी तेल में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7500 -7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : ह्वभाव प्रति क्विंटलक्ष्ट गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

मोदी के ....

कि भारत आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन इसके साथ ही, हम आशा व विश्वास के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि पिछले 11 वर्षों में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं और जीवन की सुगमता को बढ़ावा मिला है। श्री मोदी ने सरकार की उपलब्धियों को संवाद-शैली के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली नमो एप के माध्यम से इस परिवर्तनकारी यात्रा के बारे में जानकारी जुटाने के लिए देशवासियों को प्रोत्साहित भी किया है।

इस ऐप के जरिये इंटरैक्टिव गेम, क्विज़, सर्वेक्षण और अन्य प्रारूपों के माध्यम से प्रेरणादाई जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्रधानमंत्री ने लोगों को नमो एप और आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध वीडियो, इन्फोग्राफिक्स और लेखों जैसे विभिन्न आकर्षक प्रारूपों के माध्यम से भारत की विकास यात्रा के बारे में जानकारी लेने के लिए भी आमंत्रित किया। श्री मोदी ने अपने पोस्ट में कहा कि सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान! 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी के बल पर भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन देखे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर, एनडीए सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन साथ ही, हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए आशा, विश्वास और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं।

**अंतरिक्ष में...**

मनाया। शुभांशु शुक्ला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले हैं। इनकी शुरुआती पढ़ाई-लिखाई अलीगंज, लखनऊ के सिटी मान्टेसरी स्कूल से पूरी हुई। 12वीं के बाद उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) का एंट्रेंस एग्जाम क्लियर किया और यहीं से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। एनडीए भारत में सशस्त्र बलों (थल सेना, नौसेना और वायुसेना) के लिए ऑफिसर कैडेट्स को प्रशिक्षण देने वाली एक प्रमुख संस्था है।

ये ट्रेनिंग के साथ-साथ एकेडमिक डिग्री भी देती है, जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली से एफिलिएटेड होती है। शुभांशु को 17 जून, 2006 को भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया। वे एक अनुभवी फाइटर और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से अधिक का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हाक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे लड़ाकू विमानों को उड़ाया है।

## उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में सभी भूलेख होंगे ऑनलाइन

शाह टाइम्स ब्यूरो

### नक्शा कार्यक्रम से मिलेगी सटीक जानकारी, जमीन के लिए नहीं होंगे झगड़े

**लखनऊ।** यूपी के 10 जिलों में नक्शा कार्यक्रम के तहत शहरी भूमि रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। इनमें टांडा, नवाबगंज, गोरखपुर, झांसी आदि शहर शामिल हैं, इससे शहरी नियोजन के साथ संपत्ति कर निर्धारण और विवादों को कम करने में मदद मिलेगी। साल 2031 तक प्रदेश की 40 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करने लगेगी। ऐसे में सटीक भूमि रिकॉर्ड का होना बेहद जरूरी है।

यूपी राजस्व निदेशालय में सोमवार को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने यूपी में डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम और शहरी क्षेत्रों के लिए 'नक्शा' कार्यक्रम' के बारे में बताया। परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार ने भी डिजिटल भूमि प्रबंधन, नवाचारों और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया।

सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करना है। राजस्व विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल कर दिया है। अब रियल-टाइम खतौनी, नक्शा और खसरा ऑनलाइन उपलब्ध हैं। गांवों के नक्शों को डिजिटल और जियो-रेफरेंस्ड किया गया है। प्रत्येक भूखंड को यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूएलपीआईएन) दिया गया है। इसमें भूखंड का आकार, स्वामित्व और भौगोलिक निर्देशांक शामिल हैं। इससे संपत्ति लेन-देन, कर निर्धारण और आपदा प्रबंधन में आसानी होगी। स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वेक्षण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय अधिकार रिकॉर्ड तैयार किए गए हैं। नक्शा कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 10 शहरी निकायों में शहरी भूमि रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। इनमें अंबेडकर नगर का टांडा, बाराबंकी का नवाबगंज, बुलंदशहर का अनूपशहर, चित्रकूट, गोरखपुर, हरदोई, झांसी, मिर्जापुर का चुनार, पीलीभीत का पूरनपुर, शाहजहांपुर का तिलहर शामिल हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैसाअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# समाज में परिवर्तन की प्रेरणा है नारी

## गुरूकुल चोटिपुरा में नारी शक्ति जागरण शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर**। विश्वविख्यात गुरू स्वामी चिदानन्द महाराज ने कहा कि परमात्मा पूरे विश्व में सब जगह मौजूद नहीं हो सकते थे। इसी कारण उन्होंने धरती पर नारी शक्ति को बनाया। समाज में परिवर्तन की प्रेरणा भी यही है।

चोटीपुर गुरूकुल में नारी शक्ति जागरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते स्वामी चिदानन्द महाराज ने कहा कि गुरूकुल की आचार्या डा. सुमेधा सशक्त नारी की प्रतिमूर्ति है। हर स्थान पर परमात्मा साकार रूप से उपस्थित नहीं हो सकते थे। इसके लिये उन्होंने नारी शक्ति को बनाया। उन्होंने कहा कि गुरूकुल बेटियों को सशक्त बनाने का काम कर रहा है। आज नारी इतनी सशक्त है कि उसका डंका पूरे विश्व में सुनाई दे रहा है। आपरेशन सिंदूर में

### आपरेशन सिंदूर में भी दिखाई उपयोगिता

भी नारी ने अपनी उपयोगिता साबित कर बताया कि वह हर क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि नारी समाज परिवर्तन की प्रेरणा है। डा. अर्चिका सुधांशू ने कहा कि शिक्षा का उददेश्य बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिये होना चाहिये। आचार्या डा. सुमेधा ने अपने विचार रखते कहा कि नारी शक्ति समाज की आधार शिला है। कार्यक्रम में मंडल आयुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, विवेकान्द परिव्राजक, डीएम निधि गुप्ता वत्स, संभल के डीएम डा. राजेन्द्र पेसिया, पालिकाध्यक्ष शशि जैन, प्रो. शिवानी वीजी, हरि सिंह आर्य, आचार्य अंकुर, गौतम खट्टर, सुव्रतन,सीएस, सर्वेश कुमार सिंह, प्रो. श्याम सुंदर भाटिया, बसंत सारस्वत, डा. अर्चिका सुधांशू मौजूद रहीं। संचालन डा. अमिता व डा. सविता ने संयुक्त रूप से किया।



रजबपुर। गुरूकुल चोटीपुरा में मुख्य अतिथि का स्वागत करती आचार्या डा. सुमेधा।

# भाई को फंसाने के लिए युवक ने लगाई रूई में आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। युवक ने शराब के नशे में रूई मशीन समेत लिहाफ गद्दों में आग लगा दी। भाई पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए डायल पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची डायल पुलिस ने दूध का दूध पानी का पानी अलग कर दिया। पता चला कि खुद ने ही आग लगाई है।

सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहापुर कला निवासी संदीप सिंह पुत्र हरकिशन सिंह शराब के नशे में धुत्त था। और उसने घर पर लगी रूई मशीन के नजदीक पड़े लिहाफ गद्दों में तेल छिड़क कर आग लगा दी। वहीं आग ने विक. राल रूप धारण कर लिया। जहां मौके पर भाई एवं परिवार के लोगों ने आग पर पानी डालकर काबू पाया। संदीप ने भाई पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। जहां सूचना पर डायल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की प्रथम जांच में ही घटना का खुलासा हो गया। पता चला कि खुद संदीप ने शराब के नशे में भाई पर आरोप लगाने के लिए आग लगाई थी। जिसकी पुष्टि स्वयं आग लगाने वाले युवक संदीप की पत्नी ने की है। आग लगने से हजारों रूपए का नुकसान हुआ है।

# ग्रामीणों ने वन विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

## समाधान दिवस में डीएम से की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। क्षेत्र के गांव कुतुबपुर हमीदपुर, कैलबकरी, कासमपुर, अदलपुर व हुसैनपुर समेत अन्य गांवों के लोग बड़ी संख्या में सोमवार को एकत्र होकर समाधान दिवस में पहुंचे तथा डीएम निधि गुप्ता को पूरे मामले से अवगत कराया। वन अफसरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में अलग-अलग गांवों में तेंदुए का आतंक लगातार बना है। आबादी में घूम रहे तेंदुए आम लोगों पर हमले कर रहे हैं, पालतू जानवरों को अपना शिकार बना रहे हैं लेकिन वन विभाग स्तर से अभी तक तेंदुए को पकड़ने के लिए कोई खास इंतजाम नहीं किया गया है। क्षेत्र में घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। किसानों के खेत पर जाने से किनारा करने पर फसले बर्बाद हो रही हैं। लोगों का कहना था कि कुतुबपुर हमीदपुर के लोग शनिवार को अगर तेंदुए को नहीं घेरते तो वह कई लोगों की जान भी ले सकता था। समस्या जानने के बाद डीएम ने मामले में तुरंत वन अफसरों को उचित कदम उठाने का निर्देश दिया। इस दौरान रोहित चिकारा, कल्लन सैनी, निगम चौधरी, निशांत चौधरी, लोकेंद्र शर्मा, हुकुम सैनी आदि मौजूद रहे। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर सिंह के नेतृत्व में भाकियू शंकर संगठन के पदाधिकारियों ने भी समाधान दिवस पहुंचकर डीएम से मुलाकात की। आबादी में घूम रहे तेंदुए को पकड़कर जंगल में नहीं छोड़ने तथा तेंदुए की मौत के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए आरोपियों की बिना शर्त रिहाई नहीं कराने पर आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी। इस दौरान विक्रम सिंह पंवार, चौधरी धर्मवीर सिंह आदि समेत अन्य संगठन पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे

# पुलिस ने असलहो के साथ हिस्ट्रीशीटर को दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को अवैध तमंचा, पिस्टल, बंदूक और तलवार के साथ गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे न्यायालय में पेश का जेल भेज दिया है। हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला समेत दस से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार को अपराध निरीक्षक रणवीर सिंह, दरोगा संजीव कुमार, हेड कांस्टेबल कृष्ण वीर, रविंद्र चौहान, नितिन कुमार, शिवांक, सविता और बबीता के साथ मोहल्ला मोहल्ला कटरा गुलाम अली के घर में छापा मारा। यहां पर हिस्ट्रीशीटर दीपक शर्मा मौजूद मिला। घर में तलाशी के दौरान मौके पर एक देशी पिस्टल, एक तमंचा, एक दो नाली बंदूक, तलवार और 15 जिंदा कारतूस बरामद हुए। हिस्ट्रीशीटर दीपक शर्मा के खिलाफ मारपीट, हत्या, जानलेवा हमला, गुंडा अधिनियम और जबरन वसूली करने के मामले में दस से ज्यादा मुकदमे दर्ज पाए गए हैं। पुलिस ने तुरंत ही हिस्ट्रीशीटर दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर दीपक शर्मा अवैध असलाह और कारतूस खरीदने बेचने का काम करता है। वह शहर में छात्र नेता भी रह चुका है। सीओ ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद हिस्ट्रीशीटर को न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### पौधारोपण करें संरक्षित रखें पर्यावरण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज के प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा पौधारोपण के द्वारा प्रकृति के अनमोल उपहार को बिना शुल्क के हासिल किया जा सकता है। सोमवार को नगर के अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान प्रचार्य डॉ अशोक कटारिया, मुशर्रफ खा, डॉ रूपा, जितेंद्र सिंह, अवनीश कुमार, समरपाल सिंह, निसार अहमद, निशिन सैनी, अर्शी चौधरी, विजयपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

### महिला सशक्तिकरण भाजपा का उद्देश्य

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। सोमवार को विकासखंड सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण भाजपा का मुख्य उद्देश्य है। नारियों का सम्मान हमेशा से पार्टी ने किया है। हम सभी को समाज सुधारक महिलाओं से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए तथा सर्व समाज विकास के लिए तत्पर रहना चाहिए।कहा की आजकल की नारियां हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। पार्टी ने महिलाओं को हमेशा ऊंचा स्थान देने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में कुसुम गोयल ने कहा कि समाज की मुख्य धारा में आने के लिए महिलाओं का घर से निकलना बहुत ही जरूरी है आज के समय में महिलाएं जमीन से लेकर आसमान तक झंडे गाड़ रही हैं, कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया, कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) मनोज सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबंधक मोहित संधू, कुसुम देवी तथा भाजपा जिला महामंत्री चंद्रभान भाटी, कार्यक्रम संयोजक रामवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### टाटा मैजिक की टक्कर से युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। थाना रहरा क्षेत्र के गांव बांसका खुर्द निवासी इफ्तेखार पुत्र छिद्धा ने थाना रहरा पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका पुत्र सुहेल दौड़ लगाने के लिये गया था। दौड़ लगाते हुए बुरावली बाजार के पास पहुंचा तो सामने से एक टाटा मैजिक ने टक्कर मार दी। जिसमें उसका बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे ही मुझे फोन से अवगत कराया। घायल को उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सैंटर रैफर किया गया हैं

### स्टाम्प वैंडर्स ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। स्टाम्प वेंडर्स कल्याण अधिनियम बनाने की मांग को लेकर आल यूपी स्टाम्प वेंडर्स एशोसिएशन ने स्टांप एवं निबंधन मंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम बृजेश त्रिपाठी को सोपा। संगठन के जिला अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने स्टाम्प वेंडर्स के हित में स्टाम्प वैंडर्स कल्याण अधिनियम बनाने की मांग की। टाम्प वैंडर्स को निबंधन मित्र, पीपीपी मॉडल और रजिस्ट्री में हित सुरक्षित किया जाए। इस दौरान पवन कुमार, विशाल कुमार, रमेश सिंह, बाबूराम, मनोज, छत्रपाल, चंद्रशेखर आदि मौजूद रहे।



मंडी धनौरा। भाकियू की पंचायत को संबोधित करते वक्ता।

# टमाटर के खेत में दिखे दो शावक

## किसानों के उड़े होश, सूचना के बाद नहीं पहुंचा वन विभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। टमाटर के खेत में शावक दिखने से किसानों के होश उड़ गये। सूचना देने के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। घटना को लेकर ग्रामीणो में दहशत का माहौल है।

शनिवार की सुबह खेत पर काम करते समय टमाटर के खेत में छिपे तेंदुए ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया था। इस दौरान छह लोगों को घायल कर दिया था। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने तेंदुए की पीट-पीटकर मार डाला था। इस मामले में डिप्टी रेंजर राजीव वर्मा की तहरीर पर ग्राम प्रधान बृजेश के भाई राजेश कुमार और गांव के रहने वाले राजू सैनी व धर्मवीर को नामजद करते हुए अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रविवार सुबह करीब नौ बजे गांव के ही रहने वाले रत्नेश और धन सिंह खेत में टमाटर तोड़ रहे थे। तभी, उन्होंने दो शावक और एक तेंदुए को घूमते देखा था। शावक व तेंदुआ देखकर रत्नेश और धन सिंह ने घरों की ओर भागकर जान बचाई थी। इसके बाद से ग्रामीणों ने खेतों की तरफ जाना बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि तेंदुआ व दो शावकों को देखे जाने के बाद वन विभाग को सूचित करने के बाद भी पिंजरा नहीं लगाया और न ही ग्रामीणों की सुरक्षा का कोई और इंतजाम किया है। वन विभाग की टीम गांव पहुंची लेकिन, पूछताछ करके ऐसे ही लौट गई। इस मामले में उप वन क्षेत्र अधिकारी राजीव वर्मा ने पल्ला झाड़ते हुए दोबारा तेंदुए दिखाई देने की बात से इन्कार किया था। लेकिन, सोमवार को वन विभाग के अधिकारियों ने कुतुबपुर हमीदपुर के रहने वाले रवि कुमार और राम सिंह के खेत में अलग-अलग दो पिंजरे लगाए हैं। जिससे जंगल में घूम रहे तेंदुए और शावकों को पकड़ा जा सके।

# बिना जांच के ही किसानों पर कार्रवाई का आरोप

## भाकियू असली की पंचायत में किसानों ने उठाया मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। भारतीय किसान यूनियन असली के मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा कि नौगावां सादात क्षेत्र में तेंदुए की मौत के मामले में बिना जांच के ही तीन लोगों पर मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई की गई है। बिना शर्त सभी की रिहाई हो। तेंदुए के आतंक से किसानों को निजात दिलाई जाए।

सोमवार को ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत का आयोजन हुआ। मासिक पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। किसानों ने गन्ना सीजन 2024-25 के बकाया भुगतान की मांग की। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा जिले में चड्डी गैंग का खौफ फैला हुआ है। इसपर पुलिस प्रशासन को लगाम लगानी चाहिए। तेंदुए लगातार किसानों पर हमला कर घायल कर रहे हैं। तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जाएं। बैठक में आगामी 21 जून से हरिद्वार में लगने वाले तीन दिवसीय चिंतन शिविर व 1व जून को हापुड़ में आयोजित महापंचायत में भारी संख्या में किसानों के पहुंचे का आव्हान किया गया। इस दौरान डूंगर सिंह, बचन सिंह, नरेश कुमार, कलुआ खा, राजवीर सिंह, जसपाल सिंह, दिनेश प्रधान, सुखविंदर सरदार, शकील, जुल्फिकार, इश्तियाक अल्वी, सुनील, जन्म सिंह, श्यामबलि यादव, रमेश प्रधान, दिगपाल सिंह, रजीव त्यागी, कपिल त्यागी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने चोर को बाइक समेत किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। मेगामार्ट के बाहर खड़ी बाइक को चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है। थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव दमगढ़ी निवासी नितिन कुमार पुत्र सुनील कुमार संभल गजरौला बाईपास मार्ग एक मेगामार्ट में बीते दिन बाइक पर सवार होकर आया था। जब वह मेगामार्ट से बाहर आया तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक बरामद करने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाइक चोर को पकड़ने के लिए जाल फैलाया था। पुलिस ने आरोपी लव कुमार पुत्र सुभाष सिंह निवासी खुर्तियां थाना रहरा को ग्राम दीपपुर गेट से बाइक समेत अरेस्ट कर लिया।

# गृहक्लेश में विवाहिता ने पिया जहर, मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गृहक्लेश के चलते विवाहिता ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। इलाज के दौरान मेरठ में उसकी मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

यह घटना थाना व गांव डिडौली की है। यहां पर सोनू सिंह का परिवार रहता है। दो साल पहले उसकी शादी नीलम के साथ हुई थी। परिवार में सात महीना की बेटी भी है। बताते हैं कि घरेलू क्लेश के चलते शुक्रवार को नीलम ने घर में रखा तेजाब पी लिया था। हालत बिगड़ने पर स्वजन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ रेफर कर दिया गया था। रविवार रात को उपचार के दौरान नीलम की मौत हो गई। सोमवार को स्वजन शव घर ले आए तथा मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया है। पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। विवाहिता की मौत से स्वजन में को. हराम मचा हुआ है।

# जाजरू गांव में मीट लाने पर लगे पाबंदी

## मछलियों को खिलाने के लिए दिल्ली से लाते हैं कारोबारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मछलियों को खिलाने के लिए गांव में दिल्ली की गाजीपुर मंडी से अवैध तरीके से मांस लाने पर रोक लगाने की मांग की गई है। नौगावां सादात तहसील क्षेत्र के गांव जाजरू के ग्रामीणों ने सोमवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स को ज्ञापन सौंपा। अवगत कराया कि गांव में कुछ लोगों द्वारा मछली पालन किया जा रहा है। महंगा होने के कारण ये लोग मछलियों को दाना नहीं बल्कि दिल्ली की गाजीपुर मंडी से मुर्गों के अवशेष मंगाकर खिला रहे हैं। अवशेष को काटने के लिए इन लोगों ने अवैध तरीके से गांव में छह-सात मशीनें भी लगा रखी हैं। लोगों का कहना था कि इसके चलते गांव में प्रदूषण फैल रहा है। साल 2020 से अब तक गांव में कैंसर से 17 लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। मांस इधर-उधर पड़ा रहता है, जिसे खाकर कटखने हो रहे कुत्ते आम लोगों और बच्चों को काट रहे हैं। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों पर शिकायत की सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान जितेंद्र शर्मा, चंद्रपाल सिंह, देवराज सिंह, रघुवीर सिंह, जयवीर सिंह, कल्लू सिंह आदि मौजूद रहे।

# कई अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश

## लापरवाह अधिकारियों का स्पष्टीकरण भी मांगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगावां सादात**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कई अधिकारियों का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण के निर्देश दिये।

डीएम निधि गुप्ता वत्स ने तहसील में संमपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनीं। बिजली विभाग से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण न होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह जनता की शिकायत को समय से निस्तारण करें अन्यथा सख्त कार्रवाई को तैयार रहे। जबकि विकास खंड व पंचायत विभाग से जुड़ी शिकायतों के निस्तरण के आदेश भी डीएम द्वारा दिये गये है। उन्होंने कहा कि



जिन पक्षों में विवाद की शिकायत है दोनों को मौके पर बुलाकर निस्तरण किया जाये। इस दौरान उनके सामने 27 शिकायतें आयी जिसमें से मात्र दो का ही मौके पर निस्तारण हो सका। डीएम ने फोन से फीड बैक लिये जाने पर नायाब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, एसडीओ, अधिशासी अभियंता विद्युत, राजस्व निरीक्षक कयामपुर को वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण के निर्देश दिये।

# गर्मी से नहीं मिल रही राहत सभी परेशान

## पंखें भी फेंकने लगे गर्म हवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। भीषण गर्मी ने लोगों को रूलाकर रख दिया है। रात दिन की तपिश से जनता का बुरा हाल है। कहीं भी राहत नही मिल रही। पंखे गर्म हवा फेंक रहे है। गर्मी के कारण लोगों में बीमारियां भी फैलनी शुरू हो गई है। यहां मात्र तीन से चार घंटे की बिजली आपूर्ति की जा रही है।

पिछले कई दिन गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। कई-कई बार स्नान के बाद भी राहत नही मिल रही है। दिन की शुरूआत से ही गर्मी परेशान कर रही है। नगर में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है। यही हाल बाजार का भी है। सांय के समय ही लोग खरीदारी करने पहुंच रहे है। लगातार सूर्य देवता अपने रूद्र रूप में नजर आ रहे है। हालत यह है कि दिन के साथ रातों भी गर्म होती जा रही है। यही कारण है कि जनता अब बीमारियों की चपेट में आ रही है। उल्ट दस्त व बुखार के मरीजों की अस्पतालो में भारी भीड़ दिखाई दे रही है। गर्म मौसम में जरा सी लापरवाही भारी पड़ रही है। बच्चों व बुर्जगों का बुरा हाल है। जो पहले से बीमार है वह और गंभीर होते जा रहे है। रात के समय भी राहत नही है। पंखे गर्म हवा फेंक रहे है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में नाममात्र की आपूर्ति होने के कारण हर कोई परेशान है। जब तक वर्षा नहीं होगी इससे निजात मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। सभी की नजर आसमान पर टिकी है। लेकिन वर्षा के आसार अभी कम ही है।

# पीएम की वीडियो एडिट करने वाला गिरफ्तार

## पीएम की आवाज किये थे भद्दे कमेंट्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को एडिट कर आपत्ति. जनक हालत में सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला युवक बुरी तरह से फंस गया है। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर चालान कर दिया।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव चंदनपुर खादर निवासी मुकीम पुत्र शौकीन ने 6 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को एडिट कर आपत्तिजनक भारत में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। जैसे ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस आपत्तिजनक वीडियो को देखा तो उन्होंने रोष फैल गया। भाजपा कार्यकर्ता शिकायत करने के लिए रहरा थाना पहुंच गये। क्योंकि मामला देश के प्रधानमंत्री से जुड़ा हुआ था थाना पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि प्रधानमंत्री की वीडियो को गलत तरीके से एडिट किया गया है। इन हरकतों से माहौल खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। पुलिस ने आरोपी मुकीम को हिरासत में ले लिया। थाना इंचार्ज कुमरेश त्यागी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर कोर्ट में पेश किया गया है। कुछ लोग सोशल मीडिया पर नेताओं अधिकारियों एवं समाज सेवियों के गलत तरीके से वीडियो को एडिट कर उन्हें वायरल कर देते हैं। जिससे कभी-कभी माहौल खराब होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। पुलिस द्वारा लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। लेकिन ऐसे मामलों को तूल देने वाले सुधर नहीं रहे हैं।

# सीओ ने होनहार खिलाड़ियों के प्रयास को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। आरके शूटिंग रेंज के होनहार खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद अमरोहा का नाम रोशन किया। सीओ श्वेताभ भास्कर ने विजेताओं की सराहना की और आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्ष चौधरी पुत्र अनुज चौधरी ग्राम ढकिया भुड़, निशांत चौधरी पुत्र अनिल चौधरी निवासी मोहल्ला भानपुर, शरद कुमार गोला पुत्र पंकज कुमार गोला निवासी धनौरा ने सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। गंधर्व तरार (पुत्र गौरव चौधरी निवासी गजरौला, विनायक शर्मा पुत्र हेमंत शर्मा ग्राम खाईखेड़ा, लक्ष्य निवासी गजरौला आदि इन खिलाड़ियों की सफलता के पीछे कोच अनुज चौधरी का कुशल मार्गदर्शन और प्रेरणा रही। मण्डी धनौरा क्षेत्र के सीओ श्वेताभ भास्कर ने विजेता छात्रों एवं कोच अनुज चौधरी के प्रयास की सराहना करते हुए मनोबल बढ़ाया।

**■ शूटिंग प्रतियोगिता में जीते हैं सिल्वर मैडल**



# सैनी समाज का उत्पीड़न बंद करे पुलिस व वन विभाग

## लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी ने दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के मोहल्ला सैनी नगर में लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी कार्यालय पर कल्याण सिंह सैनी के अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ बैठक में सत्ताधारी दल पर सैनिक समाज के प्रति उदास. ीनता के कारण प्रशासनिक अधिकारियों पर समाज के उत्पीड़न और शोषण का आरोप लगाया।

संगठन के जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा बीते एक सप्ताह में जनपद में दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में सैनी समाज के लोगों का पुलिस और वन विभाग द्वारा उत्पीड़न किया गया है। समाज के लोगों को जल्द न्याय नहीं मिला तो संगठन उग्र आंदोलन और भूख हड़ताल पर बैठने को बाध्य होगा। उन्होंने आरोप लगाया की मंडी धनोरा क्षेत्र के गांव आजमपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मोटी रकम वसूल कर मुकदमे का अल्पिकरण कर दिया। उधर नौगांवा थाना क्षेत्र में तेंदुए की मौत के मामले में भी वन विभाग ने पुलिस से हमसाज होकर ग्रामीणों का उत्पीड़न और शोषण किया जा रहा है इसको संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा

# पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

## विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहितो को पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के मोहल्ला दरवारे कलां में अब्दुल हफीज का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी सहर की शादी एक साल पहले मोहल्ले के ही रहने वाले गुफरान के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वाले विवाहिता के साथ मारपीट करते हैं। जान से मारने की धमकी देते हैं। रविवार को ससुराल वालों ने सहर के साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में पिता के घर रहती है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में गुफरान, वसीम, शाहबाज, अजीम और फरहा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ससुर-साले को पीटने में दामाद पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ससुर व साले के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव पंडका निवासी जगदीश पुत्र नत्थू सिंह ने अपनी पुत्री कविता की शादी थाना हसनपुर क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी राहुल पुत्र जयपाल के साथ की थी। जगदीश का कहना था कि उसकी बेटी के साथ दामाद ने मारपीट की थी। जब वह बेटी की ससुराल पहुंचा तथा दामाद को समझाने का प्रयास किया तो राहुल ने उसके पुत्र रनवीर के पेट में लात मारी तथा दोनों को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर राहुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# संविधान बचाने को भाजपा को सत्ता से हटाना जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जनपद के ग्राम आलमनगर में आयोजित बैठक में एआईएमआईएम के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. टीपी सिंह ने कहा कि सभी धर्मों और जातियों के लोगों ने आजादी के बाद से लेकर अब तक अपनी पार्टी पर भरोसा किया और सत्ता प्राप्त की, इसलिए मुस्लिम समाज के लोगों को भी चाहिए कि वे एआईएमआईएम के झंडे के नीचे आएं और अपनी राजनैतिक आवाज को बुलंद करें। कहा कि देश के मुस्लिमों की दुर्दशा के लिये देश की सेकुलर पार्टियों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने केन्द्र व प्रद. ेश की भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आज देश में मुस्लिमों और दलितों पर दमन बढ़ रहा है। कहा कि संविधान बचाने के लिये यह जरूरी है कि भाजपा से सत्ता छीनी जाए। बैठक में नबी हसन सैफी, इकरामुद्दीन सैफी, जाने आलम, राशिद सैफी, हारून सैफी, नरेन्द्र जाटव, जुनैद, शाहरूख, महेन्द्र, महावीर, नवाजिश, रईसदुद्दीन, इरफान, साजिद, कृपाल, महावीर, सोनू आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष जाने आलम ने किया।

**■ एआईएमआईएम की बैठक आयोजित**



## एक नजर

### योग से निरोगी रहता है मनुष्य



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। झम्मनलाल पीजी कॉलेज में योगा फोर अर्थ वन हैल्थ थीम पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों को योग के प्रति जागरूक करना रहा। सोमवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीति शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और निरोग रहने के लिए प्रात: काल आधा घंटा रोज योग करने के लिए प्रेरित किया. प्राचार्या डॉक्टर शमा परवीन ने सूर्य नमस्कार के कुछ योगासन और कपालभाति, भ्रामरी, अनुलोम विलोम जैसे प्राणायाम के बारे में और उनसे होने वाले लाभ के विषय में भी बताया. इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी अशरफ, श्रीमती बबिता त्यागी, एमके भारती और भारी संख्या में एनएसएस के स्वयं सेवी और एनसीसी कैडेट्स व अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### पंचायत में अधिकारियों को भेजने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। किसानों की समस्याओं का निस्तावरण करने के लिए 12 जून को भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस की एक पंचायत उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर आयोजित की गई है। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी विवाह श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंप दिया उन्होंने बताया कि इलाके में किसानों की अनेकों समस्याएं हैं। उनका निस्तारण नहीं किया जा रहा है। इसीलिए 12 जून को एसडीएम कार्यालय के सामने एक बड़ी पंचायत का आयोजन किया गया है। उन्होंने पंचायत में जल जीवन मिशन एक्सईन, विद्युत विभाग के एक्सईन जेई देहात, उझारी चौकी इंचार्ज, लेखपाल पत्र मुस्तकाम लेखपाल कूडी वीरान सप्लाई इंस्पेक्टर हसनपुर, आरटीओ अमरोहा, मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक, प्रथमा बैंक प्रबंधक को पंचायत में भेजा जाये। उन्होंने कहा कि यदि समय पर संबंधित अधिकारियों को नहीं भेजा गया तो वह आंदोलन करने को विवश होंग। ज्ञापन देने वालों में देवेंद्र सिंह सैनी, निजाम प्रधान, दीपक गुर्जर, सोनू गुर्जर, डॉक्टर रविंद्र सिंह, अतीक अहमद, उदयवीर सिंह, हैप्पी त्यागी, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### एक साल से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर, प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। पिछले लगभग एक वर्ष पहले आंधी से खराब ट्रांसफार्मर की बिजली विभाग के अधिकारियों ने सुध नहीं ली। जिसके चलते चोर तार भी काट कर ले गए। ग्रामीणों ने दूसरे ट्रांसफार्मर से लाइन चालू कर ली लेकिन ओवरलोड होने की वजह से यह ट्रांसफार्मर भी आए दिन खराब हो रहा है। रहरा क्षेत्र के गांव बांसका कला के ग्रामीणों ने रविवार को गांव में प्रदर्शन करते हुए बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व आंधी के दौरान गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। इसकी सूचना अवर अभियंता व लाइनमैन को दी गई थी, लेकिन किसी ने ट्रांसफार्मर ठीक नहीं कराया। आपूर्ति ठप रहने की वजह से चोर ट्रांसफार्मर से जुड़े तार भी काट कर ले गए। ग्रामीणों ने गांव को आपूर्ति देने वाले दूसरे ट्रांसफार्मर से घरों के तार जोड़ लिए। ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोड होने की वजह से यह ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो जाता है। मांग की गई है कि पुराने ट्रांसफार्मर को ठीक कराया जाए, जिससे कि दूसरे ट्रांसफार्मर का लोड कम हो सके। प्रदर्शन करने वालों में सतीश, सुन्दर सिंह, जयपाल सिंह, कृपाल सिंह, टिंकू सिंह, पप्पू सिंह, रामकुमर, शिवेन्द्र, जयप्रकाश, सोनू सिंह, कल्लू सिंह, आदि थे।

### जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद, हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। थाना आदमपुर की दड़ियाल पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव करनपुर खादर गांव निवासी परम सिंह का करीब 40 वर्ष से जमीन पर कब्जा है। उस जमीन पर अब तक वह खेती-बाड़ी करता आ रहा है। जमीन गांव नजदीक होने के कारण परम सिंह ने अपने खेत में मकान बनाने की तैयारी कर रहा है जिसको लेकर दूसरे पक्ष ने विरोध करना शुरू कर दिया और हंगामा खड़ा हो गया। किसी ग्रामीण ने हंगामा की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मामला संज्ञान में लिया आरोपियों को पड़कर थाने ले गई राजस्व विभाग की टीम से भी इस जमीन के मामले में जानकारी जुटाई गई पूछताछ की दौरान निजी जमीन मलिक को जमीन देने की बात कही गई। उधर आदमपुर पुलिस ने दोनों पक्षों का शांति भंग धारा151 के तहत चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया।

# लम्बित वादों को समय से निपटाएं

## एडीएम ने किया तहसील न्यायालय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। एडीएम ब्रजेश त्रिपाठी ने तहसील न्यायलयों का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित पुराने वादों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए। तहसील क्षेत्र में कहीं भी सार्वजनिक तालाब व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं अवैध कब्जे हैं तो उन्हें कब्जा मुक्त कराया जाए।

सोमवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व ब्रजेश त्रिपाठी ने तहसील न्यायलयों का मुआयना किया। एडीएम के निरीक्षण से अधिकारियों में भी हड़कंप मचा रहा। एडीएम ने पुराने वादों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा की तीन और पांच वर्ष का कोई भी पुराना वाद लंबित न रहे प्राथमिकता के साथ निस्तारण कर दिया जाए। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार न्यायालय



में धारा 67, 34, 24 के मामलों की जानकारी लेकर अभियान चलाकर लंबित वादों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ कराए जाने के निर्देश दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चन्द्रकान्ता, एसडीएम न्यायिक बृजपाल सिंह, तहसीलदार मुसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल, श्रीपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# धूप और भीषण गर्मी से हाल बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। सोमवार को गर्मी और धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल रहा, वहीं नगर के मोहल्ला बैंक कॉलोनी में रखा ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण खासकर इस क्षेत्र के लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा, हालांकि बिजली की आंख मिचौली दिन भर ही चलती रही। रविवार को भीषण गर्मी और दिन में तपती धूप के बाद सोमवार को भी ऐसा ही हाल रहा। सोमवार को सुबह से ही सूर्यदेव ने रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया था। तपती धूप से बचने के लिये लोग घरों में कूलर पंखे और एसी के आगे बैठे रहे मगर बिजली की कटौती काफी रही। कामकाजी लोगों को तपती धूप और गर्मी के बाबजूद काम पर जाना पड़ा। हालांकि दिन भर बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। शाम के समय ही बाजारों में लोगों की भीड़ दिखी। गर्मी के मौसम में जूस, कोल्डड्रिंक और आईसक्रीम के कॉर्नरों पर भी अच्छी भीड़ उमड़ी। चौराहों पर भी पेड़ों के नीचे खड़े होकर ही लोगों ने गर्मी से राहत पाई। वहीं तपती धूप और भीषण गर्मी के बीच मोहल्ला बैंक कॉलोनी में नगर के रेलवे फ्लाई ओवर के नीचे रखा एक ट्रांसफार्मर फाल्ट होने के बाद खराब हो गया, हालांकि कर्मचारियों ने उसे ठीक करने की काफी मशक्कत की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। जिसके बाद शाम के वक्त यहां पर नया ट्रांसफार्मर रखने की प्रक्रिया शुरू की गई। समाचार लिखे जाने तक महकमे के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर थे। इस कारण खासकर बैक कॉलोनी के लोगों को बिजली न मिलने के कारण काफी समस्या का सामना करना पड़ा।

**■ मोहल्ला बैंक कॉलोनी का टीएफ हुआ खराब, बिजली आपूर्ति रही बाधित**

# परीक्षा के बाहर खड़ी बाइकों के चालान

## भड़के छात्र, पुलिस से नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। थाना क्षेत्र में स्थित वाईएमएस डिग्री कॉलेज के बाहर पुलिस और छात्रों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। पुलिस ने कॉलेज के बाहर खड़ी छात्रों की बाइक का चालान काट दिया। इस कार्रवाई से नाराज छात्रों ने पुलिस कार्यवाही का विरोध किया तो उनकी पुलिस से कहासुनी भी हो गयी किसी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

छात्रों का कहना है कि वे परीक्षा देने आए थे और उनकी बाइकें कॉलेज परिसर के बाहर खड़ी थीं। पुलिस ने बिना किसी पूर्व सूचना के वाहनों का चालान काट दिया। जब छात्रों ने इसका विरोध किया तो पुलिस ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में छात्र और पुलिसकर्मी आपस में बहस करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि परीक्षा के दौरान इस तरह की कार्रवाई उचित नहीं है। उधर पूरे मामले में पुलिस का कहना है कि सुगम यातायात व्यवस्था के मद्देनजर नो पार्किंग में खड़े वाहनो व अवैध साइलेंस लगे वाहनो का चालान किया गया जिसपर वाहन चालकों द्वारा आपत्ति जताई गई थी बाद में पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें समझाकर शांत कराया गया।

# महबूब ने किया नीलकंठ स्टार होटल का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर**। लोकलेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने गांव शकरपुर में नीलकंठ स्टार होटल/ रेस्टोरेंट का फीता काटकर उदघाटन किया।

इस दौरान श्री अली ने कहा कि हाईवे पर काफी समय अच्छे होटल की कमी खल रही थी। इस होटल के शुरू होने से लोगों को कम कीमत में स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। कई प्रकार के व्यंजन व अन्य सुविधाओं से होटल लैस हैं उन्होने कहा कि हाइवे से रोजाना हजारों यात्री गुजरते है। परन्तु अच्छे होटल की कमी होने के कारण वह यहां रूकने से परहेज करते थे। परन्तु अब इस होटल के खुलने से उन्हें काफी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में विधायक इकबाल महमूद, जावेद आब्दी, परवेज अली, मस्तराम यादव, निर्मोज यादव, इकबाल खां, नसीम खां, इकरार अंसारी, जाहिद चेयरमैन, यामीन फारूकी, अंसार मलिक, कौसर अब्बासी, साबिर अली, हरिओम सिंह आदि मौजूद रहे।



# हजरत शाह अब्बन बद्रे चिश्ती के उर्स का आगाज़



## नातिया व मनकबती महफिल में शायरों ने पेश किये कलाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हजरत शाह अब्बन बदरे चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के वार्षिक उर्स की शुरुआत हो गई है। इस सिलसिले में रविवार रात सजी नातिया व मनकबती महफिल में शायरों ने बेहतरीन कलाम पेश कर समा बांध दिया। श्रोताओं से खूब वाहवाही हासिल की।

शहर के मोहल्ला पीरजादा स्थित शाह की खानकाह में रविवार रात सजी महफिल की शुरुआत तिलावते कलाम-ए-पाक से की गई। इसके बाद शायरों के कलाम पेश करने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। मौलाना साद अमरोहवी, जुबैर इब्ने सैफी, मिर्जा साजिद अमरोहवी, अनीस अमरोहवी, रहबर रजा, नाजिश मुस्तफा, अशरफ फराज व हबीब अहमद समेत अन्य शायरों ने नातिया व मनकबती कलाम पेश किया, जिसे सुनकर श्रोताओं ने उन्हें खूब दाद दी। महफिल की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर मिर्जा साजिद अमरोहवी तथा संचालन डा.नासिर अमरोहवी ने किया। इस दौरान दरगाह के सज्जादानशीन सैय्यद मसूद आलम चिश्ती, सैय्यद तकी उल हसन रिजवी, उवैस मुस्तफा रिजवी, सूफी मोईन उद्दीन, खलीफा माजिद, उबैद फहीम एडवोकेट, जाहिद कुरैशी, फारिक अजीम, इमदाद खान लोधी, अनस अब्बासी आदि मौजूद रहे। वहीं, सोमवार सुबह को खानकाह शरीफ में महफिल समा का आयोजन किया गया। कव्वालों ने शाह की शान में कलाम पेश कर महफिल में नूरानियत का रंग भर दिया। इसके बाद दोपहर में अकीदतमंदों में लंगर वितरित किया गया। वक्फ कमेटी के सचिव जैद रिजवी ने बताया कि पांच दिवसीय उर्स का समापन गुरुवार रात टीपीनगर चौराहा स्थित रोजा-ए-मुकद्दसा पर कुल शरीफ की रस्म के साथ होगा। इस बीच दिन में खानकाह शरीफ तो रात में रोजा-ए-मुकद्दसा पर कव्वाली का आयोजन जारी रहेगा

# बिसौली में अधिवक्ताओं ने अतिक्रमण हटवाने की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** मुंसिफ कोर्ट के सामने ठेले खोमचे वालों द्वारा अतिक्रमण को लेकर अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। मुंसिफ बार वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरदीप मिश्रा के अनुसार ठेले खोमचे वाले न्यायालय परिसर के गेट व परिसर के सामने खड़े हों जाते हैं। जिससे वादकारियों व अधिवक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मुंसिफी बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरदीप मिश्रा एड., कौशल सक्सेना एड., शालिनी सक्सेना एड., अनुपम शर्मा एड., अरविंद कुमार एड., मनु प्रसाद एड., विनय एड. आदि अधिवक्ताओं ने डीजे व डीएम से न्यायालय परिसर के सामने अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# निजी अस्पताल में महिला की मौत, गलत इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ी हालत, हंगामा





शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** इंद्रा चौक स्थित एक निजी अस्पताल में महिला ड्रेसिंग करवाने और दवा लेने आई थी जिसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन से महिला की मौत हुई है मौत के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया।अस्पताल में हंगामा किया।

उर्वेशा के पति की तरफ से अस्तपाल के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस अस्पताल में तैनात सीओ सिटी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाकर परिजन शांत हुए। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पिंदारा निवासी जसवीर ने बताया कि उनकी पत्नी उर्वेशा देवी के ऊपर गाय गिरने के कारण उर्वेशा के पैर की हड्डी टूट गई थी। जिसका इंद्रा चौक स्थित एक निजी अस्पताल में 22 मई को पैर का ऑपरेशन हुआ था जब से उसका इलाज चल रहा था। उर्वेशा के पैर पर प्लास्टर चढ़ाया गया। कुछ दिनों पहले प्लास्टर कटने के बाद जख्म पर हर तीसरे दिन पट्टी कराने और दवा लेने के लिए सोमवार दंपती अस्पताल गया। वहां, डॉक्टर ने पट्टी करने के बाद दर्द निवारक इंजेक्शन लगाने के लिए कंपाउंडर को कहा इंजेक्शन लगाने के बाद अस्पताल से आधा किलोमीटर आगे पहुंचने पर ही महिला को उल्टियां होने लगीं।

जसवीर अपनी पत्नी को दोबारा अस्पताल लेकर गए लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उर्वेशा को गलत इंजेक्शन लगाया गया। पत्नी की मौत की सूचना अपने परिजनों और ससुराल. ीजनों को दी। कुछ ही देर में अस्पताल में सैकड़ों लोग पहुंच गए। हंगामा बढ़ता देखकर डॉक्टर और कर्मचारी मौके से फरार हो गए। किसी ने हंगामे की सूचना पुलिस को दी गई।

स्थिति सामान्य करवाने के लिए पीएसी को बुलाना पड़ा। पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए। खबर लिखने तक शव को पोस्टमॉर्टम कराया जसवीर ने अस्पताल के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। नोडल पंजीकरण सेल डॉ पवन जायसी ने बताया शव का पोस्टमार्टम तीन डाक्टरों के पैनल द्वारा कराया जाएगा जो तथ्य सामने आयेगे उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# टेबलेट पाकर आईटीआई प्रशिक्षार्थियों के खिले चेहरे



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** आसफपुर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिसौली बदायूं में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टेबलेट वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्य अथिति जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता व ब्लॉक प्रमुख ओम कृष्ण के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वर्ष 2024 के आईटीआई उत्तीर्ण 119 प्रशिक्षार्थियों को टेबलेट वितरित किए गए। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता व ब्लॉक प्रमुख ओम कृष्ण ने अपने संबोधन में उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में अपने व्यवसाय में आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक सोच व अपने कार्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा व लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों ने टेबलेट पाकर प्रदेश सरकार व मा0 मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई आसफपुर बिसौली मे नरेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, जय, आमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों का गंभीरतापूर्वक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी: डीएम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील बिसौली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परिसर में पौधा रोपण किया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व नवजात शिशुओं को अन्न प्राशन कराया। इस अवसर पर कुल 42 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 04 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। माह के प्रथम शनिवार 07 जून को ईद-उल-अजहा (बकरीद) एवं 08 जून को रविवार के शासकीय अवकाश होने पर नियमानुसार अगले कार्यदिवस 09 जून 2025 सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, निस्तारण के समय इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने भूमि व राजस्व संबंधी वादों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिए व इसकी फोटोग्राफी भी कराने के लिए भी कहा। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश करवाने सहित राजस्व विभाग की 10, पुलिस विभाग 12, विकास विभाग 08, अन्य विभागों की 12 सहित कुल 42 शिकायती एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 04 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कम्पोजिट विद्यालय हर्रायपुर की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई तथा सिंगल यूज प्लास्टिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक किया गया, वहीं डीएम, एसएसपी व अन्य अधिकारियों ने परिसर में पौधा रोपण कर पर्यावरण संतुलन व संरक्षण का संदेश दिया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व नवजात शिशुओं को अन्न प्राशन कराया। इस अवसर पर एसएसपी ब्रज. ेश कुमार सिंह, सीडीओ केशव कुमार, एसडीएम राशि कृष्णा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बिल्सी में एडीएम ने सुनीं जनता की शिकायतें



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिल्सी।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम एफआर वैभव शर्मा ने जनता की शिकायतों का सुना। इस दौरान यहां मात्र 38 शिकायती पत्र प्राप्त हुए।

जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर निराकरण कर दिया गया। शेष सभी शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों के लिए प्रेषित कर दिए। उन्होंने कहा कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। समय से शिकायतों का निस्तारण होना चाहिए। ताकि जनता को अपनी समस्या के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। इस मौके पर एसडीएम रिपुदमन सिंह, नायब बदन सिंह यादव, मोहित कुमार राठी, पूर्ति निरीक्षक धीरज गुप्ता, जेई दिनेश कुमार सिंह, बीईओ गौतम प्रकाश, फूड इंस्पेक्टर शाहबुद्दीन अली, प्रदीप सक्सेना, विनोद कुमार सिंह, हरिओम सिंह आदि मौजूद रहे।

# बच्चों की मौत से आक्रोशित कांग्रेसियों ने जिला महिला अस्पताल में किया विरोध प्रदर्शन

**■ बच्चों की मौत के लिए योगी सरकार जिम्मेदार : अजीत यादव**



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बदायूं।** बदायूं महिला जिला अस्पताल में चार नवजात बच्चों की मौत के लिए प्रदेश की योगी सरकार जिम्मेदार है। अस्पताल में वेंटिलेटर की व्यवस्था न होने से नवजात बच्चों की जीवन रक्षा नहीं हो पा रही है। सूबे की योगी सरकार बदायूँ जिला महिला अस्पताल में वेंटिलेटर नहीं दे सकी है। जो चार सीपैप मशीनें आई हैं उनके संचालन को स्टाफ का प्रशिक्षण तक नहीं कराया गया है।उक्त बातें बदायूँ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने आज महिला जिला अस्पताल में प्रदर्शन के दौरान कहीं।महिला अस्पताल में शनिवार को चार नवजात बच्चों की मौत की खबर से आक्रोशित जिला कांग्रेस कमेटी ने आज महिला अस्पताल में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिल्सी को दिया। ज्ञापन में बच्चों की मौत की घटना की न्यायिक जांच कराने, महिला जिला अस्पताल में वेंटिलेटर और सीपैप मशीनें लगाने। वेंटिलेटर और सीपैप मशीनें चलाने को प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती और मृतक परिवारों को मुआवजा देने की मांग की गई।कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि डॉक्टरों और सीएमएस की लगातार मांग के बाद भी प्रदेश सरकार ने वेंटिलेटर नहीं भेजे।चार सीपैप मशीनों को चलाने को प्रशिक्षित स्टाफ नहीं दिया। जिसके चलते बच्चों की मौत हुई। प्रदेश की योगी सरकार की लापरवाही आपराधिक है।कांग्रेस नेता बफाती मियाँ व अनिल यादव ने कहा कि महिला जिला अस्पताल में घोर अनियमितताएं चल रही है। भ्रष्टाचार चरम पर है। अब मशीनों के अभाव में बच्चों की मौत हो रही है। इसको कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।कांग्रेस नेता सुनीता सिंह, दीपक मिश्रा व आलोक सिंह ने कहा कि हर महीने महिला अस्पताल में दर्जनों बच्चे वेंटिलेटर के अभाव में दम तोड़ देते हैं। दिसम्बर महीने में चालीस बच्चे वेंटिलेटर के आभाव में मर गए। लेकिन उत्तर प्रदेश की योगी सरकार संवे. दनहीन बनी हुई है। कांग्रेस नेता अहमद अमजदी, अमन खान व जाविर जैदी ने कहा कि अगर वेंटिलेटर आ जाता तो बच्चों की जान बचाई जा सकती थी।प्रदेश केप्रदर्शन में बफाती मियाँ, अनिल यादव, सुनीता सिंह, दीपक मिश्रा, आलोक सिंह, जाबिर जैदी, अहमद अमजदी, सलीम अंसारी, सोनपाल सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, अमन खान, नौशाद अली, साबिर, आलोक जोशी, प्रेमपाल, रईस अब्बासी, इमरान खान, राजा साहू, नरेश पाल, जाबिर गद्दी आदि शामिल रहे।

# बिसौली में डीएम अवनीश राय ने लगाया एक पेड़ मां के नाम



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** डीएम अवनीश राय और एसएसपी डा. बृजेश कुमार सिंह ने समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद तहसील परिसर में पौधारोपड़ किया। उन्होंने कहा पेड़ है तो हम है, जिस दिन ये धरती पर नही होंगे, यहां एक भी जीव जंतु नहीं मिलेगा। सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित एक पेड़ मां के नाम लगाते हुए जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि केवल पौधे लगाने मात्र से ही जिम्मेदारी पूरी नहीं हो जाती, बल्कि सभी को चाहिए कि लगाए गए पौधों का अच्छे से पालन पोषण करें। ताकि लगाया गया छोटा सा पौधा कल एक वृक्ष बनाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाकर सभी को लाभान्वित करें। एसएसपी डा. बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि पौधारोपण करना और उनकी रक्षा करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पौधे जब बड़े होते हैं तो फल, फूल एवं छाया सहित जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन देते हैं।

# भाई की डांट खाने से आहत दो सगी बहनो ने खाया जहर दी जान

आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स

**सहसवान।** ग्राम भबानीपुर खल्ली दो सगी बहनो के बीच खाना बनाने को लेकर झगड़ा हो गया इसके बाद घर मे को. हराम मच गया भाई ने बहनो की लड़ाई देखी तो भाई ने अपना फर्ज निभाते हुए दोनो को डाट दिया भाई डाट इतनी बुरी लगी की दोनों बहनो ने जहर खा लिया व्यक्ति जब्बार की दो बेटी मेहरुल और मैरिन उर्फ जेबा थी दोनों ने एक साथ जहर खा लिया भाई दोनों को डाट कर अपने हाथ पर पट्टी कराने डॉक्टर के चला गया भाई के जाते ही दोनों बहने ने जहर खा लिया जब दोनों के पीता जब्बार नमाज पढ़कर घर आये देखा दोनों बहनो की बहुत बुरी हालत है आनन फानन मे जब्बार और उनके पडोसी लड़कियों को लेकर निजी अस्पताल मे पहुचे डॉक्टर ने उन दोनों को मेडिकल कॉलेज बदायूं रेफर कर दिया जहाँ उनकी मौत हो गई पुलिस ने दोनों की बॉडी को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेजा पुलिस जांच मे लगी घर वालो का रो रो कर बुरा हाल।

# नगर कुंवरगांव के ठाकुरद्वारा मंदिर में प्रतिमाओं की प्राणप्रतिष्ठा के बाद कराया विशाल भंडारे का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**कुंवरगांव।** नगर कुंवरगांव में तिरपौलिया तिराहे के निकट स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर भक्तों की आस्था का एक मुख्य केन्द्र है, मंदिर में चल रहे प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को प्रातः आरती के उपरांत एक विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर कमेटी तथा नगरवासियों के सहयोग से किया गया। जहां सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता समेत क्षेत्रवासियों तथा नगर के हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान का आशीर्वाद लिया, मंदिर प्रबंधक ऐडवोकेट शैलेन्द्रसिंह ने बताया कि नगर के ठाकुरद्वारा मंदिर में श्रीराम दरबार, श्री राधाकृष्ण, श्री लक्ष्मी नारायण, मां गायत्री, गणेश भगवान तथा शनिदेव महाराज की मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम चल रहा था, जिसकी शुरुआत रविवार को कलश यात्रा के साथ हुई, सोमवार को गृह पूजन एवं अखंड हवन व मूर्ति अधिवास कार्यक्रम विधिविधान के साथ संपन्न हुआ, शुक्रवार को नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, शनिवार को मूर्तियों की स्थापना के बाद प्रसाद वितरण किया गया, रविवार को प्रातः आरती के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया।

# क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का भाकियू टिकैत ने किया विरोध



(सुमित कुमार)

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/ रामपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत मासिक पंचायत निरीक्षण भवन शाहबाद में की गई जिसमें भाकियू टिकैत के सदस्य पर अधिकारी और किसान पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में इकट्ठा हुए और किसानो की विभिन्न समस्याओं की चर्चा करते हुए खास तौर पर क्षेत्र में लग रहे विधुत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर ना लगाने का फैसला लिया है वहीं ग्रामीण किसानों के बिल घरेलू ज्यादा आ रहे हैं उनको लेकर किसानों में रोष है जिसकी बाबत पांच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी शाहाबाद की अनुपस्थिति में नायब तहस. ीलदार शाहाबाद अंकुर अन्तल ने गेस्ट हाउस पहुंचे और भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश महासचिव दरियाव सिंह यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सोपा गया। इस दौरान रामदास मौर्य, राहत खान, डॉक्टर पप्पू यादव, शीशपाल सिंह मौर्य, रमेश डीलर, अंसार सैफी, अर्जुन सिंह, चौधरी तेजपाल सिंह, रामस्वरूप सागर, सुरेश मुखिया, पप्पू खा, अफरोज खा, प्रमोद यादव, भूरा खा, सत्येंद्र यादव, गेदनलाल, पिंटू शर्मा, सरफराज हुसैन, कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

# खेत में सिंचाई कर रहे किसान को बाघ ने बनाया निवाला, मौके पर पहुंचे डीएम ने मृतक के परिजनों को दी सांत्वना

**पीलीभीत।** पीटीआर की महोफ रेंज के अंतर्गत गांव मेवातपुर उर्फ शेरगंज निवासी किसान को बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। मामले की सूचना मिलने पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी तथा वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचे डीएम ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजे का आश्वासन दिया है। न्यूरिया थाना क्षेत्र में स्थित गांव मेवातपुर उर्फ शेरगंज निवासी मुकेश उर्फ गुड्डू पुत्र मंगली प्रसाद रविवार की रात अपने खेत में सिंचाई करने गए थे। सोमवार को तड़के खेतों की तरफ जा रहे ग्रामीणों ने मुकेश उर्फ गुड्डू का शव पड़े देखा। मौके के हालात से मुकेश की मौत बाघ के हमले में होना प्रतीत हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आसपास गांव के लोग ही वहां पहुंच गए हैं।

# कुमार संजय डिप्टी कलेक्टर ने संभाला शाहबाद ईओ का पदभार



(सुमित कुमार)

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को कुमार संजय डिप्टी कलेक्टर के द्वारा नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी का पदभार डिप्टी कलेक्टर कुमार संजय के द्वारा ग्रहण कर लिया गया।

शाहबाद की अध्यक्ष पति एवं स्वच्छता प्रेरक वसीम खान के द्वारा उनको बुकलेट देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात अधिशासी अधिकारी द्वारा समस्त कर्मचारियों के साथ मीटिंग की गई तथा अपने-अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक निर्वाह करने के आदेश दिए गए। डिप्टी कलेक्टर कुमार संजय के द्वारा कहा गया कि किसी भी कर्मचारी द्वारा किसी भी प्रकार की कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी डिप्टी कलेक्टर कुमार संजय ने सभासदों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि शाहबाद नगर के समस्त वार्डो मे बहुत जल्द विकास कार्य चालू कराए जाएंगे। जिससे नगर की जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करने दिया जाएगा। इस अवसर पर लिपिक नावेद मिया, प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन मुजीब मिया, कंप्यूटर आपरेटर रेहान अहमद एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम की अपील जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, सामाजिक व आध्यात्मिक आयोजनों को गौशालाओं में मनाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिह की आम जनमानस से अपील की है उनके द्वारा एक नम्र सांस्क्रतिक परंपरा की ओर कदम उठाया गया है। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, सामा. जिक व आध्यात्मिक आयोजनों को पारंपरिक होटलों या पाटह्र स्थलों की बजाय स्थानीय गौशालाओं में मनाएं। गौशाला में जन्मदिन मनाना, हवन-पूजन के माध्यम से आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त प्राप्त होती है। गौसेवा के ज़रिए पुण्य अल्ज़त करना। यह पहल न केवल हमारी संस्क्रति का सम्मान है, बल्कि समाज में सेवा और सहभाव का संदेश भी देती है।

# एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/ रामपुर।** सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस दौरान एसडीएम शाहबादी हिमांशु उपाध्याय के साथ तहस. ीलदार शाहाबाद राकेश कुमार चन्द्रा नायब तहसीलदार हरीश जोशी व नायब तहसीलदार अंकुर अन्तल ने संयुक्त रूप से शिकायतों को सुना इस दौरान कुल 12 शिकायत आई जिसमें से दो शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेष शिकायतों को संबंधित विभाग को समय सीमा के भीतर समाधान करने के लिए भेज दिया गया। इस अवसर पर तहसील स्तरीय सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# दो शातिर लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पीलीभीत।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मोबाइल लूट की घटना कारित करने वाले 2 शातिर अभियुक्तों को लूटे गए मोबाइल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत 178 / 2025 धारा 309 (6) / 317 (2) बीएनएस, से सम्बन्धित अभियुक्त अंकित उर्फ इसरी पुत्र राजाराम निवासी ग्राम बिलगवाँ थाना कोतवाली जनपद पीलीभीत उम्र 21 वर्ष व भानू प्रकाश पुत्र राजाराम वर्मा निवासी ग्राम बिलगवाँ थाना कोतवाली जनपद पीलीभीत 19 वर्ष को मुखबिर खास की पुष्ट सूचना के आधार पर तिरुपति गोल्डन सिटी के सामने कॉलोनी में जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। 31 मई को वादी अंकित शील पुत्र सुकुमार शील जो ग्राम शक्ति फार्म थाना सितारगंज जनपद ऊधमसिंह नगर उत्तराखण्ड अपने साथी मिथलेश चक्रवर्ती के साथ पीलीभीत के बिलगंवा गांव में आया था। आवेदक का साथी किसी काम से गांव मे अन्दर चला गया था। जबकि वादी अँकित शील गाड़ी में ही बैठा हुआ था कि तभी दो लड़के आए जिन्होनें वादी के साथ मारीपट कर त्मंसउप कम्पनी का मोबाइल, जिसमें 9368176608 रपव का सिम पड़ा हुआ था, छीनकर ले गये थे। जिसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क कर पूरी घटना का विवरण दिया। घटना की जानकारी होते ही पुलिस जांच में जुट गई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

**मैंने अपना नाम MANPREET SINGH S/O MALKEET SINGH से बदलकर MANPRIT SINGH S/O MALKEET SINGH निवासी ग्राम मनुनगर तहसील सदर जिला रामपुर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नए नाम से पुकारें।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस पर लगे युवक के हाथ पैर तोड़ने के आरोप

- परिजन बोले रिश्वत नहीं दी इसलिए युवक से की मारपीट
- जमानत मिलते ही आरोपी युवक के घर जांच के बहाने पहुंची पुलिस



युवक को पुलिस द्वारा जांच के बहाने थाने लाकर मारपीट करना पुलिस पर सवालिया निशान खड़े करता है। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की जांच के लिए आरोपी के घर गई थी, वह पुलिस को देखकर छत से कूदा जिससे वह घायल हो गया।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सरकारी स्कूल में बच्चों से मारपीट के मामले में विद्यालय की प्रिंसिपल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने युवक को अप्रैल माह में जेल भेज दिया था। आरोप है कि युवक के जमानत पर बाहर आने के बाद स्थानीय पुलिस ने जांच के बहाने युवक को थाने लाकर जमकर मारपीट की, जिससे उसके हाथ पैर टूट गए। पीड़ित ने पुलिस पर रिश्वत न दे पाने के कारण बुरी तरह पीटकर हाथ पैर तोड़ देने के आरोप लगाए हैं। युवक के हाथ और पैर में डॉक्टर ने प्लास्टर लगाकर इलाज शुरू किया है। ऐसे में जमानत पर छूटे

दरअसल फरीदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कीरतपुर परेवा निवासी भूरे सिंह का सात अप्रैल को गांव के ही स्कूल में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसपर स्कूल की प्रधानाचार्य ने उसके और उसके बेटे राहुल के खिलाफ थाना फरीदपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने भूरे सिंह को जेल भेज दिया, जिसके बाद वकील के माध्यम से भूरे सिंह ने जमानत करा ली। आरोप है कि 2 जून की रात लगभग 8:00 बजे देवरनियां चौकी इंचार्ज दो सिपाहियों के साथ उसके घर पहुंचे, और भूरे सिंह से मुकदमे में रियायत बरतने के नाम पर रिश्वत की मांग करने लगे। भूरे रिश्वत देने में असमर्थता जताने पर दरोगा और दोनों सिपाही भूरे को जबरन चौकी ले गए, और रात भर भूरे की जमकर पिटाई लगाई। पिटाई के दौरान भूरे का एक हाथ और एक पैर टूट गया, पुलिस ने घायल अवस्था में ही भूरे को परिजनों को सौंप दिया। परिजन घायल अवस्था में भूरे को इलाज हेतु सीएचसी फरीदपुर ले गए। आरोप है कि सुबह होते ही चौकी इंचार्ज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए, और पुलिस केस बताते हुए मेडिकल कराने के बहाने शाम तक टालमटोल करते रहे। मजबूरन परिजन भूरे को बरेली के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हड्डियों के टूटने की बात कहते हुए प्लास्टर करके इलाज शुरू किया।

भूरे के पुत्र राहुल ने बताया कि स्थानीय पुलिस से न्याय न मिलने पर उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस आए दिन शिकायत वापस लेने को लेकर दबाव बना रही है। पुलिस के रवैये को लेकर पीड़ित परिवार मुख्यमंत्री से मिलने की तैयारी कर रहा है।

> ● आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है, जांच करने के लिए पुलिस उसके घर पहुंची तो वह छत से कूदा, जिससे वह घायल हो गया, लगाए गए आरोप निराधार हैं।
>
> **राधेश्याम, प्रभारी निरीक्षक**

# सम्पूर्ण समाधान दिवस से होने लगा फरियादियों का मोहभंग

- दर्ज शिकायतों पर नहीं होती है कोई कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कहने को तो सोमवार को आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 71 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से पांच का मौके पर निस्तारण कराए जाने का दावा किया गया है, लेकिन असलियत इससे बिल्कुल अलग है।

एसडीएम उदित पवार की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित ही दर्ज की गईं, जिन्हें कार्यवाही की इबारत लिखकर आगे बढ़ा दिया गया।

शनिवार को ईद उल अजहा का त्यौहार पढ़ने की वजह से सोमवार को इसका आयोजन किया गया था, जिसमें फरियादियों की तादाद कम नजर आई। बताया जाता है कि इस आयोजन से फरियादियों का मोहभंग होने लगा है, क्योंकि आयोजन में दर्ज होने वाली शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं हो पाता है, जो किया भी जाता है उनकी सच्चाई कुछ और ही होती है। इसकी सच्चाई जिलाधिकारी खुद शिकायत कर्ताओं से फोन पर बातचीत कर कर चुके हैं।

सरकार ने जिस मंशा से सम्पूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवसों का आयोजन किया है, उसमें तहसील स्तरीय अधिकारी चूना लगाने में लगे हैं। सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक चलने वाले इन आयोजनों में अधिकारी मौज मस्ती कर सरकार के हजारों रुपये राजस्व का चूना लगा रहे हैं।

सोमवार को सम्पन्न हुए इस आयोजन में 71 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें पांच का निराकरण किए जाने का दावा किया गया है। इसमें तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य, सीडीपीओ सुषमा राठौर, नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह सहित अधिकांश तहसील स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

# तीन रोजा सालाना उर्स कुल शरीफ के साथ हुआ सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर की गांधी टोला बस्ती स्थित दरगाह हजरत नयाज उल्लाह शाह मियां पर चले तीन रोजा सालाना उर्स का सोमवार को कुल शरीफ के साथ समापन हो गया।

चांद की दस तारीख यानि सात जून से शुरू हुए उर्स का सोमवार को कुल शरीफ की फातिहा हुई, जिसमें दरगाह के सज्जादा नशीन हाफिज तौफीक अहमद ने देश में अमन और शान्ति की दुआ कराई। इससे पहले अकीदतमंदों ने दरगाह शरीफ पर चादरपेशी कर खिराजे अकीदत पेश की। कुल शरीफ की फातिहा में हाजी अशफाक अहमद अंसारी, हाजी इरशाद अहमद इदरीसी, हाजी सलीम अशर्फी, सूफी मुन्ने, खुर्शीद अहमद कोटेदार, मो. कासिम अंसारी, मो. उस्मान सब्जी वाले, मो. कमर सहित बड़ी तादात में अकीदतमंदों ने शिर. कत की। सज्जादा नशीन हाफिज तौफीक अहमद ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर भड़के डीएम

- फाइलें दबाकर प्रशासन की छवि न बिगाड़ें अधिकारी: डीएम
- डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन हुआ।

डीएम ने सर्वप्रथम तहसील दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों के रजिस्टर को देखा, तथा एक-एक कर शिकायतकर्ताओं से वार्ता भी की, जिसपर उन्होंने पाया कि कुछ शिकायतों का निस्तारण अभी तक नहीं हो पाया है, परन्तु रजिस्टर पर निस्तारित दिखा दी गई है, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसमें शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखने में आता है कि शिकायतकर्ता मुख्यमंत्री के जनता दरबार में उपस्थित होकर अपनी समस्या बताते हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि अधिकारी जनता दर्शन, थाना दिवस व समाधान दिवस में नहीं बैठते हैं, जिसपर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुये जनता दर्शन, समाधान दिवस, थाना दिवस में उपस्थित रहकर शिकायताकर्ताओं की समस्या का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाये उसकी आख्या रजिस्टर में अवश्य अंकित की जाए।

उन्होंने कहा कि कोर्ट में जो भी प्रकरण आए उनका समयान्तर्गत निस्तारित किया जाए। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं कि कोई भी फाइल 3 दिन से अधिक रोकी न जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे कि जिला प्रशासन की छवि खराब हो। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अवैध कब्जा, राशन कार्ड, पेंशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में बीआई बाजार कैण्ट निवासी ने चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने का अनुरोध किया, जिसपर डीएम ने एसडीएम सदर को पैमाइश उपरांत चकरोड खाली कराए जाने के निर्देश दिए। ग्राम उमरसिया के एक अन्य आवेदक द्वारा कृषि भूमि की पैमाइश कराए जाने का अनुरोध किया गया, जिसपर डीएम ने एसडीएम को पैमाइश कराए जाने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, तहसीलदार सदर सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### खालिस्तान के समर्थन में पोस्ट डालने पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** खालिस्तान के समर्थन में खालिस्तान जिंदाबाद की पोस्ट सोशल मीडिया पर करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर निखिल नाम के युवक ने अपनी स्टोरी में खालिस्तान जिंदाबाद पोस्ट कर दिया। इस मामले की शिकायत आईएमसी के अल्तमश रजा खान ने कार्यवाही की मांग करते हुए ट्विटर पर शिकायत कर दी, जब यह मामला पुलिस के संज्ञान में आया तो पुलिस ने इसकी जांच की तो पता चला कि पोस्ट करने वाला युवक निखिल शर्मा पुत्र दिनेश कुमार शर्मा निवासी सकरस निकला। पुलिस ने जांच के बाद निखिल शर्मा के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### भ्रामक खबर फैलाने पर पिता-पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक व्यक्ति ने फर्जी नाम से लड़की का रिश्ता तुड़वाने के लिए उसके होने वाले दामाद से भ्रामक खबर देने पर पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हरहरपुर डूंडा शुमाली के एक व्यक्ति का कहना है कि उसने अपनी पुत्री का रिश्ता महाराजपुर पिंदारी के रहने वाले एक युवक से कर दिया है। उसका कहना है कि गांव के ही एक व्यक्ति सद्दाम उर्फ जलील ने फर्जी नाम से उसके दामाद को फोन करके कह दिया कि उसकी पुत्री घर से भागकर 25 दिन बाद घर वापस लौटी है। उसने जब सद्दाम से इस बात की शिकायत की तो सद्दाम और उसका पुत्र झगड़ा करने लगे, और गलियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।

### लड़की भगा ले जाने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में युवक और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इलाके की एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी पुत्री को जुबैर अंसारी निवासी अकबराबाद अपने दोस्त शोएब, आरिफ व शाहीन निवासीगण ग्राम सकरस की मदद से भगा ले गया।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने जुबैर अंसारी, शोएब, आरिफ और शाहीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

### महिला व उसके बच्चों के साथ की मारपीट, कप्तान के आदेश पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पति ने करीब एक वर्ष पूर्व उसे दहेज की मांग पूरी न होने के कारण घर से निकाल दिया था, और तभी से अपने मायके में रह रही है। घटना बीते 29 अप्रैल शाम 5:00 बजे की है, जब उसे जानकारी हुई कि उसके पति ने किसी और औरत को बात और पत्नी रख रखा है तो वह अपने तीनों बच्चों के साथ ससुराल पहुंची, तभी उसके पति तथा ससुर बड़े देवर बड़े देवर के दोस्त ने घर में घुसते ही गंदी-गंदी गालियां देते हुए उसे लात घूसों बात अपनों से मारा पीटा। महिला का आरोप है कि उसके पति ने उसे जमीन पर पटक कर जान से करने के लिए से गला दिया, तथा उसे बचाने आए उसके बच्चों को भी उक्त तीनों ने बेरहमियों से मारा पीटा। महिला ने आरोप लगाया कि उसके देवर ने इस दौरान उसके साथ अश्लील हरकत कर बलात्कार करने का प्रयास किया। महिला ने बताया कि डर के मारे अपनी ससुराल से जान बचाकर भागी, इस दौरान उक्त सभी ने महिला का पीछा किया और उसे धमकी दी कि अगर कहीं कोई शिकायत की तो वह उसे जान से मार देंगे। महिला व उसके बच्चों के शरीर में खुली बागों में चोटें आई थीं। महिला ने उक्त सभी पर कानूनी कार्रवाई हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को शिकायती पत्र दिया है। कप्तान के आदेश पर बहेड़ी पुलिस ने महिला के पति इलियास, ससुर लइक अहमद, देवर दिलशाद, दिलशाद के दोस्त बंटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डीएम ने ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य होना है, जिनके द्वारा इस कार्य में रूचि नहीं ली जाएगी उनका वेतन बाधित किया जायेगा। बैठक में जिन कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, ऐसे कार्यालय जिनका कर्मचारी डाटा उपलब्ध है, परन्तु उनके फाइल हैड उपलब्ध नहीं है। ऐसे कार्यालय जिनका वीपीएन फार्म प्राप्त नहीं है। ऐसे कार्यालय ई-ऑफिस के माध्यम से फाइल मूव कर रहे हैं, तथा ऐसे कार्यालय जो ई-ऑफिस गो-लाइव की प्रक्रिया में हैं की विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में डीएम ने जनपद के समस्त कार्यालयों की सरकारी ई-मेल आई बनवाने, डिजिटल सिग्नेचर बनवाने, फाइल हेड डिसाइड कर भेजने के निर्देश दिए। वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) हेतु फार्म भर उपलब्ध कराने तथा सभी विभागों में ई ऑफिस प्रणाली को सक्रिय करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी वि/रा, नगर मजिस्ट्रेट, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित समस्त सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने की प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा

- जिन पात्र लाभार्थियों को आवास दिए जाएं उनकी फीडिंग पोर्टल पर अवश्य करने के दिए निर्देश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी पात्र तथा अपात्र लाभार्थी हैं, उनकी सूची बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन पात्र लोगों को आवास दिये जाएं, उनकी फीडिंग पोर्टल पर अवश्य की जाए। बैठक में ईओ आंवला द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का आंकड़े गलत प्रस्तुत करने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये एसडीएम आंवला को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में पाया कि फरीदपुर नगर पंचायत तथा बहेड़ी नगर पंचायत में स्थिति अच्छी नहीं है, जिसमें सुधार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीएम ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिये कि पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण देने में स्थिति अच्छी नहीं है, इसमें सुधार करने की आवश्यकता है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण, पी.ओ. डूडा राम जनम यादव, लीड बैंक मैनेजर वी.के. अरोरा, समस्त उपजिलाधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खुल गए डेढ़ माह से बन्द नगर पालिका के बड़े बाबू की अलमारी के ताले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** जिलाधिकारी के निर्देशों पर सोमवार को नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक रहे सुरेश पाल की डेढ़ माह से बन्द अलमारियों के ताले खुल गए। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गठित की गई तीन सदस्यीय टीम ने दोपहर बाद नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर कार्यवाही को अंजाम दिया।

गुजरी 17 अप्रैल को नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा प्रेमलता राठौर ने परिषद के कुछ सभासदों की शिकायत पर परिषद के वरिष्ठ लिपिक सुरेश पाल को पद से हटाते हुए जहां उन्हें उनके मूल पद नायब मुहर्रिर पर भेज दिया था, वहीं वरिष्ठ लिपिक का चार्ज बैंकलॉग सफाई कर्मी धीरेन्द्र कुमार (डी को) को सौंपे जाने के आदेश पारित किए थे। इन आदेशों को सुरेश पाल ने उच्च न्यायालय में चुनौती देते हुए मेडिकल अवकाश ले लिया था।

वरिष्ठ लिपिक का चार्ज न सौंपे जाने के चलते नगर पालिका का कार्य काफी प्रभावित हो रहा था, जिसको लेकर नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा प्रेमलता राठौर ने डीएम को पत्र देकर चार्ज दिलवाए जाने का अनुरोध किया था, जिसपर डीएम अविनाश सिंह ने तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम का गठन करते हुए अलमारी के ताले खुलवाए जाने के आदेश दिए थे।

एक मई को डीएम द्वारा इस मामले में भेजे गए पत्र पर हाईकोर्ट में मामला लम्बित होने की वजह से इसपर कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी थी, लेकिन इस दौरान पालिका अध्यक्ष द्वारा डीएम से इस मामले में कार्यवाही किए जाने के अनुरोध पर डीएम ने तत्काल कार्यवाही करने के आदेश जारी किए, जिसपर सोमवार को दोपहर बाद पहुंची टीम ने डेढ़ माह से बन्द अलमारियों के ताले खुलवा दिए। इस अवसर पर तहस. ीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, नगर पालिका फरीदपुर के कार्यवाही ई ओ/एसडीएम रामजन्म यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर मौजूद रहे। कमेटी के अध्यक्ष तहस. ीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को अलमारी के ताले खुलवा दिए गए, इसकी वीडियो ग्राफी भी कराई गई है।

# पीएसी मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

- आईपीएस अंशिका वर्मा ने किक मारकर किया शुभारंभ, बरेली की टीम ने जीता पहला मैच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** 28वीं अंतर वाहिनी पीएसी पश्चिमी जोन फुटबॉल प्रतियोगिता वर्ष 2025 का सोमवार को शुभारंभ हो गया।

आयोजन स्थल 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली में एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने फुटबॉल में किक मारकर प्रतियोगिता का आगाज किया। तीन दिवसीयत प्रतियोगिता का 11 जून को समापन होगा। पहले दिन पहला मैच बरेली की टीम ने जीता है।

पहला मैच 8वीं वाहिनी बरेली और 44वीं वाहिनी मेरठ के बीच हुआ, जिसमें 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली ने 6-0 से जीत दर्ज की। प्रथम मैच में 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली की ओर से नवीन कुमार ने पहला गोल किया गया।

दूसरा मैच 28वीं वाहिनी इटावा और 47वीं वाहिनी गाजियाबाद के बीच हुआ। इसमें 28वीं वाहिनी पीएसी इटावा ने 5-0 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच-49वीं वाहिनी गौतमबुद्धनगर और 43वीं वाहिनी एटा के बीच हुआ जिसमें 43वीं वाहिनी पीएसी एटा ने 4-0 से जीत दर्ज की।

फुटबॉल ग्राउंड पर पहले दिन की प्रतियोगिता का आयोजन सेनानायक 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली आकाश तोमर की अध्यक्षता में किया गया। आकाश तोमर के साथ ही एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने फुटबाल ग्राउंड पर खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया।

अंशिका वर्मा ने फुटबॉल में किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में उद्घोषक का कार्य दलनायक सतीश चंद्र जोशी ने किया। बरेली वाहिनी की टीम के कैप्टन सुरेंद्र प्रसाद थपलियाल के द्वारा शपथ दिलाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

# बुर्का उतारने के लिए युवतियों को धमकाया

- पुलिस ने हैदरी दल पर कसा शिकंजा, आरोपियों की तलाश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गांधी उद्यान में समुदाय विशेष की युवतियों को परेशान करने वाले हैदरी दल के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपियों को चिह्नित कर उनकी तलाश की जा रही है। इंस्टाग्राम पर सोफियान नाम की आईडी से शनिवार को तीन वीडियो अपलोड किए गए थे। आईडी के बायो में हैदरी दल बरेली लिखा था। वीडियो में खुद को हैदरी दल का कार्यकर्ता बताने वाले युवक पार्क में अपने समुदाय की युवतियों को परेशान कर रहे थे। सबके सामने युवती पर बुर्का उतारने का दबाव बनाने लगे। युवती इसका विरोध कर रही है। साथ ही, हैदरी दल के कार्यकर्ता पार्क में आने वाली अन्य युवतियों से उनका नाम-पता आदि पूछते दिख रहे हैं।

वीडियो में एक दाढ़ी वाला युवक अपने साथियों संग युवतियों को रोककर पूछताछ करता दिख रहा है, जबकि युवतियां वीडियो बनाने का विरोध कर रही हैं। तीनों वीडियो को एक्स पर पोस्ट कर हैदरी दल और उसके कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। इसका संज्ञान लेकर दरोगा नितिन राणा ने कोतवाली में अज्ञात लोगों के पर वैमनस्यता फैलाने और युवतियों को परेशान करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## युवतियों को परेशान करने वाले खुद दे रहे लव जिहाद को बढ़ावा

वीडियो में दिख रहे हैदरी दल के कार्यकर्ता अपने समुदाय की युवतियों को पार्क में आने से रोक रहे हैं। युवतियों के पार्क में घूमने को धर्म के खिलाफ बता रहे हैं। वहीं, जब इनका सोशल मीडिया अकाउंट खंगाला गया तो पता चला कि वे खुद दूसरे समुदाय की युवतियों की शादी अपने समुदाय के युवकों से करवाते हैं।

सोशल मीडिया पर हैदरी दल वालों ने तमाम ऐसे वीडियो अपलोड किए हैं, जिसमें वह दूसरे समुदाय की युवतियों की शादी अपने समुदाय के युवकों से करा रहे हैं। शादी के बाद सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो डालकर खुशी भी जाहिर की है। इससे माहौल खराब होने का अंदेशा रहता है।

## रिपोर्ट दर्ज होने पर डिलीट की गई आईडी

हैदरी दल नाम का संगठन बरेली समेत कई जिलों और राज्यों में सक्रिय है। इस संगठन में कट्टरपंथियों को जोड़ा गया है। संगठन का आका कौन है, ये अभी पता नहीं चला है। सोशल मीडिया पर हैदरी दल के लोगों ने अलग-अलग जिलों के नाम से अकाउंट बनाए हैं। इन अकाउंट पर भड़काऊ पोस्ट डालकर माहौल खराब किया जा रहा है। हालांकि, बरेली में जिस आईडी से वीडियो अपलोड किए गए, रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उसे डिलीट कर दिया गया है। बरेली में संगठन से जुड़े लोगों को पुलिस जल्द ही बेनकाब कर देगी।

> ● वीडियो से समाज में वैमनस्यता बढ़ने का अंदेशा था। कोई युवती तो सामने नहीं आई, लेकिन पुलिस की ओर से इसका संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को चिह्नित कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमों को लगाया गया है।
>
> **आशुतोष शिवम, सीओ प्रथम**

# अश्लीलता के विरोध पर हत्या

**छत पर दो युवतियों संग थे तीन युवक, दंपती ने टोका, तो पति को पीटकर मार डाला**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में तीन युवक निर्माणाधीन मकान में दो युवतियों को लेकर आए, और छत पर उनके साथ अश्लील हरकत करने लगे। पड़ोसी दंपती ने विरोध जताया।

आरोप है कि तीनों ने पीटकर उनके पति की हत्या कर दी, और सोने की चेन लूटकर भाग गए। मृतक के भाई ने कैंट थाने में दो नामजद व एक अज्ञात हत्यारे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। चेतना कॉलोनी निवासी सुधांशु पाठक ने पुलिस को बताया कि उनके भाई शिवशक्ति पाठक के घर के सामने निर्माणाधीन मकान है। तीन जून की रात साढ़े दस बजे नकटिया निवासी आकाश शर्मा उर्फ मेंटल, दीपक यादव और उनका अज्ञात साथी दो अनजान लड़कियों को लेकर निर्माणाधीन मकान की छत पर पहुंचे, और नशे में उनके साथ अश्लील हरकत करने लगे। जब शोर-शराबा अधिक हुआ तो शिवशक्ति पाठक और उनकी पत्नी पूजा पाठक ने विरोध किया। इससे नाराज होकर तीनों शिवशक्ति के घर में घुस गए। आरोप लगाया कि तीनों ने पीटकर शिवशक्ति की हत्या कर दी। पूजा की भी पिटाई की। तीनों आरोपी शिवशक्ति की सोने की चेन भी लूटकर ले गए। बताया जा रहा है कि आकाश शर्मा उर्फ मेंटल आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसका क्षेत्र में आतंक है। लोग भी उसका विरोध करने से घबराते हैं। कैंट पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर तीनों की तलाश शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि घटना संदिग्ध है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की कोई वजह स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया है। आसपास के लोगों ने भी घटना के बारे में कुछ नहीं बताया। ऐसे में विवेचना में स्थिति स्पष्ट होगी।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# घर में घुसकर मारपीट व महिला से अभद्रता

## पीड़ित ने पुलिस को सौंपा शिकायती पत्र, पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडाली।** थाना क्षेत्र के ग्राम अजराड़ा में सोमवार की शाम को एक परिवार पर अचानक हुए हमले से सनसनी फैल गई। गांव अजराड़ा निवासी बदर ने थाना पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि सोमवार शाम करीब 6 बजे उसकी पत्नी फौजिया किठौर से दवाई लेकर जैसे ही घर लौटे तभी गांव के ही कुछ दबंग युवक घर में जबरन घुस आए और उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बदर के गांव के ही ताहिर पुत्र सपीका, अहद पुत्र ताहिर, जेद पुत्र जावेद, शहजाद पुत्र लाला और शैर अली पुत्र छोटे को नामजद करते हुए शिकायती पर दिया है। पीड़ित का आरोप है कि ये सभी अचानक उनके घर में घुस आए और उसे बेरहमी से पीटने लगे। इस दौरान आरोपियों ने उसकी पत्नी फौजिया के साथ भी बदतमीजी कर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित बदर ने तुरंत मुंडाली थाने पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष मुंडाली दिव्य प्रताप सिंह का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हिस्ट्रीशीटर पूर्व प्रधान को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के ग्राम महलका में करीब दो सप्ताह पूर्व सट्टे की रकम को लेकर मारपीट वं फायरिंग के मामले में पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर ताबड़तोड़ दबिशे देकर रविवार शाम मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर पूर्व प्रधान आरिफ रिजवी को गंगेरू थाना शामली से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशान देही पर 315 का तमंचा एक कारतूस और एक खोखा बरामद किया है। करीब तीन सप्ताह पूर्व दो पक्षों में फायरिंग के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ दबिशे दी जा रही है लेकिन घटना में शामिल फायरिंग के मामले में एक दर्जन से अधिक आरोपी फरार चल रहे हैं जानकारी के अनुसार महलका में सट्टे की दो लाख की रकम को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर संघर्ष हो गया था। इस दौरान फायरिंग में तमाशाबीन सहित अन्य लोगों को गोली के लगने से 10 लोग घायल हो गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के साथ अपनी ओर से भी 17 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब तक इस मामले में पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। थाना प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी का कहना है कि फायरिंग का मुख्य आरोपी पूर्व प्रधान हिस्ट्रीशीटर आरिफ रिजवी को गिरफ्तार कर लिया है।

# भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों के लिए साईबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** सोमवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मेरठ में आईसीआईसीआई बैंक द्वारा भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों हेतु साईबर सुरक्षा के सम्बन्ध में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर जनरल पंकज कौशिक (अ.प्रा.) रहे। पुनित अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रमुख (खुदरा) आईसीआईसीआई बैंक मेरठ व उनकी टीम द्वारा इस कार्यक्रम का संचालन किया गया। सर्वप्रथम कैप्टन राकेश शुक्ला, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि व पुनित अग्रवाल का कार्यक्रम में पधारने पर स्वागत किया गया, तत्पश्चात पुनित अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि को आईसआईसीआई बैंक का प्रतीक चिन्हप्रदान किया गया। आईसीआईसीआई बैंक की टीम ने अपने सम्बोधन में बताया कि किस प्रकार साईबर अपराधी आपकों अपना शिकार बनाकर आपका नुकसान करते है, साईबर अपराधी आपको फोन करके, ओटीपी पूछ कर अपके खाते से रकम निकाल लेते है व और भी कई भिन्न-भिन्न तरीकों से अपने जाल में फसाकर रकम निकाल/ट्रांसफर कर लेते है।

आईसआईसीआई बैंक की टीम ने साईबर ठगी से बचने हेतु सावधान रहते हुऐ किसी से ओटीपी शेयर न करने या फोन काल के द्वारा केवाईसी अपडेट करने हेतु कोई दस्तावेज की जानकरी न देने हेतु अवगत कराया व यदि साईबर ठगी के शिकार हो जाये तो तुरंत उसकी सूचना अपने बैंक को दें जिसमें कस्टेमर केयर नंबर पर काल कर सकते है जो 24 घंटे उपलब्ध रहता है। मुख्य अतिथि ने सभी को सम्बोधित किया, तत्पश्चात कैप्टन राकेश शुक्ला, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, मेरठ ने सभी का आभार प्रकट किया।

# सीडीओ ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने मांट के आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं। सुनवाई के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतों की जांच के बाद ही निस्तारण सुनिश्चित करें। तहसील मांट के सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें राजस्व विभाग की 24, पुलिस विभाग की सात, वन विभाग की दो, पूर्ति विभाग की पांच, विकास विभाग की पांच एवं विद्युत विभाग की छह सहित कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा समस्त संबंधित विभागों को तहसील दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं शिकायतकर्ता को भी अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया




गया। तहसील दिवस में मुख्य विकास अधिकारी के साथ, उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही, तहसील का समस्त स्टॉफ एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शनिदेव धाम मार्ग नाले में मिला अज्ञात शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** बठैनकलां-कोकिलावन मार्ग पर रविवार को नाले में एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की घशिनाख्त नही हो सकी। पुलिस का अनुमान है कि युवक का शव 4-5 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। जो कि हरियाणा सीमा की तरफ से बहकर आया है। शव नाले में झाडियां में फंसा हुआ था। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष प्रतीत होती है। पुलिस ने पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। शव की शिनाख्त हेतु आसपास के पुलिस स्टेशन एवं पलवल हरियाणा में फोटो भेजकर प्रयास किए जा रहे है।

## कोसी पुलिस ने पकड़ी लाखों की अवैध शराब

**कोसीकलां।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार में हरियाणा से तस्करी करके लाई जा रही अग्रेंजी शराब की 50 पेटी बरामद की है। बरामद शराब की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रूपये होने का अनुमान है। आरोपी चकमा देकर भाग गए। सीओ आशीष शर्मा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल की टीम सोमवार को दोपहर में करीब 2 बजे कोटवन चौकी कोटवन पर चेकिंग कर रही थीद्ध उसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि हरियाणा के पलवल की तरफ से कार में अवैध शराब लाई जा रही है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान हरियाणा की तरफ से आई कार को रोककर तलाशी ली। उसमें 50 पेटी अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्का बरामद हुई। सीओ ने बताया कि कार पर लगी नंबर प्लेट भी फर्जी निकली। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

# क्षेत्र का विकास ही सेवा, यही हमारा संकल्प: नरदेव चौधरी

dk lhdykA जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) नगर पालिका परिषद क्षेत्र की राजमार्ग के किनारे बसी अविकसित कॉलोनियों में एक करोड की लागत से 8 सड़कों व नालियों का निर्माण कराएगी। निर्माण कार्य का शुभारंभ सोमवार को मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने किया। जनपद में कोसीकलां एक मात्र नगर पालिका परिषद है।

जहां की आबादी करीब 1.5 लाख है। कुल 25 वार्ड हैं। शहरी क्षेत्रों में विकास कार्य कराने की जिम्मेदारी संबंधित नगर निकायों की है। इसके लिए शासन अलग से फंड जारी करता है। इसके अलावा डूडा भी शहरी क्षेत्र में विकास कार्य करा सकता है। प्रदेश सरकार डूडा को भी निर्माण कार्यों के लिए बजट देती है। डूडा ने कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण की पहल पर ऑफिसर्स कॉलोनी, राधा विहार कॉलोनी, कृष्णा विहार कॉलोनी



में जर्जर पड़े 8 ऐसे मार्ग जर्जर मिले।

यहां इंटरलॉकिंग, सीसी और नाली निर्माण के लिए एक करोड रूपये के प्रस्ताव स्वीकृत कराएं, जिससे वहां रहने वाले लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। सड़कों व नालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने किया। उन्होने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नही छोडी जाएगी। परियोजना निदेशक अजीत कुमार, जेई उमेश कुमार, अजय गोयंका, अनिल मेंबर, लेखन पंडित, भरत लाल बघेल, कैलाश गोला, प्रेम उपाध्याय, अमर देव, रामरतन, महेन्द्र बघेल, भूप सिंह, मल्लो, दीपक चौधरी, संजय शर्मा आदि थे।

# मोहलत खत्म पालिका आज खाली करा सकती है समाजवादी पार्टी का जिला कार्यालय

**पीलीभीत।** लंबे समय से शहर के नकटादाना चौराहे पर पालिका के ईओ आवास में संचालित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय को खाली कराने की कवायत पालिका की ओर से चल रही है। रविवार को नगर पालिका की ओर से 10 तारीख तक कार्यालय खाली करने का नोटिस सपा कार्यालय के बाहर लगाया गया। जिसके बाद हरकत में आए समाजवादी पार्टी के नेताओं ने सोमवार को जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन होने का हवाला देते फैसला आने तक कई कार्यवाही न करने की मांग की। जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मुलाकात के बाद समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने सैकड़ो सपा नेताओं के साथ बैठक कर आगे की रणनीति बनाई और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सत्ता के दबाव में नगर पालिका गलत तरीके से कार्यालय को खाली करने का प्रयास कर रही है अगर जबरन कार्यालय खाली कराया गया तो समाजवादी पार्टी के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को



बाध्य होंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन में नगर पालिका की होगी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सपा जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि आखिर किस नियम के तहत नगर पालिका नोटिस देकर कार्यालय को जबरन खाली करने का प्रयास कर रही है जबकि मामला हाई कोर्ट में चल रहा है।

## ससुर-साले को पीटने में दामाद पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ससुर व साले के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव पंडका निवासी जगदीश पुत्र नत्थू सिंह ने अपनी पुत्री कविता की शादी थाना हसनपुर क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी राहुल पुत्र जयपाल के साथ की थी। जगदीश का कहना था कि उसकी बेटी के साथ दामाद ने मारपीट की थी। जब वह बेटी की ससुराल पहुंचा तथा दामाद को समझाने का प्रयास किया तो राहुल ने उसके पुत्र रनवीर के पेट में लात मारी तथा दोनों को जान से मारने की धमकी दी थी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बछरायूं जनपद-अमरोहा

पत्रांक: 2096/ई-निविदा निर्माण कार्य/2023-24 दिनांक: 06.06.2025

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, बछरायूं में शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बछरायूं द्वारा निम्न कार्य राज्य वित्त आयोग/02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क/बोर्ड फण्ड की धनराशि से किये जाने हेतु पुन: ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपनी-अपनी ऑन लाइन निविदायें दिनांक 09 जून 2025 को दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 29 जून 2025 को सांय 5:00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर डाल सकते हैं जो कि दिनांक 30 जून 2025 को 11:00 बजे गठित समिति तथा इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद, बछरायूं के कार्यालय/ कार्यालय अपर जिलाधिकारी महोदय अमरोहा में खोली जायेगी। ई-निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जो कि वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-bid reference No. | 2096/NPP B/2025 |
| Publish date and time | 09 June 2025 12:00 Hrs |
| Last date and time for submission of E-Bids | 29 June 2025 17:00 Hrs |
| Date and time of opening of Online E-Bids | 30 June 2025 11:00 Hrs |
| Date and time of opening Financial Bids | After approval of Technical Bid |
| Place of opening of E-Bids | Executive officer, NPP Bachhraon |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बछरायूं
अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बछरायूं
अमरोहा


# हस्तिनापुर में दिगंबर जैन मंदिर के 50 साल हुए पूरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हस्तिनापुर में दिगंबर जैन महासमिति जैन समाज की सदन का 50 वां स्थापना राष्ट्रीय स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संजय जैन सी. ए रहे। स्वागत समारोह संयुक्त परिवार दिगंबर जैन महासमिति उत्तर प्रदेश उत्तरांचल एवं महिला आंचल द्वारा किया गया। राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष विपिन कुमार जैन सर्राफ ने मुख्य अतिथि डॉ. संजय जैन सी ए सम्मान किया। इस दौरान सुरेंद्र हेगडे, डॉ. अशोक जैन, सुरेंद्र कुमार जैन आदि लोग मौजूद रहे।

# महिलाएं व छात्राएं खुलकर कहें अपनी बात: डॉ. हिमानी अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल मवाना में जाट कॉलेज के पीछे मौहल्ला मुन्ना लाल में पीड़िता से उसके आवास पर मिलने पहुंची। बता दें कि मौहल्ला मुन्ना लाल निवासी महिला ने रविवार को डॉ. हिमानी अग्रवाल को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उसके घर के पास एक खंडरनुमा मकान में मौहल्ले के रहने वाले शराबी आये दिन शराब पीते है और जुआ खेलते है। जिस कारण बेटी का स्कूल जाना बंद हो गया है, पीड़िता ने बताया कि उसकी बड़ी बेटी ने भी 2023 उसकी छेड़छाड़ के कारण स्कूल जाना बंद कर दिया था, इस संबंध में पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं होने के आरोपियों के हौसले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। हिमानी अग्रवाल ने पीड़ित महिला को आश्वासन दिया कि बेटी को पढ़ने के लिए भेजे। उनके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।


## कार्यालय ग्रा0 पं0 चांदपुर निठाया विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

पत्रांक:-मिमो/निनिदा, विज्ञाप्ति/2025-26 **निविदा सूचना** दिनांक: 04/06/2025

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना (2025-26) द्वारा राज्य वित्त, केंद्र वित्त, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) RGSA, मनरेगा, के अंतर्गत निम्न कार्य कराए जाने हैं।

| क्र.स. | कार्य का नाम | सामग्री मात्रा प्राक्कलन के अनुसार |
|---|---|---|
| 1 | प्रा0 वि0 और उच्च प्रा0 वि0 में शौचालय मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 2 | ग्राम पंचायत में मिट्टी और रोड़े से गड्ढे भाव कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 3 | ग्राम पंचायत में नाली, नाला निर्माण और मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 4 | विभिन्न स्थानों पर नाली गाटर जाल और चौनल नि0 | प्राक्कलन के अनुसार |
| 5 | हैड पंप रिवोर, हैड पंप मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 6 | प्रा0 वि0 और उच्च प्रा0 वि0 का कायाकल्प कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 7 | पंचायत भवन का सौंदर्यकरण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 8 | सभी सरकारी बिल्डिंगों पर पानी हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 9 | प्रा0 वि0 और उच्च प्रा0 वि0 का सौंदर्यकरण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 10 | लीलाधर के घर से लेखराम के घरतक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 11 | मुनेंद्र के घर से उमेश के घर तक नाली, सीसी इन्टरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 12 | सामुदायिक शौचालय का सौंदर्य करण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 13 | आर आर सी केंद्र का सौंदर्य करण | प्राक्कलन के अनुसार |
| 14 | अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 15 | फुलवारी के घर से प्रेमपाल के घर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 16 | लक्ष्मण प्रसाद के प्लॉट से सदन के प्लॉट तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 17 | विजय के प्लॉट से सदन के घर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 18 | धर्मपाल डीलर के घर से सुरेंद्र के घर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 19 | शिशुपाल के घर से शिव मंदिर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 20 | जोगेंद्र के घर से जब्बार हुसैन के प्लॉट तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 21 | पंचायत घर और आंगनबाड़ी केंद्र पर मरम्मत और पेन्टिग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |

उपरोक्त समस्त कार्यो हेतु प्राक्कलन में दी गई सामग्री एवं मात्रा अनुसार सीमेंट, बदरफुट, गंगा रेता पत्थर 20mm, पत्थर 25-50mm, ईंट प्रथम, ईंट बलदार, ईंट टुकड़ा, मिट्टी, पॉलिथीन, ईंट सीमेंट, हेण्डपंप रिवर एवं मरम्मत सामग्री, (यथा-चौन, सरिया, पाइप, हत्था, सिलेंडर, चेक वाल्व आदि) गाटर, चादर, टीन, जाली, पिलर पाइप, पर्लिन पाइप, पेंटिंग सामग्री (यथा-डिस्टेम्बर वार्निश, चूना, सफेद सीमेंट, कलर, पुटी, समोसम आदि) सफाई उपकरण, कूड़ा गाड़ी क्रय, कूड़ा गाड़ी मरम्मत सामग्री, डेस्कटॉप, प्रिंटर, बैटरी, इन्वर्टर, CCTV कैमरे, कूड़ादान, ऑफिस फर्नीचर, वृक्षारोपण, टाईल्स, ग्रेनाइट पत्थर, वासवेसिन, पानी टंकी फिटिंग आईटम, सोलर लाइट, पी0पी0ई किट, मास्क, वाटर कूलर, आर वाटर, आंगनबाड़ी केंद्र हेतु फर्नीचर, ओपन जिम सामग्री, फागिंग मशीन, स्प्रे मशीन, प्राइमरी विद्यालय हेतु फर्नीचर उच्च प्राथमिक विद्यालय हेतु फर्नीचर, सचिवालय हेतु फर्नीचर, उक्त सामग्री आपूर्ति हेड सील बंद निविदाऐ दिनांक 15-06-2025 तक 3:00 बजे तक सचिवालय पर जमा की जाएगी। उसी दिनांक को 4:00 बजे प्रधान/ सचिव एवं फर्म प्रतिनिधियों की समक्ष खोली जाएगी। समस्त अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित है।

सचिव प्रधान



## कार्यालय ग्रा0 पं0 नौना विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

पत्रांक:- मिमो/निविदा, विज्ञाप्ति/2025-26 **निविदा सूचना** दिनांक:- 04-06-2025

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना (2025-26) द्वारा राज्य वित्त, केंद्र वित्त, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) RGSA, मनरेगा, के अंतर्गत निम्न कार्य कराए जाने हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री मात्रा प्राक्कलन के अनुसार |
|---|---|---|
| 1 | हेड पंप रिबोर और हेड पंप मरम्म कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 2 | विभिन्न स्थानों पर नाली गाटर जाल और चैनल निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 3 | ग्राम पंचायत में नाली, नाला निर्माण और मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 4 | बारात घर की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 5 | विभिन्न स्थानों पर मिट्टी और रोडे से सड़कों पर गड्ढे भराव कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 6 | सभी सरकारी भवन पर हार्वेस्टिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 7 | प्रा0नि0 और उच्च प्रा0 नि0 का सौंदर्य करणप कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 8 | सामुदायिक शौचालय पर नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 9 | आर आर सी सेंटर का सौंदर्यकरण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 10 | ओमी के घर से बारात घर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 11 | हरिद्वारी के घर से बिजयपाल यादव के घर तक नाली, सीसी इन्टरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 12 | कमल सिंह यादव के घर से मुकेश यादव के प्लॉट तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 13 | अनिल की दुकान से राजपाल लोधे के घर तक नाली सीसी इन्टरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 14 | हरपाल लोधे के घर से तालाब तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 15 | तलाव से सतीश के घर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 16 | प्रेमपाल के घर से रामपाल के घर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 17 | ओमी पंडित के घर से कलावती हरिजन के घर तक नाली सीसी, इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 18 | हनुमान मंदिर से बारात घर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 19 | जोगराज के घर से स्कूल तक नाली पुलिया सीसी इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 20 | पंचायत भवन का सौंदर्य करण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 21 | चामड़ माता पर मांड्या या बाउंड्री वॉल और सीसी निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |

उपरोक्त समस्त कार्यो हेतु प्राक्कलन में दी गई सामग्री एवं मात्रा अनुसार सीमेंट, बदरफुट, गंगा रेता पत्थर 20mm, पत्थर 25-50 mm, ईंट प्रथम, ईंट बलदार, ईंट टुकड़ा, मिट्टी, पॉलिथीन, ईंट सीमेंट, हेण्डपंप रिवर एवं मरम्मत सामग्री, (यथा-चौन, सरिया, पाइप, हत्था, सिलेंडर, चेक वाल्व आदि) गाटर, चादर, टीन, जाली, पिलर पाइप, पर्लिन पाइप, पेंटिंग सामग्री (यथा-डिस्टेम्बर वार्निश, चूना, सफेद सीमेंट, कलर, पुट्टी, समोसम आदि) सफाई उपकरण, कूड़ा गाड़ी क्रय, कूड़ा गाड़ी मरम्मत सामग्री, डेस्कटॉप, प्रिंटर, बैटरी, इन्वर्टर, CCTV कैमरे, कूड़ादान, ऑफिस फर्नीचर, वृक्षारोपण, टाईल्स, ग्रेनाइट पत्थर, वासवेसिन, पानी टंकी फिटिंग आईटम, सोलर लाइट, पी0पी0ई किट, मास्क, वाटर कूलर, आर वाटर, आंगनबाड़ी केंद्र हेतु फर्नीचर, ओपन जिम सामग्री, फागिंग मशीन, स्प्रे मशीन, प्राइमरी विद्यालय हेतु फर्नीचर उच्च प्राथमिक विद्यालय हेतु फर्नीचर, सचिवालय हेतु फर्नीचर, उक्त सामग्री आपूर्ति हेड सील बंद निविदाऐ दिनांक 15-06-2025 तक 3:00 बजे तक सचिवालय पर जमा की जाएगी। उसी दिनांक को 4:00 बजे प्रधान/ सचिव एवं फर्म प्रतिनिधियों की समक्ष खोली जाएगी। समस्त अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित है।

सचिव प्रधान

# थाना बाबूगढ़ पुलिस ने पेश की मानवता की मिसाल

## आमजन के लिए थाने के बाहर की ठंडे पेयजल और गुड़ की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने इस भीषण गर्मी के मौसम में जब चिल्ल. चलाती धूप और तेज़ लू लोगों को बेहाल कर रही है, ऐसे समय में थाना बाबूगढ़ पुलिस ने एक सराहनीय और मानवता से भरी मिसाल पेश की है।

थाना गेट के बाहर आम जनता और राहगीरों के लिए मिट्टी के घड़ों में ठंडे पेयजल और साथ में गुड़ की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। इस पहल का उद्देश्य न केवल लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाना है, बल्कि यह दिखाता है कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों



में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। थाना बाबूगढ़ प्रभारी विजय कुमार गुप्ता व उनकी टीम द्वारा शुरू की गई यह सेवा प्रतिदिन उपलब्ध रहेगी। इससे गुजरने वाले राहगीरों को न केवल प्यास बुझाने का साधन मिल रहा है, बल्कि थोड़ी राहत और सुकून भी मिल रहा है। स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने भी इस प्रयास की खुलकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि यह एक छोटी सी पहल जरूर है। यह पहल दिखाती है कि जब पुलिस अपने मानवीय चेहरे के साथ समाज के बीच आती है, तो वह विश्वास और सम्मान का सेतु बन जाती है। राहगीरों ने कहा कि यह पहल पुलिस की अच्छाई और समाज के प्रति उनकी संवे. दनशीलता को दर्शाती है। किसी को प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम माना जाता है, और बाबूगढ़ पुलिस ने यह कार्य बखूबी निभाया है। सेवा सिर्फ ठंडा पानी और गुड़ नहीं है, यह एक संदेश है कि खाकी वर्दी में भी एक इंसान धड़कता है, जो समाज की भलाई के लिए हर संभव प्रयास करता है।

# सड़क किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे स्थित ब्रजघाट दिल्ली रोड पर सड़क किनारे अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह नेशनल हाईवे-9 पर सड़क किनारे मिला युवक का शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है और युवक के शरीर पर चोटों के निशान मिले है। जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। जिससे पुलिस युवक की पहचान



नहीं कर सके। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि युवक के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। जल्द ही युवक की पहचान की जाएगी और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# प्रेमी के साथ मिलकर की थी लाखों की चोरी, पुलिस ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव अमीपुर नगौला में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक प्रेमी युगल को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चोरी की लाखों की नगदी, सोने व चांदी के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाना हापुड नगर पुलिस द्वारा गांव अमीपुर नगौला में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक प्रेमी युगल निगम पुत्र सुभाष निवासी ग्राम अटोला, अना. मिका उर्फ नेहा पत्नि शुभम निवासी ग्राम अमीपुर नगौला को गांव अमीपुर नगौला के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से चोरी



किया हुआ शत-प्रतिशत सामान 1,50,000 रुपये की नकदी, सोने के आभूषण कंठी गले की, एक ओम, एक मंगल सूत्र, एक का हार व चांदी के आभूषण एक जोड़ी बच्चे के हाथ के कढे, एक जोडी पायल, एक जोड़ी सैम्पल एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि प्रेमिका द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ससुराल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। उन्होंने बताया कि 7 जून को एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी कि दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खुद को एलआईसी एजेन्ट बताकर घर का दरवाजा खुलवाया गया तथा मेरी पुत्र वधु अनामिका व बच्चों को नशीला पदार्थ सुधॉकर कर आभूषण व नगदी चोरी कर ले गये हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी। जांच करने पर पता चला कि गिरफ्तार की गई प्रेमिका अनामिका द्वारा अपने प्रेमी निगम के साथ षडयंत्र रचकर करीब 15 लाख रुपये के कीमती आभूषण व 1,50,000 रुपये की नकदी दे दी गई थी और अपने ससुराल वालों व पुलिस को चोरी की झूठी सूचना दी गई थी। थाना प्रभारी ने बताया की सोमवार को चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक प्रेम युगल को गिरफ्तार कर चोरी का शत प्रतिशत सामान बरामद किया गया है।

# जिलाध्यक्ष पद के दो वर्ष सफल होने पर कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के कर्मठ, जुझारू एवं जनप्रिय नेता बबलू गुर्जर ने समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष पद पर अपने दो वर्ष के कार्यकाल को पूर्ण कर लिया है। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों तथा जनसामान्य ने उन्हें दिल से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

जिलाध्यक्ष बबलू गुर्जर का यह दो वर्षीय कार्यकाल संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ता संवाद, जनसंपर्क अभियानों और समाजवादी नीतियों के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरा रहा। उन्होंने लगातार समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों और विकास की सोच को गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाने का काम किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि आने वाले वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में जनपद हापुड़ की तीनों विधानसभा सीटों धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर व हापुड़ पर समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित की जाएगी और उत्तर प्रदेश में पुन: अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। इस मौके पर सभी शुभचिंतकों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि बबलू गुर्जर को लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और आगे भी पार्टी सेवा का अवसर मिले।



## एक नजर

### नृत्य कला इवेन्ट कार्यक्रम के साथ आज होगा शहीद मेले का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वाधीनता संग्राम शहीद स्मारक समिति के तत्वाधान में रामल. ीला मैदान में चल रहे शहीद मेला एवं प्रदर्शनी का 10 जून की रात्री 8 बजे नृत्य कला इवेन्ट कार्यक्रम होकर एक माह तक चलने वाले शहीद मेले का समापन किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल छावनी वाले व महामंत्री एडवोकेट मुकुल कुमार त्यागी ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्ले बैक सिंगर सुरेखा व टी सीरिज सिंगर मनोज वर्मा भाग लेंगें। जो कि लता मंगेशकर व किशोर दा के देशभक्ति गीतों से दर्शकों का खूब मनोरंजन करेगें तथा मंथरा 7 इवेन्ट रायल ग्रुप भिन्न भिन्न प्रकार की झाकी प्रस्तुत करेंगे कार्यक्रम में डीएम अभिषेक पांडेय, एसपी कुंवर ज्ञांनजय सिंह व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं मेला प्रचार मंत्री अतुल अग्रवाल ने कहा की इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है और इस कार्यक्रम में देहात व शहर से काफी लोगों की शामिल होने की संभावना है।

### वृहस्पति के अस्त होते ही बंद हुए शुभ कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ब्रह्मांड में ग्रह-नक्षत्रों के परिवर्तन के साथ वृहस्पति गुरु के अस्त होने से इस वर्ष विवाह, गृहप्रवेश, उपनयन, मुंडन संस्कार, गृह आरंभ सहित सभी शुभ मांगलिक कार्य आज से बंद हो गए हैं। यह सिलसिला लगभग पांच महीने तक चलेगा।

भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के. सी. पाण्डेय श्काशी वालेश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 9 जून यानी सोमवार को अंतिम विवाह मुहूर्त रहा। इसके बाद 12 जून शाम 7:54 बजे वृहस्पति तारा अस्त हो जाएगा, जो 9 जुलाई सुबह 4:42 बजे उदय होगा। उन्होंने बताया कि शास्त्रों निर्णय सिंधु, मुहूर्त चिंतामणि, ज्योतिष सागर आदि में स्पष्ट उल्लेख है कि वृहस्पति के अस्त, बाल्यावस्था, वृद्धावस्था या अतिचारी स्थिति में शुभ कार्य वर्जित होते हैं। चातुर्मास समापन के बाद इस वर्ष विवाह मुहूर्त 18 नवम्बर से पुन: प्रारंभ होंगे। इस वर्ष नवम्बर में 18, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29, 30 और दिसंबर में 4, 10, 11 को कुल 12 शुभ विवाह तिथियाँ उपलब्ध हैं। 15 दिसंबर की रात्रि में सूर्य के धनु राशि में प्रवेश से खरमास प्रारंभ हो जाएगा, जिससे फिर सभी मांगलिक कार्य रुक जाएंगे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ व एसडीएम ने जनसमस्याएं सुनीं। कुल 26 शिकायतें आईं, जिनमें से मौके पर मात्र पांच शिकायतों का निस्तारण हो सका है। सीडीओ ने समय अवधि में पारदर्शिता के साथ लंबित शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित कर्मचारियों के निर्देश दिए।

सीडीओ हिमांशु गौतम, एसडीएम अंकित वर्मा ने जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान बिजली, नगरपालिका, सिंचाई विभाग, शिक्षा विभाग, चकबंदी, पुलिस समेत अन्य विभागों से जुड़ी लगभग 26 शिकायतें आईं। जिनमें से मौके पर मात्र पांच शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। इस दौरान सीडीओ ने लंबित शिकायतों का समय अवधि में पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने का निर्देश दिया। सीओ वरूण मिश्रा ने संपूर्ण समाधान दिवस में आए पुलिसकर्मियों को कोतवाली व थानों में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांचकर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए।

### श्रम विभाग के कर्मचारी पर 50 हजार रुपये का गबन करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव नवादा निवासी व्यक्ति ने श्रम विभाग में तैनात कर्मचारी पर श्रमिकों के 50 हजार रुपये गबन करने के आरोपों की जांच न करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि उसके द्वारा शिकायत किए जाने पर आरोपी कर्मी ने उनको धमकी दी है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्यारह टीबी रोगियों को किया गया पोषण पोटली का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें को टीबी मुक्त करने के लिए की एक नई पहल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुदाफ़रा पर तैनात डा. चंद्रपाल सिंह गौतम का सेवानिवृति कार्यक्रम था। इस अवसर पर डा. चंद्रपाल सिंह गौतम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी की दवाइयां ले रहे 11 रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली का वितरण किया एवं सभी मरीजों को जलपान कराया।

डा. चंद्रपाल सिंह ने बताया कि पूर्व में भी वह जनपद बुलंदशहर में जिला क्षय रोग अधिकारी के पद पर कार्य का निर्वहन कर चुके हैं एवं भविष्य में भी जब भी कहीं टीबी रोगियों की सेवा का अवसर मुझे प्राप्त होगा। मैं इसके लिए तत्पर रहूंगा। टीबी रोगियों का सहयोग



करके मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। समय-समय पर मैं टीबी रोगियों के सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह, चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहरा डा. धर्मेश कंसल चिकित्साधिकारी डा. भारती बिरला जिला पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार वरिष्ठ प्रयोगशाला परिमेक्षक बृजेश कुमार लैब टेक्नीशियन अजय मालिक जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाकर परखी बैंकों की सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में पुलिस ने अपने अपने थाना क्षेत्रों में स्थित विभिन्न बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया। इसमें मुख्य रूप से बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे और अलार्म सिस्टम को परखा गया। बैंकों के बाहर मौजूद संदिग्धों से पूछताछ की गई। लोगों को बिना वजह मौजूद न रहने की हिदायत दी गयी।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने जिले में सभी थाना प्रभारीयों को निर्देश दिए हैं कि जिले में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण और बैंक, एटीएम की सुरक्षा के लिए क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र के बैंक और एटीएम की चेकिंग करेंगे। इसी क्रम में पुलिस ने बैंक में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बैंक के पास खड़े संदिग्धों



की भी चेकिंग की गयी। वहीं चें. कंग के दौरान बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों सीसीटीवी कैमरों, आलर्म आदि को भी चेक किया गया। सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को चेक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैंकों में संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की गई। पुलिस की बैंकों में चेकिंग के दौरान लोगों में हड़कंप मचा रहा। थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में बैंक तथा एटीएम की जांच करते हुए सुरक्षा मानकों को परखा। इस दौरान सभी बैंक व एटीएम के सेंसर अलार्म, बैंक व एटीएम में सुरक्षा के लिए हथियार बंद गार्ड की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों तथा उनकी गुणवत्ता की जांच की गई। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पुलिस की उपस्थिति दिखाकर महिलाओं तथा आम लोगों विशेषकर कमजोर वर्गों के मध्य सुरक्षा की भावना पैदा करने सहित कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना शामिल है।

# सांसद के लापता की पोस्ट वायरल होने पर जिले में गरमाई राजनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ-हापुड़ लोकसभा सांसद अरुण गोविल के हापुड़ में लापता होने का पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से भाजपा सांसद अरुण गोविल फिर से चर्चा में हैं। लेकिन इस बार उनका कोई बयान नहीं बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर द्वारा पोस्ट किया गया गुमशुदगी का पोस्ट है। जैसे ही यह पोस्ट वायरल हुआ, जिले की राजनीति में हलचल मच गई है।

भाजपा सांसद अरुण गोविल मेरठ में रहते हैं। इन दिनों चर्चा है कि वह हापुड़ विधानसभा क्षेत्र में काफी समय से नजर नहीं आए हैं। हाल ही में एक यूजर ने एक्स पर एक पोस्ट किया। जिसमें सांसद को गुमशुदा बताते हुए लिखा गया कि ये हमारे हापुड़-मेरठ लोकसभा क्षेत्र के सांसद है। इन्हे हापुड़ विधानसभा क्षेत्र में आखिरी बार पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव में देखा गया था। उसके बाद से ही ये लापता है। अगर




किसी बंधु को ये हापुड़ विधानसभा में कहीं दिखाई दे तो कृपया सूचित करें। सांसद के गुमशुदा की पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिले में राजनीति गरमा गई है। विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने इस मुद्दे पर सांसद अरुण गोविल को घेरते हुए जमकर निशाना साधा। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर बब्लू प्रधान ने कहा कि भाजपा सांसद अरुण गोविल अब जनता से रूबरू नहीं हो रहे हैं और केवल सोशल मीडिया पर अपनी राजनीति चला रहे हैं। जिसको लेकर जनता में उनके लिए नाराजगी



राकेश त्यागी कांग्रेस जिलाध्यक्ष (हापुड़)

साफ दिखाई दे रही है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि भाजपा सांसद अरुण गोविल न तो जनसुनवाई करते हैं और न ही उनका क्षेत्र में कोई प्रवास होता है। जिससे क्षेत्र की जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। भाजपा सांसद अरुण गोविल ने 27 मई को हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के तहत आठ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आरसीसी नाले और पुलिया का शिलान्यास किया था। इस परियोजना से क्षेत्र में जलभराव की



आनंद गुर्जर जिलाध्यक्ष सपा (हापुड़)

समस्या का समाधान होने की उम्मीद है और हजारों परिवारों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। हालांकि, इस शिलान्यास के बाद भी सांसद अरुण गोविल के लापता की पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

# क्रिकेट मैच के दौरान खिलाड़ियों के बीच मारपीट, पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के हेवा गांव में रविवार को चल रहे एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान दो टीमों के खिलाड़ियों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी में दोनो पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर बैट और स्टम्प से हमला कर दिया। मारपीट में दोनों पक्षों से पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को काबू में किया और घायलों को सीएचसी छपरौली में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव वालों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर आयोजित इन क्रिकेट मैचों में अक्सर विवाद की स्थिति बन जाती है, लेकिन इस बार मामला हिंसक हो गया। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# महिला ने पड़ोसी पर लगाया दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पड़ोसी युवक पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी का विरोध करने पर उसने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उसको और उसके परिजन को पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने न्यायालय के आदेश पर पांच नामजद समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका पति गाजियाबाद में काम करता है। घर पर वह अकेली रहती है जबकि ससुराल पक्ष के लोग दूसरे मकान में रहते है। पीड़िता ने बताया कि उसका पड़ोसी युवक उसको समय समय पर अश्लील इशारे करता है। इसको लेकर कई बार विवाद हो चुका है। पीड़िता बताया कि 25 मई को आरोपी उसके घर पर में घुस गया और उसको खाना बनाने के दौरान पीछे से आकर पकड़ लिया। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर दी। इस दौरान वह वहां से भाग कर देवर के घर पहुंच गई और पति को मामले की जानकारी दी। पीड़िता ने बताया कि उसका पति गांव आया तो आरोपी अपने परिजन के साथ उसके देवर के घर आ गए और उन पर हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने न्यायालय की शरण में जाकर कार्रवाई करने की मांग की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच नामजद समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बकरीद की नमाज को लेकर जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं की चारों ओर सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** इस वर्ष बकरीद का पर्व पूरी आस्था, भाईचारे और शांति के साथ मनाया गया। ईद की नमाज़ को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक और प्रभावी तैयारियाँ की गईं। ईदगाहों और मस्जिदों पर नमाज़ अदा करने वालों की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन ने पूरी तत्परता दिखाई, जिसके अंतर्गत सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती और अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए।

नगर ईदगाह में शहर काजी और इमाम ईदगाह, मुफ्ती मकसूद आलम साहब ने नमाज़ अदा कराई। नमाज़ के बाद उन्होंने पूरे विश्व में अमन-चैन व शांति के लिए रब्बे कायनात से दुआ की। साथ ही



भारत देश की तरक्की, एकता और आपसी भाईचारे के लिए खुसूसी से दुआ की गई। मुफ्ती साहब ने कहा कि हमारा मुल्क विभिन्न धर्मों और जातियों का गुलदस्ता है, जिसे आपसी समझदारी और मोहब्बत से ही महकाया जा सकता है। इस सफल आयोजन के लिए शहर ईदगाह कमेटी और मुफ्ती मकसूद आलम साहब ने जिलाधिकारी अभिषेक पांडे, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसडीएम सदर इला प्रकाश, क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार शर्मा, नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह, जदीद चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रवीण



कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी और समस्त जिला व पुलिस प्रशासन का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। जनपद की सभी मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज़ का आयोजन शांतिपूर्वक और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। शहर भर में अमन, भाईचारे और अनुशासन की मिसाल पेश करते हुए मुस्लिम समुदाय ने बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक ढंग से मनाया। हर ओर से यह संदेश गया कि त्योहार का असली उद्देश्य प्रेम, त्याग और समाज में एकता को बढ़ावा देना है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने सुनी जन शिकायतें

( सुहैल मियाँ )
शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील स्वार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विद्युत, पुलिस विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण आदि विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने ई-एप्लीकेशन के बारे में लेखपालों से कहा कि डिजिटलीकरण की दिशा में यह एक



अहम कदम है, जिससे पारदर्शिता, कार्यकुशलता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि वह सभी आवेदनों को समय से ऑनलाइन प्रणाली में दर्ज करें और निर्धारित समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देशित किया कि सभी ई-एप्लीकेशन पोर्टल को डाउनलोड कर लें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि तहसील स्तर से भूमि विवाद में कमी आई है तथा अवैध खनन पर अंकुश लगा है, जिससे खनन में राजस्व की बढ़ोत्तरी हुई है। तहसील टाण्डा में मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील बिलासपुर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अम्बरीश कुमार बिन्द की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सदर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 11 शिकायतें प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील मिलक में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 16 शिकायतें प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# डीएम और एसपी ने नैय्या नदी की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा ने ग्राम पंचायत खुशहालपुर पहुंचकर मनरेगा द्वारा नैय्या नदी की गुल साफ सफाई का निरीक्षण किया और ग्राम प्रधान को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार की दोपहर जिला अधिकारी जोगिंदर सिंह पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र स्वार उपजिलाधिकारी अमन देओल क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे कोतवाल प्रदीप कुमार मलिक चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला क्षेत्र के खुशहालपुर गांव पहुंचे और जिलाधिकारी ने मनरेगा द्वारा की जा रही नैय्या नदी की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और अन्य विकास कार्य भी देखें ग्राम प्रधान साजिद हुसैन अंसारी से गांव के अन्य विकास कार्यों के मामले में भी पूछताछ की वहीं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्री ने ग्राम प्रधान से विवादों की स्थिति जानी लेकिन ग्राम प्रधान ने किसी भी रंजिश और विवाद से इनकार किया उन्होंने ग्राम प्रधान से निष्पक्ष होकर विकास कार्य करने और विवादों से दूर रहने की हिदायत की।

# बाइकों की भिड़ंत में दो की गई जान, एक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** दो वाइको में हुई भिड़ंत दो की मौत जानकारी के अनुसार मुरादाबाद जिले के कुंद. रकी थाना क्षेत्र के बगरुआ गांव निवासी इमरान उम्र 25 वर्ष बाइक पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। रास्ते मे सैफनी थाना क्षेत्र के कासम नगला गांव के समीप सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर किशनपुर गांव के रिंकू और उसका साथी सवार था। हादसे में तीनों – सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। एक्सीडेंट की सूचना पाकर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस बीच घटना के बाद सड़क पर पड़ें घायलों को एंबुलेंस की मदद से समुदायिक केंद्र शाहबाद भिजवाया।घायल इमरान ने रास्ते मे दम तोड़ दिया। जबकि, दूसरे घायल की शाहबाद स्वास्थ्य केंद्र पर मौत हो गई।जिसके बाद अस्पताल पहुंचे



मृतक का फाइल फोटो

परिजनों ने उसकी शिनाख्त रायपुर का मझरा निवासी हरपाल के रूप में की। बगरुआ प्रधान ने बताया कि अस्पताल ले जाते समय इमरान ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। एक्सीडेंट में दो अलग अलग हुई मौतो की खबर सुनकर दोनों मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फैयाज अली गुड्डू के मना. नीत होने पर जनपद रामपुर के सभी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ने फैयाज अली गुड्डू को मिठाई खिलाकर फूल माला पहनकर जिलाध्यक्ष बनने पर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि फैयाज अली गुड्डू के जिला अध्यक्ष बनने से जनपद रामपुर में राष्ट्रीय लोक दल को मजबूती मिलेगी। क्योंकि तराई क्षेत्र बिलासपुर तहसील ग्राम पंचायत महेशपुर के रहने वाले हैं जनपद रामपुर के सीनियर नेता मोहम्मद



अहसान की सहमति से जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन की सहमति से उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक दिल नवाज खान ने प्रदेश महासचिव संगठन आतिर रिजवी द्वारा जनपद रामपुर के निवासी फैयाज अली गुड्डू पर भरोसा जताते हुए उन्हें जनपद रामपुर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने भी भरोसा दिया है कि सभी नेताओं की कसौटी पर खरा उतरूंगा। क्योंकि सभी नेताओं ने मेरे ऊपर भरोसा करके मुझे यह जिम्मेदारी दी है जिम्मेदारी पर खडा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा और जल्द ही जनपद रामपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महासि. चव संगठन प्रदेश प्रवक्ता सभी को बुलाकर सदस्यता अभियान का आगाज किया जाएगा और बहुत बड़ा कार्यक्रम जनपद रामपुर में राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ करेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फिरोज आलम खान, सवाब खान, महफूज खान, मुस्तकीम हाफिज, फुरकान, गुलवेज, नाजिम, मोहम्मद अजीम, नाजिया खान, अंकित यादव, फराज, इमरान खान, शकील अहमद, साहिल, फैजान आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

# अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

( सुमित कुमार )
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार दो घायल लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में भर्ती कराया गया। शाहबाद के मोहल्ला वेदान के रहने वाले 18 वर्षीय अयान और 18 वर्षीय मुस्तकीम आंवला रोड स्थित स्विमिंग पूल पर नहाने के लिए बाइक से जा रहे थे। रास्ते में शाहबाद की ओर से तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में साइड मार दी। जिससे दोनों रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को उठाकर निजी चिकित्सक के यहां पहुंचाया।चिकित्सा के यहां पहुंचे परिजन अयान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने घायलो को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया।

# मंदबुद्धि से मारपीट को लेकर कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र

( सुमित कुमार )
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम धुरयाई में रहने वाले सोनू सिंह ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया। उसका पुत्र राजू मंदबुद्धि है और वे घेर पर था विपक्षीगण के कुछ लोगों ने पहले उल्टी-सीधी भाषा का प्रयोग करके राजू को छेडा जब राजू ने विरोध किया तो उपरोक्त व्यक्तियो ने राजू को मारा इतने में राजू की बहन को खबर लगी तो वह दौडी-दौडी आई और उपरोक्त लोग उसके भाई को मार रहे है राजू की बहन भानवती ने आते ही बीच वचाच किया परन्तु उपरोक्त लोग अपनी दवांगाई में थे उन्होने भानवती को मार पछाडा और उसके वाद में राजू की भाभी अनीता आई उपरोक्त लोगो ने अनीता पर वार कर दिया। जिसमें अनीता के कान के कुन्डल खीच लिये जिससे अनीता के कान चिर गया है। ओर जाति सूचक शब्दो से अपमानित किया गया। सोनू ने कोतवाली प्रार्थना पत्र दिया और उपरोक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर लगाया शरबत और चने का लंगर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक खानम/रामपुर।** गदरपुर मोड गुरुद्वारे के सामने गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर चौन और मीठे शरबत का लंगर लगाया गया जिसमें आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा शरबत और चने का प्रसाद चखाया।इस दौरान सिख समुदाय के लोगो ने सुबह से गुरुद्वारा के सामने चने व शरबत का स्टाल लगा कर आने जाने वाले लोगों की प्यास बुझाई इस दौरान गुरुद्वारा के बाबा जी

# भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया शरबत



( सुमित कुमार )
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को बिलारी मार्ग पर शिविर लगाकर शरबत वितरण का हुआ आयोजन। इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है इससे हर कोई परेशान है। राह चलते लोगों को प्यास लग रही है रास्ते में पानी को लेकर परेशान रहते हैं। इसको देखते हुए नगर के बिलारी शाहबाद मार्ग पर शरबत शिविर लगाया गया। जिससे राहगीरों को शरबत पिलाया गया। शरबत पीने के लिए तमाम लोगों की भीड़ लगी रही। इस मौके पर ध्रुप बरनवाल,बोनस कुमार,निकल कुमार,कुनाल कुमार,तुषार कुमार,गोविंद कुमार,विशाल कुमार आदि लोग मौजूद रहे। निरंजन सिंह कुलदीप सिंह सुरेंद्र सिंह कुलदीप सिंह हरदीप सिंह सुरेंद्र सिंह कृपाल सिंह हरजीत सिंह पलविंदर सिंह, पुपिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने किया नवीन चौकी की भूमि का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला में नवीन चोकी निर्माण स्थापना हेतु जगह का निरीक्षण किया गया। जिसमे नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला में गाटा संख्या 258 को नवीन चौकी की निर्माण हेतु चिन्हित किया गया। यह मार्ग रामपुर से बाजपुर उत्तराखण्ड को जाने वाला मुख्य मार्ग पर है। नगर पंचायत चेयरमैन के कई सालो के कठोर प्रयास से यह संभव हुआ । इस मोके पर चेयरमैन खालिद अली ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया, नगर वासियों में भी खुशी की लहर है और नगरवासियों ने चेयरमैन खालिद अली को धन्यवाद भी दिया है क्योकि इससे नगर में अपराधों मे



कमी आयेगी तथा स्थानीय जनता को लाभ प्राप्त होगा। यह चौकी सुगम एवं दुर्घटना रहित यातायात के लिए सहायक सिद्व होगी ।इस मौके पर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, उपजिलाधिकारी अमन देओल, क्षेत्रधिकारी अतुल कुमार पांडे , थाना स्वार प्रभारी प्रदीप मलिक आदि मौजूद रहें।

# कोतवाल और क्षेत्राधिकारी ने किया बैंकों का निरीक्षण



( सुमित कुमार )
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत ने भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, यूनियन बैंक, किसान ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक आदि के साथ-साथ अन्य सभी बैंकों का निरीक्षण किया और सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के लिए उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, सायरन और अग्नि शमन यंत्रों को दुरुस्त रखने के साथ-साथ बैंक ग्राहकों को ऑनलाइन ठगी का शिकार होने से बचाने के निर्देश बैंक कर्मचारियों को दिए।

इसके साथ ही बैंकों में आए ग्राहकों को भी पुलिस क्षेत्र अधिकारी द्वारा सलाह दी गई कि वह अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर लॉक लगाकर खड़ा करें ताकि वाहन के चोरी होने का डर भी ना रहे । किसी भी समस्या के लिए बैंक मैनेजर से संपर्क करें और अपनी समस्या का समाधान करें।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

( सुमित कुमार )
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** क्षेत्र में रविवार को अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जानकारी के अनुसार शाहबाद की रहने वाले 12 वर्षीय समद पुत्र इकरार सड़क हादसे मैं घायल हो गए। दूसरी ओर ग्राम बजीगंज बदायूं जिले के रहने वाले 17 वर्षीय फैसल पुत्र शमशुद्दीन और 28 वर्षीय उबेस पुत्र बाबर किसी काम से शाहबाद आए हुए थे। किसी अज्ञात वाहन से टकराव से बाइक गिर गई जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

# अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र रामपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतू अभियान के तहत। ग्राम दिवियापुर थाना शाहबाद अभियुक्त सुभाष पुत्र अतराम निवासी जनपद रामपुर के कब्जे से एक चाकू नाजायज बरामद कर थाना हाजा धारा आर्म्स एक्ट पंजीकृत कराया गया । अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा. न्यायालय भेजा गया । जिसमें गिरफ्तार करने वाली टीम उवनिव मनोज कुमार चौधरी, हे.का बालकिशोर सिंह, हे. का गिरन्द सिंह ,हे.का राहुल कुमार मौजूद रहे।

# चिकित्सक एवं कर्मचारियों ने किया योग अभ्यास

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क योग शिविर लगाए जा रहे हैं। स्कूल कॉलेज के अलावा विभिन्न पार्कों में योग प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं अन्य सभी कर्मचारियों ने सामूहिक योग अभ्यास किया। मास्टर योगा ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना और योग प्रशिक्षक राजीव कुमार व रामू मौर्य के द्वारा सभी स्टाफ को योग अभ्यास कराया गया। सरकार द्वारा जन-जन तक योग का लाभ पहुंचाने के लिए योगा ट्रेनर तैयार किए गए हैं। जो सभी क्षेत्रों में योग का प्रशिक्षण दे



रहे हैं। सबसे पहले ओम का अभ्यास कराया उसके बाद सूक्ष्म व्यायाम व ताड़ासन कटी चक्र आसन, त्रिकोणासन, चक्रासन का अभ्यास कराया, कपालभाति, नाड़ी शोधन, भ्रमरी आदि प्राणायाम कराया। अंत में शांति पाठ कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरिओम, डॉ रविंद्र, डॉक्टर रोहित पाल, डॉक्टर मीनाक्षी आर्या, डॉक्टर जबर सिंह, डॉक्टर टी पी सिंह, डॉक्टर वफा उर रहमान एवं योग प्रशिक्षक, योग सहायक अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# पट्टी कला में काशीपुर लालकुआं रेलवे लाइन के नीचे मिस्त्री का शव मिलने से मचा हड़कंप

## मृतक 24 घंटे से कमरे से था लापता

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** पट्टी कला में लाल कुआं काशीपुर रेलवे लाइन के नीचे लाश पड़ी होने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया आनन फानन में सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। सोमवार को पट्टी कला में लाल कुआं काशीपुर रेलवे लाइन के नीचे झाड़ियां में जनपद अमरोहा निवासी अमित चौहान उम्र 38 वर्ष पुत्र सुखपाल सिंह की लाश मिली यह नजदीक के कस्बा सुल्तानपुर पट्टी में किराए पर रहकर मशीन से लेंटर डालने का काम करता था। वह रविवार सुबह से रहस्यमय ढंग से लापता था सोमवार की सुबह उसकी अचानक लाश बरामद होने से हड़कंप मच गया और सूचना उसके परिजनों को दी गई सूचना पाकर परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को अपने कब्जे में ले लिया पुलिस ने पंचनामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर पर खरोंच के निशान थे लेकिन हत्या या आत्महत्या स्पष्ट नहीं है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।मिस्त्री की मौत से परीवार मे कोहराम मचा हुआ है।

● फ्रेंच ओपन-2025

# कार्लोस अल्काराज चैंपियन

● फाइनल में सिनर को पांच सेट में शिकस्त दी, 25 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिली



● यह कार्लोस अल्काराज का पांचवां ग्रैंड स्लैम फाइनल था और वे पांचवी बार विजेता बने

**पेरिस, वार्ता।** स्पेन के 22 साल के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन चैंपियन बन गए हैं। रविवार को 5 घंटे से लंबे चले संघर्षपूर्ण खिताबी मुकाबले में अल्काराज ने इटली के जैनिक सिनर को पांच सेट में शिकस्त दी। अल्काराज ने मुकाबला 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से जीता। उन्होंने यहां लगातार दूसरा खिताब जीता।

इसी के साथ अल्काराज ने ग्रैंड स्लैम में अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया है। यानी यह उनका पांचवां ग्रैंड स्लैम फाइनल था और वे पांचवीं बार विजेता बने। विजेता को 25 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिली, जबकि रनरअप को 13 करोड़ रुपये मिले। वहीं, ओपन एरा में छठी बार ऐसा हुआ जब फाइनल में शुरुआती दो सेट हारने के बाद कोई चैंपियन बना। फ्रेंच ओपन के सिंगल्स कैटेगरी के दोनों टाइटल इस बार नंबर-2 खिलाड़ियों के खाते में गए। इससे पहले, शनिवार को वर्ल्ड नंबर-2 कोको गाफ नंबर-1 आर्यना सबालेंका को हराकर चैंपियन बनी थीं। अब रविवार को नंबर-2 अल्काराज ने नंबर-1 सिनर को हराकर ऐसा किया। फैसला पांचवें सेट के टाई ब्रेक से हुआ ओपन एरा में केवल तीसरी बार मेंस सिंगल्स ग्रैंड स्लैम फाइनल का फैसला पां. चवें सेट के टाई ब्रेक से हुआ। इससे पहले, साल 2020 के यूएस ओपन में डोमिनिक थिएम और एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच फाइनल का नतीजा टाई ब्रेक से आया था, जिसमें थिएम विजेता बने थे। उससे पहले, विंबलडन 2019 में जोकोविच ने पांचवें सेट के टाईब्रेकर में फेडरर को हराकर खिताब जीता था। यह ग्रैंड स्लैम में पहली बार हुआ, जब साल 2000 के बाद जन्मे खिलाड़ी फाइनल में आमने-सामने हुए। वहीं, यह साल 2013 के बाद पहली बार हुआ, जब खिताबी मुकाबला वर्ल्ड रैंकिंग में टाप-2 खिलाड़ियों के बीच खेला गया। ओपन एरा में सबसे लंबा फ्रेंच ओपन फाइनल अल्काराज-सिनर का यह फाइनल मुकाबला फ्रेंच ओपन के ओपन एरा का सबसे लंबा फाइनल रहा। यह मैच 5 घंटे 29 तक चला। इसने 6 जून 1982 के गुइलेरमो विलास (अर्जेंटीना) और मेट्स विलेंडर (स्वीडन) के फाइनल का रिकॉर्ड तोड़ा। 4 घंटे 42 मिनट तक चले उस मुकाबले को विलेंडर ने 1-6, 7-6, 6-0, 6-4 से जीता था। अल्काराज से लगातार पांचवां मैच हारे सिनर यह अल्काराज की सिनर के खिलाफ लगातार पांचवीं जीत रही। उन्होंने पिछले महीने रोम मास्टर्स के फाइनल में भी सिनर को हराया था। दोनों के बीच अब तक 12 मैच खेले गए हैं, जिसमें से अल्काराज ने 8 जीते हैं।

# बेंगलुरु भगदड़: आरसीबी की याचिका पर सुनवाई आज



■ आपराधिक मामला रद्द करने की अपील, फ्रेंचाइजी का दावा, हमें झूठा फंसाया गया

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ को लेकर दर्ज आपराधिक मामला रद्द करने पर कल सुनवाई होगी। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका लगाई ते हुए कहा था कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। आरसीबी ने तर्क दिया है कि उस पर गलत आरोप लगाए गए हैं। सोशल मीडिया पर साफ बताया गया था कि एंट्री पास लिमिटेड हैं। स्टेडियम के गेट दोपहर 1:45 बजे खुलने वाले थे लेकिन दोपहर 3 बजे खोले गए, जिससे स्टेडियम के बाहर भीड़ बढ़ती गई। दरअसल, बेंगलुरु में 4 जून को हुई भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी और 75 घायल हुए थे। एडवोकेट जनरल शशिकिरण शेट्टी ने अदालत से अपील करते हुए कहा कि भगदड़ मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं पर 10 जून को एक साथ सुनवाई की जाए। इवेंट आयोजक डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड ने भी अपने खिलाफ एफआईआर को चुनौती देते हुए एक अलग याचिका दायर की है। कंपनी का कहना है कि पुलिस भीड़ संभाल नहीं पाई। इस वजह से भगदड़ हुई। अब इन दोनों ही मामलों पर 10 जून को सुनवाई होगी। आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के चार अधिकारियों को 6 जून को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के चार अधिकारियों को 6 जून को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसले के वकील ने हाईकोर्ट में कहा कि निखिल को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि सीएम सिद्धारमैया ने सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) को उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया था। कोर्ट 6 जून को हुई निखिल सोसले की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। वकील ने कोर्ट में कहा कि निखिल सोसले अशोक नगर पुलिस थाना इलाके में रहते हैं।

## आरपीसीए और आरसीएन ने अपने अपने मैच जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीडीसीए महिला टी-20 लीग के पहले दिन सोमवार को आरपीसीए ने एनके खन्ना सीसी को 44 रनों से और आरसीएन ने आनंद स्पोर्टर्स को 42 रनों से हराया। आज यहां सुश्री संगीता जेटली ने नई दिल्ली के बाराखंभा रोड स्थित मॉडर्न स्कूल ग्राउंड में डीडीसीए महिला टी-20 लीग का उद्घाटन किया। दिन के पहले मुकाबले में आरपीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 108 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एनके खन्ना सीसी की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 64 रन ही बना सकी और 44 रनों से मुकाबला हार गई। वहीं दिन के दूसरे मैच में आरसीएन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 135 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को चार विकेट से हराया

**ब्रिस्टल, वार्ता।** जॉस बटलर (47), कप्तान हैरी ब्रूक (34) और टॉम बैंटन (नाबाद 30) रनों की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को नौ गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी खबरा रही और उसने जेमी स्मिथ (चार) के रूप में अपना पहला विकेट गवां दिया। इसके बाद बेन डकेट और जॉस बटलर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। बेन डकेट 18 गेंदों में (30) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड का तीसरा विकेट जॉस बटलर के रूप में गिरा। बटलर ने 36 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (47) रन बनाए। कप्तान हैरी ब्रूक ने 20 गेंदों में (34), जेकब बेथेल ने 10 गेंदों में (26), विल (11) रन बनाकर आउट हुए। टॉम बैंटन ने 11 गेंदों में तीन चौके , दो छक्के लगाए।

# सिकंदर रजा ने लगाया नस्लीय दुर्व्यवहार का आरोप

**हरारे, वार्ता।** जिम्बाब्वे के आलराउंडर सिकंदर रजा ने स्थानीय कोच पर नस्लीय दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। यह घटना 1 जून को विग्ने कप मैच के दौरान की है। वह अपनी टीम ओल्ड हरारियंस की तरफ से रेनबो क्रिकेट क्लब के खिलाफ खेल रहे थे। हरारे मेट्रोपालिटन क्रिकेट एसोसिएशन में शिकायत दी उन्होंने इसकी शिकायत हरारे मेट्रोपालिटन क्रिकेट एसोसिएशन में दी है।

क्रिकेट की वेबसाइट ईएसपीएन क्रिक इन्फो के मुताबिक रजा ने आरोप लगाया है कि वह ओल्ड हरारियंस क्लब में ओल्ड हरारियंस और रेनबो क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए मैच के दौरान जब ग्राउंड से बाहर जा रहे थे, तब कोच ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की। रजा ने कहा कि मैं इस घटना की पूरी जांच की मांग करता हूं। अगर कोच दोषी पाया जाता है, तो उन्हें ऐसा सबक सिखाया जाना चाहिए कि भविष्य में किसी के साथ ऐसी घटना न हो। मैच के दौरान रजा ने 56 गेंदों में 78 रन बनाए, जिससे उनकी टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 402 रन बनाए। जवाब में रेनबो क्रिकेट क्लब ने 39 ओवर में 8 विकेट पर 225 रन बनाए और डीएलएस पद्धति से 142 रनों से मैच हार गई। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स को खिताब जिताने में अहम रोल निभाया था रजा ने पीएसएल में लाहौर कलंदर्स को खिताब जिताने में अहम रोल निभाया था। उन्होंने लाहौर में खेले गए फाइनल में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाफ विजई रन बनाए थे। उन्होंने 7 गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए थे। साथ ही एक विकेट भी लिया था। यह 2025 में रजा का दूसरा टी20 फ्रेंचाइजी ट्राफी रहा। इससे पहले उन्होंने प्स्ज्20 भी जीता था। इंग्लैंड ने ब्रिस्टल में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में विंडीज को 4 विकेट से हराया। इसके साथ ही इंग्लैंड तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाने के साथ ही सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया है। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 196 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 6 विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।



## पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो, वार्ता।** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्व. कप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कारिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा कि यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं।

## सौरभ कुमार नए घरेलू सत्र में आंध्र प्रदेश के लिए खेलेंगे

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के 32 वर्षीय स्पिन गेंदबाज सौरभ कुमार नए घरेलू सत्र में आंध्रा की ओर से खेलेंगे। सौरभ ने बताया कि उसे उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल चुका है और वह इस नई पारी को लेकर बहुत उत्साहित हैं। सौरभ ने कहा, हमें कुछ नए मौके तलाश में था और पिछले कुछ दिनों से मेरी दो-तीन टीमों से बात हो थी। अंततः मैंने आंध्रप्रदेश का चयन किया, क्योंकि वह एक बेहतर टीम है और एलीट ग्रुप में खेलती है। फिलहाल मैं इस अवसर पाकर बहुत उत्साहित हूं। 32 वर्षीय सौरभ इससे पहले सर्विसेज (2014-15) और उत्तर प्रदेश (2015-16 से 2024-25 तक) के लिए घरेलू क्रिकेट खेल चुके हैं। उन्होंने 79 प्रथम श्रेणी मैचों में 26-45 की औसत से 324 विकेट लिए हैं, जिसमें 25 बार पांच और आठ बार मैच में 10 विकेट लेना शामिल है।

# स्पेन को हराकर पुर्तगाल ने जीता यूईएफए नेशंस लीग का खिताब

● क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और लीग फाइनल में गोल करनो वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

**म्यूनिख, वार्ता।** पुर्तगाल ने स्पेन को शूटआउट में हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ वह दो बार यह कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है।

म्यूनिख फुटबॉल एरिना में रविवार रात खेले गए फाइनल में दोनों टीमों के बीच अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने स्पेन पर 5-3 से जीत दर्ज कर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया। 40 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और नेशंस लीग फाइनल में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। स्पेन के लिए पहले हाफ में मार्टिन जुबिमेंडी ने 21वें मिनट में गोलकर अपनी टीम बढ़त दिलाई। इसके पांच मिनट बाद पुर्तगाल के नूनो मेंडेस अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मिकेल ओयार्जाबल ने पेड्री के पास को गोल में बदलकर स्पेन को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में रोनाल्डो मैच के 61वें मिनट मे गोलकर पुर्तगाल को 2-2 बराबरी पर ला दिया। यह रोनाल्डा का 938वां गोल था। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाई। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने पांच और स्पेन ने तीन गोल किए। पेनल्टी शूटआउट में गोंसालो रामोस ने पुर्तगाल की ओर से पहला, विटिना ने दूसरा गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस ने तीसरा गोल किया। चौथा गोल नूनो मेंडेस के हिस्से में आया। पुर्तगाल की ओर से रूबेन नेवेस ने पांचवां गोलकर अपनी टीम को 5-3 से जीत दिला दी। वहीं स्पेन के लिए मेरिनो, एलेक्स बेना और इस्को ने गोल किए।

# अन्नू-रोहित ने जीते स्वर्ण पदक

■ चैंपियन अन्नू रानी ने अपने दूसरे थ्रो में 56.82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथभाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता



**ताइपे, वार्ता।** दो बार की ओलंपियन अन्नू रानी और रोहित यादव ने चीनी ताइपे में ताइवान एथलेटिक्स ओपन 2025 के दूसरे दिन रविवार को अपनी-अपनी भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। इसी के साथ भारत ने 10 पदक जीते, जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल है। भारत ने ताइवान एथलेटिक्स ओपन के पहले दिन छह स्वर्ण भी जीते थे, जिससे उनके कुल पदकों की संख्या 16 हो गई। इन पदकों में 12 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य शामिल है। भारतीय दल ने प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो स्वर्ण पदक जीते। एशियन गेम्स की चैंपियन अन्नू रानी ने अपने दूसरे थ्रो में 56-82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका की हैटराबेज लेकामलागे ने 56-62 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक जीता और चीनी ताइपे की पिन-सुन चू 53-03 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले दिन में दो बार के पुरुष भाला फेंक नेशनल चैंपियन रोहित यादव ने चुनौतीपूर्ण मौसम का सामना करते हुए भारत को दिन का पहला पदक जिताया। तेज हवाओं के बीच कोई भी एथलीट 75 मीटर के मार्क को पार नहीं कर पाया, लेकिन रोहित यादव ने अपने पहले थ्रो में 71-46 मीटर के साथ प्रतियोगिता पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। इसके बाद उन्होंने दूसरे थ्रो में अपनी बढ़त में सुधार किया और 74-25 मीटर का थ्रो किया। रोहित ने अपने आखिरी प्रयास में 74-42 मीटर का थ्रो करके शीर्ष पोडियम स्थान पर अपनी जगह बनाई। चीनी ताइपे के हुआंग शिह-फेंग ने 74-04 मीटर

# टीम इंडिया के होम सीरीज के वेन्यू शिफ्ट हुए

**वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट कोलकाता से शिफ्ट हुआ, बीसीसीआई ने घोषणा की**

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने 2025 के इंटरनेशनल होम सीजन और साउथ अफ्रीका ए के भारत दौरे के लिए वेन्यू में बदलाव किए हैं। टीम इंडिया अक्टूबर से दिसम्बर के बीच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से सीरीज खेलेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज अक्टूबर में होगी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज नवम्बर-दिसम्बर में खेलेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट जो पहले कोलकाता में होना था, अब नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बीच, 14 नवम्बर से शुरू होने वाले साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट नई दिल्ली से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शिफ्ट कर दिया गया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और दिल्ली में 2 टेस्ट टीम इंडिया का होम सीजन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज से शुरू होगा। 2 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। 10 अक्टूबर से दूसरा टेस्ट कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन अब ए दिल्ली में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं। इसके बाद टीम इंडिया 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। फिर 29 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक ऑस्ट्रेलिया में 5 टी-20 की सीरीज भी होगी। साउथ अफ्रीका से पहला टेस्ट दिल्ली से कोलकाता शिफ्ट हुआ ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। 18 नवम्बर से कोलकाता में पहला टेस्ट और 26 नवम्बर से गुवाहाटी में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। पहला टेस्ट पहले दिल्ली में खेला जाना था। बरसापारा स्टेडियम में पहली बार रेड बाल से इंटरनेशनल मैच होगा। इससे पहले यहां वनडे और टी-20 के 12 इंटरनेशनल मैच खेले जा चुके हैं। 30 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक दोनों टीमों के बीच 3 वनडे होंगे। इनकी मेजबानी रांची, रायपुर और वाइजैग को मिली है। 9 से 19 दिसम्बर तक दोनों टीमें 5 टी-20 खेलेंगी। इनकी मेजबानी कटक, मुल्लांपुर, धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद को मिली है भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दिसम्बर 2023 में आखिरी टेस्ट सीरीज हुई थी। यह 1-1 से ड्रा रही थी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दिसम्बर 2023 में आखिरी टेस्ट सीरीज हुई थी। यह 1-1 से ड्रा रही थी। इंडिया ए के मैच अब राजकोट में खेले जाएंगे इंडिया ए और साउथ अफ्रीका ए के बीच 30 अक्टूबर से दो मल्टी-डे और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। मल्टी-डे मैच बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होंगे। तीन वनडे जो पहले



फाइल फोटो

# सम्पादकीय

मंगलवार, 10 जून 2025

## पक्षपातपूर्ण नीति का नतीजा

मणिपुर में हुई ताजा हिंसक घटनाओं के बाद खाने-पीने की चीजें और दवाइयों की भारी कमी हो गई है, यहां तक कि जरूरी सामानों के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं। हिंसा प्रभावित कई इलाकों में दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं। अब सारी चीजें मिजोरम के रास्ते आ रही हैं। इसलिए महंगी हो गई हैं। पहले जैसी स्थिति नहीं रही है। तीन मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो अब तक जारी है। इस दौरान 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। एक-दूसरे के खिलाफ खड़े समुदायों की शिकायतों की प्रकृति एवं उसके स्तर के चलते अन्य किस्म के बखेड़ों के मुकाबले जातीय संघर्षों को खत्म करना कहीं ज्यादा मुश्किल होता है। उत्पीड़न के इस किस्म के अहसास को उन लोगों द्वारा खाद-पानी दिया जाता है, जो भावनाओं को इस हद तक बढ़ा देते हैं कि पारस्परिक समझौतों और शांति बहाली के जरिए मेल-मिलाप को लेकर कोई सार्थक रुख अपनाना मुश्किल हो जाता है, भले ही लोगों का बहुमत मूक रूप से इसके पक्ष में हो। हथियारों को लहराकर धमकियां देते हुए, कौमपरस्त वर्ग भय और प्रतिशोध की भावना पैदा करके तार्किक आवाजों को दबाने का प्रयास करते हैं। मणिपुर के मामले में भी कुछ ऐसी ही स्थिति जान पड़ती है, जहां हिंसा के संरक्षकों से निपटने में महीनों की टालमटोल के बाद, भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने आखिरकार ऐसे तत्वों को अलग-थलग करने और उन्हें कानून के दायरे में लाने का फैसला लिया है। कट्टरपंथी पहचानवादी संगठन अरम्बाई तेंगोल के नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में इम्फाल घाटी में फिर से विरोध भड़क उठा है। यह घटनाक्रम एक जातीय संघर्ष के दौरान कानून प्रवर्तन के उपायों को लागू करने की जरूरत और उसमें पेश आने वाली दिक्कतों को उजागर करता है। यह चरमपंथी समूह बेखौफ होकर बेलगाम अराजकता की करतूतों में संलिप्त था तथा जो लोग इसके उग्रवादी एजेंडे से सहमत नहीं थे, उन्हें हिंसा और धमकियों के जरिए निशाना बनाता था। इसने विधायकों को भी अपने कौमपरस्त मकसदों से जुड़े संकल्पों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया था। चौंकाने वाली बात यह है कि भाजपा की अगुवाई वाली तत्कालीन राज्य सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया, यह मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की अपनी पक्षपातपूर्ण नीति से ऊपर न उठ पाने का नतीजा था। इन हिंसक अपराधियों को जनता का संरक्षण मिलने के चलते सुरक्षा बल भी कार्रवाई करने में नाकाम थे। जल्द ही, ऐसे समूह शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन गए और राष्ट्रपति शासन लागू करने के बाद ही सरकार इस समूह के साथ-साथ अन्य समूहों से पुलिस कर्मियों से लूटे गए अधिकांश हथियारों को वापस करवाने में सफल हो पाई। ये गिरफ्तारियां पहाड़ी इलाकों के उन उग्रवादी स्वयंसेवकों के खिलाफ इसी किस्म की कार्रवाई के साथ हुई हैं, जो कथित तौर पर कानून लागू कराने वाले अधिकारियों के खिलाफ हिंसा में शामिल थे। मणिपुर सरकार, जो फिलहाल राष्ट्रपति शासन के अधीन है, को अपराध में गिरफ्तार लोगों की संलिप्तता का स्पष्ट मामला बनाना चाहिए तथा उन्हें न्याय के कठघरे में लाना चाहिए।

## राज्यों के हकों की अनदेखी हुई



मोदी सरकार के 11 साल के शासन काल के दौरान राज्यों की अनदेखी हुई तथा संघीय ढांचे को कमजोर किया गया है, पिछले 11 वर्ष में मोदी सरकार ने लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है, भाजपा -आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर कर, उनकी स्वायत्तता पर कड़ा प्रहार किया है, चाहे वो जनमत चुराकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या एक-दलीय तानाशाही शासन जबरन लागू करना हो, इस दौरान, राज्यों के हकों की अनदेखी हुई है और संघीय ढांचे को कमजोर किया गया है, समाज में नफरत, धमकी और डर का वातावरण फैलाने की कोशिश जारी है। दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक तथा कमज़ोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# गरीबी के साथ आर्थिक असमानता दूर करने का लक्ष्य हो



ललित गर्ग



भारत एक ओर जहां लगातार तेज ग्रोथ करते हुए बीते दिनों जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना, तो वहीं उपलब्धियों का सिलसिला जारी है और दुनिया इसका लोहा मान रही है। अब एक और खुश करने वाली रिपोर्ट आई है, जो विश्व बैंक ने जारी की है, जिसमें भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी की रोशनी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि कही जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के 11 स्वर्णिम वर्षों में गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया है, गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनकर, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करके और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करके उन्होंने गरीब उन्मूलन की योजनाओं को जमीन पर उतारा है। मोदी सरकार ने गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। उनकी दृष्टि में गरीबी को खत्म करना सिर्फ गरीबों की मदद करना नहीं है-बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है।

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार रोजगार में वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी जबरदस्त प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को बढ़ाया है। डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम जन तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें प्रमुख राज्यों ने गरीबी में कमी लाने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और बंगाल में 2011-12 में देश के 65 फीसदी अत्यंत गरीब लोग थे। इन पांच राज्यों ने ही 2022-23 तक गरीबी कम करने में दो-तिहाई का योगदान दिया है।

विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत से गरीबी उन्मूलन की योजनाओं एवं सोच से प्रेरणा लेने की बात कही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की 45 प्रतिशत आबादी गरीबी में है। भारत की गरीबी दर 5.3 प्रतिशत और पाकिस्तान की 42.4 प्रतिशत है। इसका सबसे बड़ा कारण पाक अपना सारा ध्यान आतंकवाद एवं आतंकवादियों के पोषण पर देता है, गरीबी दूर करना उसकी योजनाओं एवं नीतियों में दूर-दूर तक नहीं है। इसीलिए भारत ने वैश्विक मंचों पर पाक पर यह आरोप भी लगाया है कि वह अंतर्राष्ट्रीय सहायता का दुरुपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। भारत ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे पाक को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करें, क्योंकि इसका उपयोग आम लोगों के कल्याण के बजाय सैन्य खर्च और आतंकवादी गति. विधियों में हो रहा है। हाल के पाहलगाम हमले के बाद भारत ने इस मुद्दे को और जोरदार तरीके से उठाया, जिसमें उसने पाक के सैन्य बजट में 18 प्रतिशत वृद्धि और सामा. जिक कल्याण पर कम खर्च को उजागर किया। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। पाक में यही स्थितियां देखने को मिल रही है। आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिए जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किए हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिए भी व्यापक योजनाएं बनाई गई है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है।

निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। गरीबी-अमीरी के बीच के बढ़ते फासले को कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। अब तक यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा बनी रही है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए थी। एक बड़ा प्रश्न था कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए सर्वोदय की बात की, लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया था। गरीबी हटाओ में गरीब हट गए। अब तक जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते थे, वे सत्ता प्राप्त कर सकते थे, लेकिन अब मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए सार्थक प्रयत्न कर रही है। मोदी सरकार की तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने गरीब वर्ग को लाभान्वित किया है। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिए गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिए सम्मान, समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थाई रूप से कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**महाराष्ट्र में जब भी बारिश होती है, तो लोनावला से लेकर माथेरान और महाबलेश्वर जैसी जगहों पर पर्यटकों की भीड़ लगने लगती है। वहीं महाराष्ट्र की फेमस जगहों से दूसर संगमेश्वर एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है।**

# वीकेंड में संगमेश्वर घूमने का बनाएं प्लान

महाराष्ट्र हमारे देश का एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य है। महाराष्ट्र एक ओर से अरब सागर और दूसरी ओर से सतपुड़ा पर्वतमाला से घिरा हुआ है। यह एक ऐसा राज्य है, जो रिमझिम बारिश में पर्यटन हब का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है। महाराष्ट्र में जब भी बारिश होती है, तो लोनावला से लेकर माथेरान और महा. बलेश्वर जैसी जगहों पर पर्यटकों की भीड़ लगने लगती है। वहीं महाराष्ट्र की फेमस जगहों से दूसर संग. मेश्वर एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। वहीं हल्की रिमझिम बारिश में संगमेश्वर की खूबसूरती किसी हसीन खजाने से कम नहीं लगती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको संगमेश्वर की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।

### महाराष्ट्र में संगमेश्वर

संगमेश्वर की खासियत और खूबसूरती बेहद कमाल की है। यह रत्नागिरी में स्थित एक खूबसूरत और मनमोहक जगह है। संग. मेश्वर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से करीब 284 किमी, पुणे से 247 किमी और कोल्हापुर से करीब 120 किमी दूर है।

### क्यों फेमस है संगमेश्वर

महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में स्थित संगमेश्वर भले ही एक छोटा सा शहर है, लेकिन यह जगह अपने धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व और खूबसूरत पर्यटन स्थलों के लिए पूरे राज्य में फेमस है। खासकर यह जगह संगमेश्वर मंदिर और संगमेश्वर शहर के लिए फेमस है। जोकि भगवान शिव को समर्पित है। संगमेश्वर महाराष्ट्र का एक ऐसा शहर है, जो शास्त्री नदी और सोनावी नदी के संगम पर स्थित है। इसके चलते यहां पर रिमझिम बारिश में राज्य के हर कोने से लोग घूमने के लिए आते हैं। इस स्थान को रत्नागिरी का छिपा हुआ खजाना भी माना जाता है। वहीं गमेश्वर वहीं स्थान है, जहां पर औरंगजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज को बंदी बनाया था।

### पर्यटकों के लिए क्यों खास है ये जगह

संगमेश्वर का इतिहास प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। रिमझिम बारिश में स्थित वॉटरफॉल से लेकर घास के मैदान और नदियों की खूबसूरती इस जगह को बेहद खूबसूरत बनाने का काम करती है। संगमेश्वर की हरियाली देखते ही बनती है। संग. मेश्वर अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। शहर की भाग-दौड़ भरी जिंदगी से दूर संगमेश्वर में आप सुकून के कई पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। संगमेश्वर अपनी खूबसूरती के साथ ही एडवेंचर एक्टिविटी के लिए भी जाना जाता है। कई लोग मानसून में यहां पर सिर्फ ट्रेकिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं।

### संगमेश्वर मंदिर

संगमेश्वर के सबसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में संगमेश्वर मंदिर काफी फेमस है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। पहाड़ी की चोटी पर स्थित होने के कारण पर्यटक यहां घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मंदिर के आसपास से बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। कर्णेश्वर मंदिर को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं और यह मंदिर भी भगवान शिव को समर्पित है।



### मार्लेश्वर वॉटरफॉल

संगमेश्वर के पहाड़ों में स्थित मार्लेश्वर एक फेमस और खूबसूरत वॉटरफॉल है। मानसून में यहां सिर्फ स्थानीय पर्यटक नहीं बल्कि अन्य कई शहरों से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह वॉटरफॉल प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहां के आसपास की हरियाली पर्यटकों को खूब आकर्षित करती है। इसके साथ ही आप छत्रपति संभाजी महाराज की समाधि को एक्सप्लोर करना न भूलें।

# 2018 से 2023 के बीच पशुओं से इंसानों में फैले थे 8% संक्रामक रोग

भारत में 2018 से 2023 के बीच इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम द्वारा दर्ज 8.3 फीसदी प्रकोप जानवरों से इंसानों में फैले थे। गौरतलब है कि जानवरों से इंसानों में फैलने वाली इन बीमारियों को जूनोटिक डिजीज के रूप में जाना जाता है। इनमें कोविड-19 जैसी महामारियां भी शामिल हैं। यह जानकारी इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी द्वारा किए एक नए विश्लेषण में सामने आई है। इस विश्लेषण के नतीजे अंतराष्ट्रीय जर्नल द लांसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया में प्रकाशित हुए हैं। गौरतलब है कि अपने इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 2018 से 2023 के बीच इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी) के तहत रिपोर्ट हुए कुल 6,948 प्रकोपों का विश्लेषण किया है। इनमें से 583 यानी 8.3 फीसदी प्रकोप जूनोटिक थे। मतलब कि इस दौरान हर महीने औसतन सात जूनोटिक प्रकोप सामने आए। शोधकर्ताओं ने पाया है कि हर साल जून से अगस्त के बीच यह प्रकोप अपने चरम पर होते हैं। चिंता की बात यह है कि इन प्रकोपों में साल दर साल वृद्धि दर्ज की गई है।

**पूर्वोत्तर भारत रहा सबसे ज्यादा प्रभावित**

अध्ययन में यह भी सामने आया है कि इन जूनोटिक बीमारियों में जापानी इंसेफेलाइटिस सबसे आम था, जो कुल जूनोटिक प्रकोपों का 29.5 फीसदी था। इसके बाद लेप्टोस्पायरोसिस (18.7 फीसदी) स्क्रब टायफस (13.9 फीसदी) का स्थान रहा। वहीं भारत में क्षेत्रीय आधार पर देखें तो देश के पूर्वोत्तर हिस्से में सबसे ज्यादा 35.8 फीसदी प्रकोप सामने आए हैं। वहीं इसके बाद दक्षिण भारत (31.7 फीसदी) और पश्चिम भारत (15.4 फीसदी) में इनका सबसे ज्यादा प्रकोप देखा गया।

**देरी अभी भी बनी हुई है समस्या**

अध्ययन में यह भी सामने कुल प्रकोपों में से एक-तिहाई मामलों यानी करीब 34.6 फीसदी में रिपोर्टिंग देर से हुई थी। हालांकि, धीरे-धीरे रिपोर्ट में सुधार आया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2019 में जहां 52.6 फीसदी मामले देर से रिपोर्ट हुए थे, जबकि 2023 में यह आंकड़ा घटकर 5.2 फीसदी रह गया। हालांकि चिंता की बात यह रही कि जूनोटिक प्रकोपों के 97.2 फीसदी मामलों में कोई फॉलो-अप रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, यानी यह पता ही नहीं चला कि बाद में क्या कदम उठाए गए या रोग को कैसे नियंत्रित किया गया। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा है कि देश में खसरा, चिकनपॉक्स और डेंगू जैसी बीमारियों पर अलग-अलग विश्लेषण हुए हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर जूनोटिक प्रकोपों पर अब तक कोई समग्र अध्ययन नहीं हुआ है। यही वजह है कि उन्होंने राष्ट्रीय निगरानी प्रणाली के तहत उन क्षेत्रों को चिन्हित किया जहां जानवरों से इंसानों में फैलने वाले रोगों के प्रकोप ज्यादा सामने आए हैं। हालांकि साप्ताहिक रिपोर्टों में कई गंभीर खामियां पाई गई, खासकर फॉलो-अप जानकारी की कमी सबसे ज्यादा चिंताजनक थी। ऐसे में शोधकर्ताओं ने इन खामियों को दूर करने के लिए उन क्षेत्रों में जहां जूनोटिक रोगों का प्रकोप सबसे ज्यादा है, वहां बीमारी को ध्यान में रखते हुए विशेष निगरानी तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है। अध्ययन से पता चला है कि दुनियाभर में महामारी और प्रकोपों का बड़ा कारण नई या दोबारा से उभरती बीमारियां हैं, जिनमें से करीब दो-तिहाई रोग जानवरों से इंसानों में फैलते हैं। देखा जाए तो इसके लिए कहीं न कहीं हम इंसान ही जिम्मेवार हैं। मानव गतिविधियां और पर्यावरण में हो रहे बदलाव, जैसे कि जंगलों की कटाई और वन्यजीवों के रहने की जगह में बढ़ता दखल, इंसानों और जानवरों के बीच संपर्क को बढ़ा रहा है। इससे जूनोटिक रोगों के फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है।



**कैसे इंसानों में फैलती हैं जूनोटिक बीमारियां**

आमतौर पर यह बीमारियां तब फैलती हैं जब कोई वायरस अपने मेजबान (होस्ट) से अलग एक नया होस्ट खोजने में सक्षम हो जाता है। उदाहरण के लिए यदि कोई जानवर किसी खास वायरस से ग्रस्त है और वो किसी प्रकार इंसानों या दूसरे जानवरों के संपर्क में आता है तो वो उन्हें भी संक्रमित कर देता है। इस तरह यह बीमारियां एक से दूसरे के जरिए पूरे समाज में फैलना शुरू कर देती हैं। इस तरह का प्रसार तब ज्यादा होता है जब वायरस इंसान जैसे होस्ट के संपर्क में आता है या फिर उनमें म्यूटेशन होने लगते हैं। देखा जाए तो इंसान और जानवरों के बीच भौतिक नजदीकी इस वायरस को इंसानों में फैलने के लिए आदर्श परिस्थितियां बनाती है। पिछले 100 वर्षों से जुड़े आंकड़ों को देखें तो औसतन हर साल दो वायरस अपने प्राकृतिक वातावरण से निकलकर इंसानों में फैल रहे हैं, लेकिन प्रकृति के विनाश की बढ़ती दर इनके फैलने के खतरे को और बढ़ा रही है। ये बीमारियां पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय हैं, लेकिन कमजोर और निम्न-मध्यम आय वाले देशों में यह समस्या कहीं ज्यादा गंभीर है। इन देशों में तेजी से बढ़ती इंसानी गतिविधियों के कारण वन्यजीवों और इंसानों के बीच टकराव बढ़ रहा है, जिससे जानवरों से इंसानों में रोग फैलने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि नई उभरती जूनोटिक बीमारियां 2030 तक एक और महामारी को जन्म दे सकती हैं।

**इंसान खुद लिख रहा अपने विनाश की पटकथा**

रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण में लगातार हो रहे बदलावों ने प्रजातियों के आवास क्षेत्रों को बुरी तरह प्रभावित किया है। इसकी वजह से प्रजातियों के बीच नए संपर्क पैदा हो रहे हैं, जिससे जानवरों से इंसानों में बीमारियों के फैलने यानी श्जूनोटिक स्पिलओवरश का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि यह जूनोटिक स्पिलओवर एक और महामारी को जन्म दे सकते हैं। रिपोर्ट में कोविड-19, इबोला, एच 5 एन 1, मर्स, निपाह, सार्स और इन्फ्लूएंजा ए/एच1एन1 जैसे पिछले प्रकोपों पर संज्ञान लिया गया है, जिनके कारण बड़े पैमाने पर इंसानी जीवन और आर्थिक नुकसान हुआ है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा 2022 में आयोजित अनिल अग्रवाल डायलॉग में सीएसई के सतत खाद्य प्रणाली के कार्यक्रम निदेशक अमित खुराना ने जानकारी देते हुए बताया था कि जूनोटिक बीमारियों का खतरा जलवायु परिवर्तन के कारण और अधिक बढ़ गया है। उनके मुताबिक मनुष्यों में 60 फीसदी से अधिक संक्रामक रोग जूनोटिक हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जूनोटिक की वजह से 260 करोड़ लोग प्रभावित हो रहे हैं और साथ ही हर साल इनकी वजह से 30 लाख लोगों की जान जा रही है। जर्नल बीएमजे ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन के मुता. बिक कुछ जूनोटिक बीमारियां 2050 तक 12 गुणा ज्यादा लोगों की जान ले सकती हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों के अनुसार इन बीमारियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य पर मंडराते इस खतरे को सीमित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की दरकार है।

**...साभार डीटीई**

# अमेरिकी एयरपोर्ट पर भारतीय छात्र को जमीन पर पटका, हथकड़ी लगाई

## स्टूडेंट चिल्लाता रहा: पागल नहीं हूं, भारत डिपोर्ट किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूजर्सी में एक भारतीय छात्र को न्यूयार्क एयरपोर्ट पर अपराधियों की तरह जमीन पटका गया और फिर हथकड़ी लगाकर भारत डिपोर्ट किया गया। भारतीय मूल के अमेरिका बिजनेसमैन कुनाल जैन ने रविवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

जैन ने एक्स पर लिखा-मैंने न्यूअर्क एयरपोर्ट पर एक युवा भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर, रोते हुए, अपराधी की तरह ट्रीट होते देखा। वो अपने सपनों को सच करने आया था, किसी को नुकसान पहुंचाने नहीं। एक एनआरआई होने के नाते, मैं खुद को कमजोर और टूटा हुआ महसूस कर रहा हूं। जैन के बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं, ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। उन्होंने आगे कहा-ये बच्चे वीसा लेकर सुबह फ्लाइट से आते हैं। किसी कारण से इमिग्रेशन अथॉरिटीज को अपना आने का



**■ जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की**
**■ यह घटना ऐसे वक्त पर हुई है, जब अमेरिकी सरकार अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर सख्ती बढ़ा रही है**

कारण समझा नहीं पाते और शाम की फ्लाइट से हाथ-पैर बांधकर, मुजरिमों की तरह भेज दिए जाते हैं। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे केस ज्यादा बढ़ गए हैं। जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने लिखा-किसी को पता लगाना चाहिए कि इस छात्र का क्या हो रहा है। यह घटना ऐसे वक्त पर हुई है, जब अमेरिकी सरकार अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर सख्ती बढ़ा रही है और बिना नोटिस के वीज़ा रद्द कर रही है। फलस्तीन के समर्थन से लेकर ट्रैफिक उल्लंघन तक, अलग-अलग वजहों से छात्र कानूनी मुश्किलों में पड़ जाते हैं। अमेरिकी सरकार ने दो हफ्ते पहले विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा इंटरव्यू पर रोक लगा दी है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे लेकर एक आदेश जारी किया था। आदेश का मकसद देश की यूनिवर्सिटीज में यहूदी विरोध और वामपंथी विचारों को रोकना था। रुबियो ने दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों को आदेश जारी कर कहा-वे स्टूडेंट वीजा के लिए नए इंटरव्यू शेडयूल न करें, क्योंकि ट्रम्प सरकार अमेरिका आने वाले छात्रों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच को और सख्त करने जा रही है। उन्होंने आगे कहा: तत्काल प्रभाव से कांसुलर सेक्शन आगे के दिशानिर्देश जारी होने तक स्टूडेंट या एक्सचेंज विजिटर (एफ, एम और जे) वीजा के लिए नए अपॉइंटमेंट की इजाजत नहीं दे। ट्रम्प प्रशासन ने कहा है कि कोई विदेशी छात्र बिना जानकारी कोर्स छोड़ता है, क्लास नहीं जाता या पढ़ाई बीच में छोड़ता है, तो उसका स्टूडेंट वीसा रद्द किया जा सकता है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में जारी कर इसकी जानकारी दी। दूतावास ने किसी भी समस्या से बचने के लिए हमेशा अपने वीजा शर्तों का पालन करने के लिए कहा। दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ लगभग 850 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट रद्द करने की तैयारी कर रहा है सरकार पहले ही इस आइवी लीग स्कूल के लिए 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की मदद रोक चुकी है।



नई दिल्ली। चाणक्यपुरी स्थित संजय कैंप में गर्मी के दिनों में जल संकट के बीच टैंकर से पीने का पानी भरते और खेलते बच्चे।

## रूस ने 1212 यूक्रेनी सैनिकों के शवों को अदला-बदली स्थल पर पहुंचाया

**मॉस्को।** रूस ने इस्तांबुल समझौते के अनुसार सीमा के अदला-बदली स्थल पर यूक्रेन के 1212 सैनिकों के शवों पहुंचाया है। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्जेंडर जोरिन ने रविवार को यह जानकारी दी। लेफ्टिनेट जनरल जोरिन, जो रूसी वार्ता समूह के प्रतिनिधि भी हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने संपर्क नहीं किया है, इसलिए शवों का स्थानांतरण और कैदियों की अदला-बदली अभी तक नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से आदान-प्रदान की प्रक्रिया के लिए स्थल पर प्रतीक्षा कर रहे कुछ विदेशी मीडिया प्रतिनिधियों ने शवों को ले जा रहे कुछ रेफ्जिरेटेड ट्रकों की जांच की है। लेफ्टिनेंट जनरल जोरिन ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों के अधिक शवों वाली ट्रेनें जल्द सीमा की ओर बढ़ना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि रूस अगले सप्ताह यूक्रेनी सैनिकों के शवों को स्थानांतरित करने के लिए यूक्रेन की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहा है। यह घटना दोनों पक्षों के बीच कैदियों की अदला-बदली को लेकर चल रहे विवाद के बीच हुई।

# अमेरिका ने नहीं आने दिया 12 देशों के नागरिकों को, सात देशों पर आंशिक प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आज से 12 देशों के नागरिकों की एंट्री पर बैन लागू हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 4 जून को इसे लेकर एक आदेश जारी किया था, जो आज 9 जून से लागू होगा।

12 देशों के अलावा 7 देशों के नागरिकों पर आज से आंशिक रोक लागू होगी। ये इमिग्रेशन और नान-इमिग्रेशन दोनों तरह के वीजा पर लागू होगी। ट्रम्प ने अपने इस फैसले के पीछे अमेरिकी लोगों की सुरक्षा और जान की हिफाजत का हवाला दिया था। ट्रम्प ने 4 जून को कहा था कि अमेरिका को ऐसे विदेशी नागरिकों से सुरक्षित रखना जरूरी है जो आतंकवादी हमले करने, राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने, नफरत फैलाने या इमिग्रेशन कानूनों का गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं।

**ट्रम्प ने सुरक्षा की दी दुहाई**

**ट्रम्प ने 4 जून को कहा था कि अमेरिका को ऐसे विदेशी नागरिकों से सुरक्षित रखना जरूरी है जो आतंक फैलाने की कोशिश करते हैं**




अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक पूर्ण बैन का मतलब है कि उस देश के अधिकतर नागरिकों का अमेरिका में प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित होता है। इनमें टूरिस्ट वीजा, स्टूडेंट वीजा, वर्क वीजा और इमिग्रेंट वीजा चाहने वाले लोग शामिल होते हैं। वहीं, आंशिक बैन का मतलब है कि उस देश के नागरिकों पर कुछ खास प्रकार के वीजा या एंट्री पर रोक लगाई जाती है, बाकी पर नहीं। यानी इमिग्रेंट वीजा नहीं मिलेगा, लेकिन टूरिस्ट वीजा मिल सकता है। स्टूडेंट्स को परमिशन मिलेगी, लेकिन वर्क वीजा पर रोक रहेगी। ट्रम्प ने 4 जून को दूसरे देशों के नागरिकों को वीजा जारी करते वक्त सावधानी बरतने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि वीजा जारी करते वक्त ध्यान रखना चाहिए कि ऐसे लोग अमेरिका न आ सकें, जो अमेरिकियों या देश के हितों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# इमरान की 11 जून को रिहाई की उम्मीद

## पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान ने किया दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक शीर्ष नेता ने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जल्द जेल से रिहा हो सकते हैं। उनकी इस बात से संकेत मिलता है कि सेना प्रमुख असीम मुनीर आखिरकार खान के सामने झुक सकते हैं।

न्यूज एजेंसी 'पीटीआई' के मुताबिक, पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान ने दावा किया अगस्त 2023 से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद इमरान खान को 11 जून को जमानत मिल सकती है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ दिन पहले ही इमरान खान ने खुद को पीटीआई का संरक्षक घोषित किया था और जेल से ही राष्ट्रव्यापी आंदोलन का एलान किया था। गौहर का दावा उन खबरों के बाद भी आया है, जिनमें कहा गया कि इमरान की रिहाई को लेकर पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है। हालांकि, इमरान खान ने खुद इन खबरों को सिरे से खारिज किया है। जनता में इमरान खान के लिए बढ़ते समर्थन और जेल से ही देशव्यापी आंदोलन का नेतृत्व करने के उनके फैसले ने सेना प्रमुख असीम मुनीर पर दबाव बढ़ा दिया है। पहले से ही 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते बैकफुट पर चल रहे मुनीर अब इमरान के सामने पीछे हटते दिख रहे हैं। हालांकि, इमरान खान ने अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं कहा है। लेकिन गौहर अली खान ने कराची के एआरवाई न्यूज के हवाले से कहा कि 11 जून का दिन इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों के लिए अहम होगा। गौहर ने यह भी स्पष्ट किया कि इमरान खान की रिहाई किसी भी समझौते के तहत नहीं होगी। इस्लामाबाद हाईकोर्ट पहले ही अल-कादिर ट्रस्ट मामले की सुनवाई

**■ हालांकि, इमरान खान ने खुद इन खबरों को सिरे से खारिज किया**

को 11 जून तक के लिए टाल चुकी है। इमरान खान पर कई केस चल रहे हैं और वह अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। वह अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हैं।

उनकी पार्टी पीटीआई लगातार प्रदर्शन करती रही है, जिसमें नवम्बर 2024 में इस्लामाबाद की घेराबंदी भी शामिल थी। जनवरी 2024 में इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई थी। उन पर राज्य को मिले तोहफों को गैरकानूनी तरीके से बेचने का आरोप है। इमरान खान का असीम मुनीर से टकराव लंबे समय से चला आ रहा है। वह मुनीर पर उनकी सरकार गिरवाने और उन्हें जेल भिजवाने का आरोप लगाते हैं। खान का कहना है कि बुशरा बीबी की गिरफ्तारी भी मुनीर की निजी दुश्मनी का नतीजा है। उन्होंने इसे 'बदले की भावना' बताया था और कहा था कि जेल में उनकी पत्नी के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। गौहर अली खान का यह दावा कि खान को 11 जून को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में जमानत मिल सकती है, तब आया है जब इमरान ने हाल ही में खुद को पीटीआई का संरक्षक घोषित किया है।





# लॉस एंजिल्स में हिंसा, झंडे पर थूका, सैकड़ों गाड़ियां जलाई

## दुकानों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लूट-पाट की

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अवैध प्रवासियों पर हो रही कार्रवाई के विरोध में चल रहा प्रदर्शन बीते दो दिनों से हिंसक हो गया है। उपद्रवियों ने शहर की सड़कों को जाम कर, सैकड़ों गाड़ियों में आग लगा दी। दुकानों और शापिंग काम्प्लेक्स में लूट-पाट की है। शहर के एक चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी झंडे पर थूका और उसे जला दिया। कई इलाकों में उपद्रवियों ने सुरक्षाबलों पर पत्थर और पटाखे फेंके।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने लॉस एंजिल्स में हो रहे प्रदर्शनों को रोकने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को आदेश दिया है कि जो लोग प्रदर्शन के दौरान मास्क पहन रहे हैं, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि अब से किसी भी प्रदर्शन में मास्क पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमेरिका के लॉस एंजिल्स शहर में सरकार की आव्रजन नीतियों के

**■ मास्क पहनने वालों की तुरंत गिरफ्तारी का आदेश**

खिलाफ 3 दिन से हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। उपद्रवियों ने पूरे शहर में कई सड़कों पर आगजनी की है। इस दौरान सैकड़ों गाड़ियों को आग के हवाले किया है। कई प्रदर्शनकारी अमेरिकी झंडे पर थूकते और जलाते भी नजर आए। प्रदर्शनकारी मास्क पहनकर सड़कों पर उतर रहे हैं ताकि वे सुरक्षा कैमरों से बच सकें। ट्रम्प ने लॉस एंजिल्स में फैली हिंसा और तोड़फोड़ के बाद वहां तैनात किए गए नेशनल गार्ड के जवानों की तारीफ भी की है। ये जवान आमतौर पर राज्य के गवर्नरों के आदेश पर बुलाए जाते हैं, लेकिन इस बार ट्रम्प ने खुद उनकी तैनाती कर दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि शहर पर अवैध प्रवासियों का कब्जा है, इसे जल्द आजाद कराया जाएगा। उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर एक्शन लेने की बात भी कही है।

# इजरायल ने ग्रेटा थनबर्ग के जहाज को कब्जे में लिया

**तेल अवीव।** इजरायल ने स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता और नोबेल पीस प्राइज विजेता ग्रेटा थनबर्ग और उनके जहाज को कब्जे में ले लिया है। सोमवार तड़के इजरायल की 5 स्पीड बोट्स ने जहाज को घेर लिया। इसके बाद सैनिकों ने जहाज पर चढ़कर उसे अपने कंट्रोल में ले लिया।

यह जहाज गाजा के लोगों के लिए राहत सामग्री लेकर जा रहा था। मैडलीन नाम के इस जहाज पर 12 लोग सवार हैं। सभी सेना की हिरासत में हैं। इस जहाज को गाजा की जगह इजरायल ले जाया गया। इन सभी कार्यकर्ताओं को अशदोद पोर्ट लाया गया है। यह इजरायल के पश्चिम में एक अहम पोर्ट है। गाजा से इसकी दूरी 27 किमी है। ग्रेटा थनबर्ग और बाकी लोगों को हमास



**■ हिरासत में लिए स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता इजरायली सेना हमास हमले का वीडियो दिखाएगी**

के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का वीडियो दिखाया जाएगा। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सेना को यह आदेश दिया है। इजरायली सैनिकों के पहुंचने के बाद जहाज पर सवार सभी कार्यकर्ताओं ने इमरजेंसी से निपटने के लिए लाइफ जैकेट पहन लिए थे। काट्ज ने यह आदेश देते हुए खासतौर पर थनबर्ग का नाम लिया। उन्होंने कहा कि ग्रेटा और उनके हमास समर्थक साथियों को देखना चाहिए कि हमास असल में क्या है और उन्होंने कैसे इजरायल की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को मारा। 43 मिनट के इस वीडियो में दिखाया गया है कि हमले के दौरान किस तरह निर्दोष लोगों की हत्या की गई और उनके शवों के साथ क्या क्रूरता हुई। वीडियो की फुटेज आतंकवादियों के बाडीकैम से ली गई है और इसमें किसी भी फुटेज को सेंसर नहीं किया गया है।

# बम की धमकी के बाद गल्फ एयर विमान कुवैत में सुरक्षित उतरा

**कुवैत सिटी।** कुवैत में गल्फ एयर के एक विमान को उडान भरने के कुछ समय बाद बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर लिया गया है। विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। कुवैत के विमानन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी।

कुवैत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बयान में कहा कि उड़ान जीएफ213 के आगमन पर पूरी सुरक्षा जांच की गई और डीजीसीए और आंतरिक मंत्रालय के समन्वय में आपातकालीन प्रक्रियाएं सक्रिय की गईं। बयान में कहा गया कि रविवार को सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और

**■ संदिग्ध को लिया हिरासत में**


किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। साथ ही कहा गया कि यात्रियों को हवाई अड्डे के निर्दिष्ट लाउंज में ले जाया गया और उनकी हालत अच्छी है। डीजीसीए के प्रवक्ता अब्दुल्ला अल राजी ने कहा कि इस घटना से हवाई अड्डे के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा और उड़ानें निर्धारित समय पर जारी रहीं। सुरक्षा टीमों ने मानक आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुरूप विमान की गहन जांच की और एहतियात के तौर पर यात्रियों को उतार दिया गया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि बम की धमकी देने वाले व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है।

## अमेरिकी संसद में मस्क पर इशारा करते हुए स्पीकर की दो टूक

# मस्क के लिए कानून नहीं बदलूंगा

**वाशिंगटन।** स्पीकर माइक जॉनसन ने साफ कर दिया कि वह एलन मस्क के खिलाफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हैं। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के टैक्स और बजट विधेयक की आलोचना की थी, लेकिन जॉनसन ने कहा कि मस्क की आलोचना से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने जीओपी-नियंत्रित कांग्रेस पर मस्क के प्रभाव को कम करके आंका।

एक टीवी शो में जॉनसन ने कहा कि मैं दुनिया के सबसे अमीर आदमी को खुश करने के लिए कानून नहीं बनाऊंगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा मकसद मेहनत करने वाले आम अमेरिकियों की मदद करना है। जो अपने परिवारों के लिए प्रावधान करने और गुजारा करने की कोशिश कर रहे हैं। जॉनसन ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प के सरकारी दक्षता विभाग के पूर्व प्रमुख मस्क से कुछ टेक्स्ट संदेशों का आदान-प्रदान किया, जब



**■ मस्क पर स्पीकर ने कसा बड़ा तंज**

मस्क ने जीओपी बिल को 'घटिया' कहा और कहा कि इससे अमिरेका का कर्ज और भी बढ़ेगा। मस्क ने कैपिटल हिल में मतदाताओं से इस बिल के खिलाफ वोट करने की अपील की, जो सदन से पारित होने के बाद सीनेट में लंबित है। मस्क की इस आलोचन से राष्ट्रपति ट्रम्प भी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें मस्क के साथ अपने संबंधों को सुधारने की कोई इच्छा नहीं है। स्पीकर जॉनसन ने रिपब्लिकन नेताओं के खिलाफ डेमोक्रेट्स को फंड देने की मस्क की धमकियों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस के किसी भी रिपब्लिकन सदस्य की ओर से कोई चिंता नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि लोग प्रतीक्षा करने और देखने का रवैया अपना रहे हैं। कुछ लोग उनके कुछ तर्कों से सहमत हो सकते हैं, लेकिन बाकी लोग समझते हैं कि यह एक बहुत ही रोमांचक कानून है। स्पीकर जॉनसन ने कहा कि मस्क को सही जानकारी नहीं है, और जो रिपोर्ट कहती है कि इस बिल से अमेरिका का कर्ज 2.4 ट्रिलियन डॉलर और बढ़ेगा, वह रिपोर्ट गलत आधार पर बनाई गई है। उन्होंने तर्क दिया कि कम टैक्स और खर्च की कटौती से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और इससे आगे चलकर घाटा भी कम हो सकता है।

# ईरान में सड़क पर कुत्ता घुमाने पर बैन

**तेहरान।** ईरान के 20 शहरों में पार्क या फिर सड़कों पर लोगों के कुत्ते टहलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, सरकार ने यह कदम लोगों की सेहत, समाज में शांति और सुरक्षा के लिए उठाया गया है।

यह बैन 6 जून से लागू हो गया है। एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि जो लोग इस नियम का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह का नियम पहले 2019 में तेहरान में भी लागू किया गया था। अब यह इस्फहान और केरमान जैसे बड़े शहर में भी लागू हो गया है। ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से कुत्ते पालने और उन्हें सार्वजनिक तौर पर

**■ लोगों की सुरक्षा के लिए 20 शहरों में नियम लागू**

घुमाना एक विवाद का विषय रहा है। कुछ अधिकारी मानते हैं कि कुत्ते पालने की आदत पश्चिमी देशों की संस्कृति का हिस्सा है और इसे ईरानी संस्कृति के लिए खतरा माना जाता है। वहीं, कई धार्मिक नेता मानते हैं कि कुत्तों को छूना या उनकी लार से संपर्क में आना धार्मिक रूप से गंदा होता है। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई ने 2017 में कहा था कि सिर्फ चरवाहों, शिकारी या सुरक्षा के लिए कुत्ता पालना सही है। हालांकि इन्हें लेकर कोई सख्त कानून नहीं है, जो कुत्तों को पालने से पूरी तरह रोके।